01 मई, 2025
वैशाख, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 191

हजारों पाकिस्तानी महिलाएं शॉर्ट टर्म वीजा पर भारत आयीं, निकाह किया, लॉन्ग टर्म वीजा अप्लाई किया



## छुट्टी की सूचना

मजदूर दिवस के मौके पर गुरुवार 01 मई 2025 को आजाद सिपाही कार्यालय में अवकाश रहेगा। इस कारण अगला अंक शनिवार 03 मई 2025 को प्रकाशित होगा।
- प्रबंधक

### दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस, सीसीपीए, सीसीइए और कैबिनेट की बैठक

# पाकिस्तान के 'भाग्य' के फैसले की आ रही घड़ी

- सीजफायर तोड़ने पर भारत ने पाकिस्तान को चेतावनी दी
- पाकिस्तान ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर चौकियां खाली की

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/जम्मू कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के बाद भारत ने आतंकी और उसके आकाओं को जमींदोज करने की तैयारी शुरू कर दी है। केंद्र की मोदी सरकार अब फुल एक्शन में नजर आ रही है। दिल्ली में बुधवार को बड़ी हलचल रही। दिल्ली में लगातार उच्चस्तरीय बैठकें हो रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को चार उच्च स्तरीय बैठकें हुईं। सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति (सीसीएस), राजनीतिक मामलों की कैबिनेट कमेटी (सीसीपीए), कैबिनेट की आर्थिक मामलों की कमेटी (सीसीइए) और कैबिनेट की बैठक हुई। इन बैठकों में आतंकवादियों और उनके आकाओं के खिलाफ कदम उठाने से पहले हर परिस्थिति से निपटने की समीक्षा की गयी। प्रधानमंत्री ने देर रात एक बार फिर गृह मंत्री राजनाथ सिंह और सेना प्रमुखों के साथ बैठक की। माना जा रहा है कि जल्द ही पाकिस्तान के 'भाग्य' का फैसला होगा। बताते चलें कि



मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुखों सहित शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की थी। इसमें पीएम ने आतंक के खिलाफ कार्रवाई के लिए सेनाओं को अपने फैसले लेने की छूट दे दी। प्रधानमंत्री ने कहा था कि सेना को पूरी छूट है। वह टारगेट, समय और तरीका तय करे। उधर, पाकिस्तान एक तरफ इंटरनेशनल बॉर्डर पर चौकियां खाली कर दी हैं, तो दूसरी तरफ सीजफायर का उल्लंघन कर रहा। भारत ने पाकिस्तान को सीजफायर का उल्लंघन के लिए चेतावनी भी दी है।

### इंटरनेशनल बॉर्डर से पाक ने झंडे हटाये

जम्मू। पहलगाम हमले के आठ दिन बाद बुधवार को पाकिस्तानी सेना ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर कई पोस्ट खाली कर दी है। पाकिस्तानी सेना ने इन पोस्ट से झंडे भी हटा लिये हैं। कठुआ के पर्गवाल इलाके में पोस्ट खाली की गयी है।

### पाकिस्तान को भारत ने दी चेतावनी

पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। सीमा पर पाकिस्तान की ओर से लगातार सीजफायर का उल्लंघन किया जा रहा है, जिसका भारत ने माकूल जवाब दिया है। अब भारत ने पाकिस्तान की ओर की जा रही गोलीबारी पर आपत्ति दर्ज करायी है। भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों ने हॉटलाइन पर बातचीत की। भारत ने नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सेना द्वारा बिना उकसावे के किये जा रहे संघर्ष विराम उल्लंघन के खिलाफ पाकिस्तान को चेतावनी दी है।

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का नये सिरे से गठन

### आलोक जोशी को बनाया गया चेयरमैन

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (एनएसएबी) का नये सिरे से गठन किया है। रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख रहे आलोक जोशी को इसका नया चेयरमैन बनाया गया है। एनएसएबी में छह सदस्य भी होंगे। इनमें आर्मी, नेवी और एयरफोर्स के पूर्व अफसर शामिल हैं। साथ पूर्व डिप्लोमैट और पूर्व आइपीएस अफसर को भी इसमें शामिल किया गया है। सरकार ने ये फैसला पहलगाम आतंकी हमले को देखते हुए लिया है। एनएसएबी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय को इनपुट देगा। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई सुरक्षा पर कैबिनेट कमेटी (सीसीएस) की बैठक में यह



फैसला लिया गया।

**क्या है राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड:** सीसीएस को पहली बार 1998 में गठित किया गया था। इसे लांग टर्म स्ट्रैटजिक एसेसमेंट का काम दिया गया। यह भी तय किया गया कि एनएसएबी महत्वपूर्ण मुद्दों पर राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) को सलाह देगा। 2018 में बोर्ड का एक बार फिर गठन किया गया, तब भारत के रूस में राजदूत रहे पीएस राघवन को इसका प्रमुख बनाया गया था।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक्शन लें : राहुल



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। पहलगाम हमले पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि जिन लोगों ने यह किया, वे जहां भी हैं, उन्हें भुगतना होगा। सरकार को विपक्ष का 100 फीसदी समर्थन है। नरेंद्र मोदी को एक्शन लेना होगा और वह भी सख्त। सरकार को समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। राहुल बुधवार को दिल्ली में एक प्रेस कांफ्रेंस बोल रहे थे। राहुल गांधी ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि जिन लोगों ने ये किया है, जो भी इसमें शामिल हैं, वो कहीं भी हों, उन्हें अंजाम भुगतना पड़ेगा। हिंदुस्तान के साथ ऐसा नहीं किया जा सकता। पहलगाम में आतंक को अंजाम देने वालों को भुगतना होगा। इसके पहले वे कानपुर में पहलगाम में मारे गये शुभम द्विवेदी के परिवार से मिले। राहुल गांधी ने आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष उठायेंगे और इसके लिए उन्हें पत्र भी लिखेंगे।

### बायसरन घाटी में 40 कारतूस मिले

जम्मू-कश्मीर। पहलगाम अटैक की जांच कर रही एनआइएलगातार तीसरे दिन हमले का सीन री-क्रिएट किया। एनआइए की टीम लोकल सपोर्ट का पता लगाने की कोशिश कर रही है। इसके लिए 24 घंटे फोरेंसिक टीम साथ में मौजूद है। उधर टीम को बायसरन घाटी से 40 कारतूस मिले हैं। एनआइए के साथ फोरेंसिक टीम के दो सदस्य भी जांच कर रहे हैं। ये सदस्य लोकल पुलिस और सीआरपीएफ की मदद से घने जंगलों में भी सबूत इकट्ठा कर रहे हैं।

### पाकिस्तान बॉर्डर पर एंटी ड्रोन सिस्टम लगेगा

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने बुधवार को कहा कि पाकिस्तान से जुड़े बॉर्डर पर एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात किया जायेगा। राज्य सरकार ने पहलगाम हमले के बाद यह फैसला लिया है। पंजाब के मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि इस सिस्टम से ड्रग्स और हथियारों की सप्लाई रोकी जा सकेगी। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां किसी भी तरह की घुसपैठ पर नजर रख सकेंगी और उसको नाकाम कर सकेंगी।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

### कैबिनेट की बैठक में लिया गया फैसला

## मोदी सरकार जाति जनगणना करायेगी

- मूल जनगणना के साथ ही होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने जातिगत जनगणना को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का एलान कर दिया है। यह जनगणना मूल जनगणना के साथ ही करायी जायेगी। कैबिनेट की बैठक के बाद मंत्रिमंडल के फैसलों पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने बुधवार को फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए।

**कांग्रेस ने हमेशा विरोध किया है :** वैष्णव ने कहा कि कांग्रेस और पूर्ववर्ती सरकारों ने हमेशा से ही जातिगत जनगणना का विरोध किया है। आजादी के बाद से ही जाति को जनगणना की किसी भी प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया। 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया था कि जातिगत जनगणना को कैबिनेट के सामने रखा जायेगा। इसके बाद एक मंत्रीमंडल समूह का गठन किया गया। इसमें ज्यादातर राजनीतिक दलों ने जातिगत जनगणना की संस्तुति की। इसके बावजूद भी कांग्रेस ने महज खानापूर्ति का ही काम किया। उसने महज सर्वे कराना ही उचित समझा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऐसे सर्वेक्षणों ने समाज में भ्रांति फैलायी है। हमें जाति जनगणना के लिए एक मंच तैयार करना चाहिए।

### असम-मेघालय के बीच नया हाइवे बनेगा गन्ने के एफआरपी में किया गया इजाफा

केंद्र सरकार की कैबिनेट की बैठक में अन्य कई अहम फैसले लिये गये। सरकार ने असम और मेघालय के बीच नये हाइवे के निर्माण को मंजूरी दी है। यह हाइवे सिल्चर से शिलांग तक बनेगा। इसका निर्माण नॉर्थ इस्ट कॉरिडोर के तहत किया जा रहा है। इसके अलावा गन्ने के एफआरपी को बढ़ाने का एलान किया गया है। गन्ने की नयी एफआरपी 355 रुपये प्रति क्विंटल की गयी है।

## झारखंड में बिजली महंगी

- नयी दर आज से लागू
- औसतन 6.34 फीसदी की बढ़ोत्तरी, शहरी घरेलू उपभोक्ताओं को देने होंगे 6.85 रुपये प्रति यूनिट
- फिक्स्ड चार्ज में कोई बदलाव नहीं किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में बिजली महंगी हो गयी है। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने बुधवार को नये टैरिफ की घोषणा कर दी है। बिजली की नयी दर 1 मई यानी गुरुवार से लागू कर दी जायेगी। कीमत के लिहाज से देखें तो बिजली की कीमतों में 20 से 40 पैसे तक की बढ़ोत्तरी हुई है। वहीं फीसदी के हिसाब से देखें तो यह 6.34% महंगी हुई है। विद्युत नियामक आयोग कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में इससे संबंधित जानकारी दी गयी। राहत की बात यह है कि आयोग ने कहा है कि फिक्स्ड चार्ज में कोई वृद्धि नहीं की गयी है।

**ग्रामीण और शहरी घरेलू उपभोक्ताओं पर असर:** ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में घरेलू बिजली उपभोक्ताओं पर महंगाई की मार पड़ी है। ग्रामीण क्षेत्रों में अब प्रति यूनिट 40 पैसे ज्यादा चुकाने होंगे, जिससे दर 6.30 रुपये से बढ़ कर 6.70 रुपये प्रति यूनिट हो गयी है। वहीं, शहरी उपभोक्ताओं के लिए दर 6.65 रुपये से बढ़ कर 6.85 रुपये प्रति यूनिट कर दी गयी है। हालांकि राहत की बात यह है कि फिक्स्ड चार्ज में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**व्यावसायिक उपभोक्ताओं पर भी असर :** बिजली दरों में बढ़ोतरी का असर व्यावसायिक उपभोक्ताओं पर भी पड़ा है। ग्रामीण व्यावसायिक उपभोक्ताओं को अब प्रति यूनिट 10 पैसे अधिक, यानी 6.10 रुपये की बजाय 6.20 रुपये देने होंगे। वहीं, शहरी व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए दर 6.65 रुपये से बढ़ा कर 6.70 रुपये प्रति यूनिट कर दी गयी है।

**एचटी उपभोक्ताओं की दरों में भी बदलाव:** एचटी कैटेगरी के घरेलू कॉमर्शियल उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में बढ़ोतरी की गयी है। अब उन्हें 6.25 रुपये प्रति यूनिट के बजाय 6.40 रुपये प्रति यूनिट चुकाने होंगे। हालांकि, इस कैटेगरी में भी फिक्स्ड चार्ज यथावत रखा गया है। बिजली दरों में यह संशोधन उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार डालेगा, लेकिन फिक्स्ड चार्ज स्थिर रहने से थोड़ी राहत बनी हुई है।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
Admission Open 2025-26
Approved by BCI
LL.B. (3 Years) | B.A. LL.B. (Honours) (5 Years) | B.B.A. LL.B. (Honours) (5 Years)
Special Fetures -
Traditional and e-Library | Highly Qualified Faculty | Legal Research Cell | Separate Hostels for Boys & Girls | 23-Year of Academic Excellence | Practical court craft & moot court | 100 + Acre Green Campus
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
BCA | MCA | BBA | MBA
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY) Regular & Lateral
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE Regular & Lateral
Others Job Oriented Courses
MERIT BASED SCHOLARSHIP UP TO 30% ON TUITION FEE
B.D.S | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM
B.Sc. (Medical) | B.Sc. (MLT) | M.Sc. (MLT)
B.Ed. | D.El.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical)
PARAMEDICAL | B.A. | B.Sc. | B.Com. | M.A.
M.Sc. | M.Com. | B.Sc. (Agriculture) | B.Pharm
D.Pharm | B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc. | ITI
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
For More Details Visit : bdsu.ac.in email : bdsugarhwa@gmail.com

### सीएम विदेश दौरे से रांची लौटे

## पहलगाम घटना सूचना तंत्र के घोर अभाव का नतीजा : हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को 10 दिवसीय विदेश दौरे से रांची लौट आये। उन्होंने एयरपोर्ट पर ही पहलगाम घटना की निंदा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटलगाम घटना की जितनी भी निंदा की जाये, वो कम है, लेकिन कहीं न कहीं देश में जो सूचना तंत्र है, उसका घोर अभाव दिखा। उम्मीद कर रहे हैं कि आगे ऐसी घटना न हो।

बताते चलें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 19 अप्रैल से स्पेन और स्वीडन के दौरे पर थे।



उनके साथ विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार के अलावा 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शामिल था। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अलग-अलग सेक्टर से जुड़े दोनों देशों के व्यवसायियों से कई दौर की वार्ता की है।



मेरे प्यारे झारखण्ड वासियों
जोहार !

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**"अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 1 मई 2025 के अवसर पर झारखण्ड राज्य के सभी श्रमिक बन्धुओं को शुभकामनाएँ।"**

राज्य के मजदूरों की सुरक्षा एवं कल्याण हेतु झारखण्ड सरकार सतत् प्रयासरत है।

श्रमिक हित में विभाग द्वारा किए गए मुख्य कार्य :-

- ई-श्रमपोर्टल में 96,61,245 असंगठित श्रमिकों का निबंधन कराया गया।
- वित्तीय वर्ष-2024-25 में असंगठित श्रमिकों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत 63030 श्रमिकों को लाभान्वित करने में ₹45.75 करोड़ का व्यय किया गया।
- वित्तीय वर्ष-2024-25 में झारखण्ड राज्य के 217 अंतर्राज्यीय प्रवासी श्रमिकों की दुर्घटना / प्राकृतिक आपदा में मृत्यु होने के उपरांत उनके आश्रितों को ₹2,26,50,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी। सामान्य मृत्यु की स्थिति में कुल 239 कामगारों के आश्रितों के शव लाने हेतु ₹1,19,50,000 एवं 04 अंतर्राज्यीय प्रवासी श्रमिकों की मृत्यु के उपरांत कुल ₹20,00,000 की सहायता प्रदान की गयी।
- 31 मार्च 2025 तक 17,28,508 निर्माण श्रमिकों का निबंधन किया जा चुका है।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1,67,636 निर्माण श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं में कुल ₹1,09,22,76,891 की राशि का लाभ दिया गया।

**1 मई 2025 अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर झारखण्ड सरकार आपके स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण की कामना करती है।**

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

P.R. 351490 (Labour Employment and Traning) 25-26

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# हजारों पाकिस्तानी महिलाएं शॉर्ट टर्म वीजा पर भारत आयीं, निकाह किया, लॉन्ग टर्म वीजा अप्लाई किया

- कुछ तो ऑनलाइन निकाह कर भारत में हैं सेटल, कई पासपोर्ट रिन्यू करवाने पाकिस्तान भी जाती हैं
- धरा रहे हजारों बांग्लादेशी, कोई स्लीपर सेल्स तो कोई ड्रग्स और मानव तस्करी में शामिल
- 28 पाकिस्तानी महिलाएं विभिन्न कार्यों से पटना आयीं थीं और बस गयीं भारत में
- झारखंड में भी पाकिस्तानी दुल्हन, लॉन्ग टर्म वीजा पर आयीं, रिन्यूअल का इंतजार

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने कई कूटनीतिक कदम उठाये हैं। भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को देश से बाहर जाने का आदेश दे दिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों को कहा है कि अपने राज्यों में रह रहे पाकिस्तानियों की पहचान करायें और वीजा रद्द कर उनकी वापसी को सुनिश्चित करें। इसी बीच भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सनसनीखेज मुद्दा उठा दिया है। निशिकांत का दावा है कि भारत में शादी करके रह रहीं लगभग 5 लाख पाकिस्तानी लड़कियां अभी भी पाकिस्तानी नागरिक हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि इन दुश्मनों से कैसे लड़ा जाये।

## पाकिस्तानी नागरिकों को 16 प्रकार के वीजा

भारत सरकार अब तक पाकिस्तानी नागरिकों को 16 प्रकार के वीजा सेवाएं प्रदान करती थी। इनमें शार्क वीजा, वीजा ऑन अराइवल, बिजनेस वीजा, फिल्म वीजा, पत्रकार वीजा, ट्रांजिट वीजा, मेडिकल वीजा, कांफ्रेंस वीजा, माउंटेनरिंग वीजा, स्टूडेंट वीजा, डिप्लोमेटिक, ऑफिशियल वीजा, लॉन्ग टर्म वीजा, विजिटर वीजा, ग्रुप टूरिस्ट वीजा, धार्मिक यात्री वीजा और पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों के लिए ग्रुप धार्मिक वीजा। सरकार की नयी पॉलिसी के तहत फिलहाल अगले आदेश तक लॉन्ग टर्म वीजा धारक पाकिस्तानी नागरिक भारत में रह सकते हैं। इसके अलावा, डिप्लोमेटिक और ऑफिशियल वीजा धारक पाकिस्तानी नागरिक भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा जारी गाइडलाइंस के आधार पर भारत में रह सकते हैं। हालांकि, इस वीजा के बारे में भारतीय विदेश मंत्रालय और निर्णय ले सकता है।

## मरियम शॉर्ट टर्म वीजा लेकर भारत आयी, शादी कर ली, फौरन लॉन्ग टर्म वीजा के लिए आवेदन

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में रहने वाली पाकिस्तान की एक महिला ने भारत सरकार से गुहार लगायी है कि उसे उसके भारतीय पति के साथ भारत में ही रहने की अनुमति दी जाये। इस्लामाबाद की रहने वाली मरियम ने कहा कि उसकी शादी तीन साल पहले खुर्जा के आमिर से हुई थी। दो महीने पहले उसे वीजा मिला था और यहां आने के फौरन बाद उसने लॉन्ग टर्म वीजा के लिए आवेदन कर दिया था। उसने कहा कि वह शादी करने अपना मुल्क छोड़कर यहां आयी है। अब यही उसका मुल्क है। मरियम ने कहा कि जहां उसका पति रहता है, वही उसका देश है और वह यहां से वापस नहीं जाना चाहती। केंद्र सरकार के आदेश के बाद अल्पावधि वीजा पर बुलंदशहर में रह रही चार पाकिस्तानी महिलाओं को पहले ही वापस भेजा जा चुका है। मरियम जिले में बची एकमात्र पाकिस्तानी नागरिक है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉक्टर तेजवीर सिंह ने कहा कि मरियम के आवेदन पर दिशा-निर्देश आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## समरीन 45 दिनों के लिए भारत आयी, शादी कर लॉन्ग टर्म वीजा के लिए आवेदन किया

वहीं, एक और पाकिस्तानी महिला समरीन भारत के बीजा रद्द करने के फैसले से खुश नहीं हैं। उसने नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि वह 45 दिनों के वीजा पर सितंबर में भारत आयी थी। इस दौरान उसने यहां निकाह कर लिया। लेकिन अभी तक उसे लॉन्ग टर्म वीजा नहीं मिल पाया। अब अचानक उसे देश छोड़ने के लिए कहा गया है। समरीन ने सवाल उठाया कि उसकी कोई गलती नहीं है, फिर भी उसे सजा दी जा रही है। समरीन ने कहा कि मैंने यहां शादी की है। मेरा परिवार यहीं है। अचानक से यह आदेश आना कि देश छोड़ दो, बहुत पीड़ादायक है। प्यार और मोहब्बत तो रहनी चाहिए ना। दोनों देशों के बीच जो भी दीवारें हैं, वो नहीं होनी चाहिए। अगर कोई गलती है, तो उसे मुद्दा बनाइये, लेकिन हम जैसे लोगों को तकलीफ क्यों?

## पटना में 28 पाकिस्तानी महिलाएं, एक भी पुरुष जिले में नहीं

पटना जिले में भी फिलहाल 28 पाकिस्तानी महिलाएं रह रही हैं, सभी लोग टर्म वीजा पर यहां हैं, इनमें से तीन पाकिस्तानी महिलाओं ने भारतीय नागरिकता के लिए अपना पासपोर्ट सरेंडर कर दिया है। वहीं एक महिला के खिलाफ पीरबहोर थाने में साल 2002 से ही केस दर्ज है। इस मामले में महिला जमानत पर है और केस ट्रायल में है। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर संजय कुमार ने बताया कि पाकिस्तानी नागरिक में एक भी पुरुष पटना जिला में नहीं है। सभी 28 महिलाएं हैं। यह महिलाएं विभिन्न कार्यों से पटना आयी थीं, बाद में वीजा की अवधि बढ़ा दी गयी थी। इसमें कुछ महिलाएं ऐसी भी हैं, जिन्होंने यहां शादी भी कर ली है। वहीं कुछ की बहन और

> गृह मंत्री अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों को कहा है कि अपने राज्यों में रह रहे पाकिस्तानियों की पहचान करायें और वीजा रद्द कर उनकी वापसी को सुनिश्चित करें।

कुछ के भाई की यहां शादी हुई है। यह महिलाएं हर साल अपना वीजा रिन्यूअल कराती हैं। यह



पाकिस्तान महिलाएं पीर बोहर के सब्जी बाग शास्त्री नगर के समन पूरा और फुलवारी शरीफ इलाके में रह रही हैं। वरीय अधिकारी के आदेश मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने महिलाओं की खोज की और तब जाकर के इन महिलाओं की डिटेल्स पता चली। एसपी लॉ एंड ऑर्डर संजय कुमार ने बताया कि, पटना जिले में रह रही पाकिस्तानी महिलाओं पर निगरानी रखने के लिए स्थानीय थाना को निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि गृह विभाग या स्पेशल ब्रांच से निर्देश मिलने के बाद कोई कार्रवाई की जायेगी। अब तक कोई आदेश नहीं मिला है।

**आजाद सिपाही विशेष**

इसी क्रम में एक और मामला सामने आया, कराची से वाराणसी आये एक पाकिस्तानी नागरिक को कमिश्नरेट पुलिस और एलआइयू टीम ने शिवगंगा एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना किया। पाकिस्तानी नागरिक 20 फरवरी को अटारी बॉर्डर से शॉर्ट टर्म वीजा पर काशी में शिवपुर अपने रिश्तेदारी में आया था। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि केंद्र सरकार की गाइडलाइन की जानकारी देते हुए नागरिक को वापस भेज दिया गया है। शहर में लॉन्ग टर्म वीजा पर सात महिलाएं रह रही हैं। पांच महिलाएं शादी करके वाराणसी में रह रही हैं। एक महिला का पाकिस्तानी पति से तलाक हो गया था, जिसके बाद वह वाराणसी चली आयी। एक व्यक्ति और है जो भारतीय मूल की मां के साथ काशी आया था। मां की मृत्यु के बाद से वह वाराणसी में रह गया। फिलहाल उसकी पूरी जानकारी एलआइयू के पास है।

## हजारीबाग में भी पाकिस्तानी दुल्हन

हजारीबाग जिले में दो पाकिस्तानी दुल्हन रह रही हैं। दोनों का लॉन्ग टर्म वीजा है, जो रिन्यूअल होने की प्रक्रिया में है। ऐसे में इसे लेकर संशय का बाजार गर्म है कि क्या दोनों बहू हजारीबाग में रहेंगी या इन्हें पाकिस्तान लौटना पड़ेगा। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने इसकी जानकारी पुलिस मुख्यालय और गृह विभाग को दे दी है। आदेश का इंतजार किया जा रहा है। जैसे ही आदेश निर्गत किया जायेगा, उसी अनुसार कदम उठाया जायेगा। इनमें एक बिहार के कैबिनेट मंत्री रहे कांग्रेस के कद्दावर नेता एचएच रहमान के छोटे भाई आजाद नगर हजारीबाग के सफीकुर्र रहमान की पत्नी अनिका रहमान हैं। सफीकुर्र रहमान ने 1994 में अनिका रहमान से शादी की थी। इनका लॉन्ग टर्म वीजा 2014 तक था। 2014 के बाद इनका वीजा रिन्यूअल होने की प्रक्रिया में है। अनिका रहमान ने कहा कि पाकिस्तान में मायके में कोई नहीं है। पिछले 5 साल से पाकिस्तान नहीं गयी हूं। वहीं शहर के पेलावल थाना क्षेत्र के बारी कॉलोनी निवासी मिराज अख्तर की पत्नी फातिमा तंजीम हैं। मिराज अख्तर ने बताया कि 2010 में उन्होंने पाकिस्तान की फातिमा तंजीम से शादी की थी। कहा कि आजादी के बाद परिवार बिखरे थे। फुफी पाकिस्तान में रह गयीं और वे लोग भारत आ गये। यह परिवार फिर से जुड़े यही सोचकर अपनी फुफी की बेटी से मैंने शादी की। बताया कि उनका लॉन्ग टर्म वीजा 2021 तक का था। आगे की रिनुअल प्रक्रिया में है। दोनों का परिवार हजारीबाग में बसा हुआ है।

हजारीबाग में लॉन्ग टर्म वीजा पर रह रहे लोगों का कहना था कि केंद्र सरकार ने लॉन्ग टर्म वीजा के रिन्यूअल का पूरा पावर राज्य सरकार को दे दिया है, लेकिन जब हम लॉन्ग टर्म वीजा का रिन्यूअल के लिए राज्य सरकार के पास जाते हैं, तो केंद्र के पास भेजा जाता है। केंद्र में जाते हैं, तो वहां कहा जाता है कि आप यहां क्यों आये हैं, सब कुछ राज्य में होगा। इसके कारण किसी का 2014 से तो किसी का 2021 से लॉन्ग टर्म वीजा रिन्यूअल लंबित है। महत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों पाकिस्तानी महिलाओं के बच्चे भी हैं। सरकार इन्हें वापस जाने का आदेश देती है, तो क्या बच्चे उनके साथ वापस जायेंगे या फिर वह भारत में ही रहेंगे। इसे लेकर भी कई तरह की चर्चा हो रही हैं।

## उत्तराखंड में 30 वर्षों से रह रहीं पांच पाकिस्तानी महिलाएं, निकाह किया

बात उत्तराखंड के हल्द्वानी की करें तो यहां बनभूलपुरा में लांग टर्म वीजा पर 30-40 वर्षों से पांच पाकिस्तानी महिलाएं रह रही हैं। हालांकि इन महिलाओं से अभी स्थानीय प्रशासन ने संपर्क नहीं किया है। जिले के एक एलआइयू अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की है कि बनभूलपुरा में छह पाकिस्तानी महिलाएं लांग टर्म वीजा पर निकाह कर पहुंची थीं। जिसमें एक महिला की मौत भी हो चुकी है। ये महिलाएं 30-40 वर्षों से रह रही हैं। कई महिलाओं के बच्चे बड़े हो चुके हैं।

## ऑनलाइन निकाह कर भारत आयी मीनल, वीजा रद्द होने से ससुराल छोड़ने की नौबत

बीते साल 24 मई को मीनल ने पाकिस्तान से जम्मू के सीआरपीएफ जवान मुनीर के साथ ऑनलाइन निकाह किया था। अभी बीते माह ही वह जम्मू की भलवाल तहसील के राब्ता हंडवाल गांव में अपने ससुराल आयी हैं। अब पाकिस्तानी वीजा रद्द करने के भारत सरकार के फैसले मीनल को अपने वतन लौटना पड़ सकता है, क्योंकि अभी तक इन्हें देश की नागरिकता नहीं मिली है। हालांकि मीनल के पति मुनीर का कहना है कि उनके साथ ऐसा नहीं होगा, क्योंकि मीनल को भारतीय नागरिकता दिलाने के लिए प्रशासन को सभी दस्तावेज दे दिये गये हैं। उनको अभी समय मिला हुआ है। जल्द ही भारत की नागरिकता भी मिल जायेगी।

## पाकिस्तानी की रक्षंदा की 36 साल पहले हुई थी शादी

पाकिस्तान की रहने वाली रक्षंदा जहूर की शादी 36 साल पहले जम्मू के रजिडेंसी रोड स्थिति करबला के जहूर अहमद के साथ हुई थी। भारत की नागरिकता नहीं होने से अब रक्षंदा को परिवार छूटने की चिंता सता रही है। जहूर अहमद ने बताया कि उसकी शादी 1988 में हुई थी। पत्नी इस्लामाबाद से है। शादी के कुछ समय बाद ही पत्नी के माता-पिता और फिर भाई का निधन हो गया था। वहां रक्षंदा का कोई रिश्तेदार नहीं है। हम सिर्फ पासपोर्ट रिन्यू करवाने पाकिस्तान जाते हैं। उसके अलावा वहां जाना नहीं होता है। जहूर ने बताया कि अभी तक पत्नी को भारत की नागरिकता नहीं मिली है। हालांकि, इसके के लिए आवेदन किया है। वह लॉन्ग टाइम वीजा पर हैं।

## गुजरात में एक हजार बांग्लादेशी हिरासत में, कई स्लीपर सेल

वहीं गुजरात के अहमदाबाद में 890 और सूरत में 134 महिलाओं और बच्चों सहित करीब एक हजार अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिया। वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर उन्हें भारत से निकाला जायेगा। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि इनमें से कई लोग ड्रग्स और मानव तस्करी में शामिल हैं। हाल ही में गिरफ्तार किये गये चार बांग्लादेशियों में से दो अलकायदा के स्लीपर सेल में काम करते थे। इन बांग्लादेशियों की पृष्ठभूमि और गुजरात में उनकी गतिविधियों की जांच की जायेगी। हरियाणा में राज्य सरकार ने 460 पाकिस्तानियों को निकालने का आदेश जारी किया है। असम में पुलिस ने छह बांग्लादेशी लोगों को गिरफ्तार किया था। सभी अवैध रूप से भारत में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। इनमें एक महिला भी है।

## पाकिस्तानियों को किया जा रहा डिपोर्ट

भारत सरकार के इस फैसले के बाद सभी राज्यों ने अपने यहां रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। इंटेलिजेंस ब्यूरो की मदद से राज्यों की लोकल इंटेलिजेंस यूनिट ने अल्पकालिक वीजा धारी पाकिस्तानी नागरिकों को ट्रेस करके उन्हें डिपोर्ट करना शुरू कर दिया है। इस काम में उत्तर प्रदेश सबसे आगे है। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने दावा किया कि राज्य से पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। बता दें कि यूपी सरकार ने अल्पकालिक वीजा पर राज्य में आये 118 पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान की थी।

## गुजरात में लॉन्ग टर्म वीजा पर 438 पाकिस्तानी नागरिक

इसी तरह महाराष्ट्र में अल्पकालिक वीजा पर रह रहे 55 पाकिस्तानी नागरिकों को वापस लौटने के लिए कह दिया गया है। मुंबई से 15 पाकिस्तानी नागरिक डिपोर्ट भी किये जा चुके हैं। दिलचस्प बात यह है कि रिपोर्ट में महाराष्ट्र में 107 पाकिस्तानी नागरिकों के रहस्यमय ढंग से लापता होने की बात थी। महाराष्ट्र पुलिस ने स्पष्ट किया कि ये लोग 1950 और 1960 के दशक के दौरान राज्य में प्रवास कर गये थे, यह वह अवधि थी जिसमें रिकॉर्ड रखने का काम इतना सख्त नहीं था। हाल ही में उन्हें लापता के रूप में सूचीबद्ध किया गया था, लेकिन अब यह समझा जाता है कि उनमें से कई

> इंटेलिजेंस ब्यूरो की मदद से राज्यों की लोकल इंटेलिजेंस यूनिट ने अल्पकालिक वीजा धारी पाकिस्तानी नागरिकों को ट्रेस करके उन्हें डिपोर्ट करना शुरू कर दिया है। इस काम में उत्तर प्रदेश सबसे आगे है।

की या तो मृत्यु हो गयी है या बाद में आधिकारिक रिकॉर्ड में उनका नाम दर्ज हो गया है।

## मध्य प्रदेश में शॉर्ट टर्म वीजा पर रह रहे 228 पाकिस्तानी

मध्य प्रदेश में शॉर्ट टर्म वीजा पर रह रहे 228 पाकिस्तानी नागरिकों को वापस लौटने का निर्देश दिया गया है। वहीं गुजरात सरकार के गृह विभाग ने बताया है कि गुजरात में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया गया है। वर्तमान में 438 पाकिस्तानी नागरिक दीर्घकालिक वीजा पर गुजरात में रह रहे हैं, जिन्हें फिलहाल डिपोर्ट करने का निर्देश नहीं है।

## दक्षिण भारतीय राज्यों में रह रहे करीब 600 पाकिस्तानी

दक्षिण भारतीय राज्यों में करीब 600 पाकिस्तानी नागरिकों को ट्रेस किया गया है। इनमें से कुछ लॉन्ग टर्म वीजा वाले हैं और कुछ शॉट टर्म वीजा वाले। केंद्र के निर्देश के बाद कर्नाटक सरकार ने राज्य में रह रहे 108 पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान की है। लेकिन इनमें से 88 ने भारतीय नागरिकों से विवाह किया है और उनके पास दीर्घकालिक वीजा है और ये समय-समय पर अपने स्टे परमिट को रिन्यूअल कराते रहे हैं। इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि अल्पकालिक वीजा पर कर्नाटक में प्रवेश करने वाले चार से पांच पाकिस्तानी नागरिकों का पता लगा लिया गया है और उनके डिपोर्टेशन की कार्यवाही चल रही है। मनोरमा की एक रिपोर्ट के अनुसार, केरल में 102 पाकिस्तानी नागरिक हैं और उनमें से लगभग आधे इलाज के लिए मेडिकल वीजा पर हैं। बाकी लोग व्यवसाय से जुड़े उद्देश्यों से दक्षिणी राज्य में हैं। इन्हें डिपोर्ट करने की प्रक्रिया चल रही है और कुछ को वापस भी भेजा जा चुका है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में हैदराबाद में 208 पाकिस्तानी नागरिक हैं, जिनमें से 156 के पास दीर्घकालिक वीजा है, 13 के पास अल्पकालिक वीजा है और 39 लोग मेडिकल वीजा पर आये हैं। फिलहाल अल्पकालिक वीजा वाले पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजा जा रहा है। तमिलनाडु में करीब 180-200 पाकिस्तानी नागरिक अल्पकालिक वीजा पर हैं और राज्य सरकार ने उन्हें तत्काल प्रभाव से देश छोड़ने के लिए कहना शुरू कर दिया है। इनमें से ज्यादातर मेडिकल वीजा पर राज्य में आये हैं। कई पाकिस्तानी नागरिक चेन्नई और वेल्लोर के अस्पतालों में इलाज के लिए आते हैं और वे 2-3 महीने तक यहीं रहते हैं। उन्हें स्थानीय पुलिस स्टेशनों में रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। अधिकारी उन पाकिस्तानी नागरिकों की सूची भी एकत्र कर रहे हैं जो व्यवसाय या वैवाहिक संबंधों के लिए भारत में हैं। हालांकि, जिन पाकिस्तानी नागरिकों ने भारत में विवाह किया है उनके पास लॉन्ग टर्म वीजा होगा। लेकिन बिजनेस वीजा पर आने वालों को जल्द से जल्द वापस पाकिस्तान जाना होगा।






# सभी ने केंद्र सरकार की ओर से जातीय जनगणना कराने के निर्णय का स्वागत किया

## जातीय जनगणना कराने का फैसला विपक्षी दलों की नैतिक जीत : सुप्रियो

- प्रस्तावित परिसीमन को जनगणना तक के लिए टाल दिया जाना चाहिए
- जनजातियों को अलग से सरना धर्म कोड दिया जाना चाहिए
- केंद्र सरकार जनदबाव में आकर यह फैसला करने के लिए बाध्य हुई



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के जातीय जनगणना कराने के फैसले का झारखंड की सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने स्वागत किया है। बुधवार को नरेंद्र मोदी कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की प्रेस ब्रीफिंग के बाद सुप्रियो भट्टाचार्य ने यह प्रतिक्रिया दी। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह मुख्य प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने इसे विपक्ष की जीत करार दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार जनदबाव में आकर यह फैसला करने के लिए बाध्य हुई है। यह विपक्षी दलों की नैतिक जीत है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को 10 साल पहले यह कर लेना चाहिए था, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। भले उन्होंने देर से फैसला किया है, झामुमो इसका स्वागत करता है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि संविधान के मूल में आरक्षण की जो बातें हैं, उस पर मोदी कैबिनेट के फैसले में कुछ भी स्पष्ट नहीं किया गया है। न ही आदिवासियों के सरना कोड पर कोई निर्णय इस कैबिनेट में लिया गया है।

उन्होंने कहा कि जब सरकार जातीय जनगणना करवाये, तब उसमें आदिम जनजातियों के धर्म को भी शामिल किया जाये। सरना धर्म कोड चुनने का आदिवासियों को मौका दिया जाये। उन्होंने कहा कि जिस तरह हिंदुओं में कई जातियां हैं, मुस्लिमों में कई जातियां हैं, सिख में भी कई जातियां हैं। उसी तरह आदिवासियों की भी कई जनजातियां हैं। उन जनजातियों को अलग से सरना धर्म कोड दिया जाना चाहिए। झारखंड सरकार ने विधानसभा में इसका प्रस्ताव पारित करके केंद्र को भेजा है, लेकिन उस पर अंतिम फैसला नहीं हुआ है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने यह भी मांग रख दी है कि देश में प्रस्तावित परिसीमन को जनगणना तक के लिए टाल दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनगणना के बाद ही परिसीमन हो, ताकि यह स्पष्ट हो जाये कि किस क्षेत्र को आरक्षण की श्रेणी में रखा जाये और किसको नहीं। साथ ही आरक्षण की भी स्थिति स्पष्ट हो जायेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने सरना धर्मावलंबियों को 28 फीसदी आरक्षण देने का प्रस्ताव पास कर दिया है। दलितों को 18 फीसदी और पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव झारखंड विधानसभा से पास हो चुका है।

## जातीय जनगणना कराने के निर्णय का स्वागत : बाउरी



**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा नेता अमर कुमार बाउरी ने केंद्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना कराने के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने इसे भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक निर्णायक एवं ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला विशेषकर दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों के लिए आशा की नयी किरण लेकर आया है, जिनकी दशकों से उपेक्षा होती रही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह सिद्ध कर दिया है कि वे सच्चे अर्थों में जमीनी राजनीति को समझने वाले और सामाजिक न्याय के प्रति संकल्पबद्ध नेता हैं। यह निर्णय सिर्फ. प्रशासनिक नहीं, बल्कि करोड़ों वंचितों की आवाज को सशक्त करने वाला है। वर्षों तक सत्ता में रहे दल जातीय जनगणना की बातें तो करते रहे, लेकिन जब अमल का समय आया, तो उन्होंने चुप्पी साध ली। उन दलों के लिए यह एक आईना है जो केवल भाषणों में सामाजिक न्याय की बात करते हैं, लेकिन निर्णय की घड़ी में कंबल ओढ़कर सो जाते हैं। यह जातीय आंकड़े नीति निर्माण को अधिक पारदर्शी एवं समावेशी बनायेंगे और लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती प्रदान करेंगे।

## वोट बैंक की राजनीति नहीं, सामाजिक न्याय की बात होगी : बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्र सरकार के जातिगत जनगणना कराने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय सराहनीय है और अब वोट बैंक की राजनीति के बजाय वास्तविक सामाजिक न्याय की बात होगी। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों ने दशकों से जातिगत जनगणना का मुद्दा केवल चुनावी हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है, लेकिन अब समय आ गया है कि पूरे देश के लिए एक समान, विश्वसनीय और तथ्य-आधारित जातिगत जनगणना की जाये। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## समावेशी विकास के लिए जाति जनगणना स्वागत योग्य : संजय सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय कैबिनेट द्वारा जाति जनगणना करवाने का निर्णय का केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा यह वंचित वर्ग तक उनका वास्तविक अधिकार पहुंचाने में सहायक होगी और देश के सामाजिक और आर्थिक ढांचे को मजबूती प्रदान करेगी। आजादी के इतने वर्षों के बाद भी कभी कांग्रेस ने जाति जनगणना नहीं करवायी और केवल जातिगत राजनीति करती रही, जबकि मोदी सरकार हर वर्ग का अधिकार सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट करता हूं। इस जनगणना का उपयोग सरकार, नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों और अन्य लोगों द्वारा भारतीय आबादी का आकलन करने, संसाधनों तक पहुंच बनाने, सामाजिक परिवर्तन की रूपरेखा तय करने और परिसीमन अभ्यासों के लिए किया जायेगा। इसका लाभ समाज के उस बड़े तबके को मिलेगा, जो अब तक वंचित हैं। समावेशी विकास के लिए जाति जनगणना स्वागत योग्य है, इससे संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित होगा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** – नौकरी में आपसी मतभेद दूर होंगे, आपको आसपास के लोगों से कष्ट बना रहेगा।
- **वृष** – कामों में व्यवधान आयेंगे.जहां तक संभव हो इस समय ज्यादा पेंचीदा मामलों में हाथ न डालें।
- **मिथुन** – आज का दिन काफी कुछ शुभ फलदायी है, व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा।
- **कर्क** – ग्रहयोग आज आपके पक्ष में नहीं है, परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी।
- **सिंह** – अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे। किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है।
- **कन्या** – आपको आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना, रोजगार-व्यापार का कार्य तेजी से चलेगा।
- **तुला** – आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपका काम बनेगा, किसी काम से आपको पैसा मिलेगा।
- **वृश्चिक** – नौकरी में पदोन्नति, बेरोजगारों को जीविकोपार्जन का साधन उपलब्ध होगा।
- **धनु** – विशिष्ट कार्य सिद्धि,यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा,अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो।
- **मकर** – पत्नी-पुत्र का सुख मिलेगा, अपने क्षेत्र के प्रमुख व्यापारियों से आप संबंध घनिष्ठ करने की चेष्टा करें।
- **कुंभ** – अनिवार्य कामों में आपकी व्यवहार कुशलता सिद्धि और प्रसिद्धि देने वाली है।
- **मीन** – आपने जिस पर भी आज तक भरोसा किया होगा, ऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा।

## यह पीएम मोदी का एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है : रघुवर दास



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार के जातीय जनगणना कराने के फैसले पर भाजपा नेता सह पूर्व सीएम रघुवर दास ने प्रतिक्रिया दी है। रघुवर दास ने कहा कि जाति जनगणना का निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिया गया एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। यह फैसला देश के हर वर्ग को उसकी वास्तविक सामाजिक और आर्थिक स्थिति के आधार पर योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में विशेष सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि इससे सामाजिक न्याय को मजबूती मिलेगी। साथ ही सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना और अधिक सशक्त होगी। यह कदम केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि उन करोड़ों लोगों की पहचान और भागीदारी सुनिश्चित करने की ओर बढ़ा हुआ एक सशक्त प्रयास है, जिन्हें वर्षों से अनदेखा किया गया था। मोदी सरकार को इस साहसिक और जनहितैषी फैसले के लिए हार्दिक धन्यवाद।








### आजसू ने विदेश मंत्रालय को लिखा पत्र

# नाइजर में फंसे बगोदर के मजदूरों की सकुशल वापसी की अपील की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले के बगोदर क्षेत्र के पांच मजदूरों का पता नहीं चल पा रहा है। वे पश्चिमी अफ्रीका के देश नाइजर में आतंकवादियों द्वारा अपहरण का शिकार हुए हैं। उनकी सुरक्षित वापसी के लिए आजसू पार्टी ने मंत्रालय को पत्र लिखा है। आजसू पार्टी के नेता और हजारीबाग लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी संजय मेहता ने भारत सरकार के विदेश मंत्री एस जयशंकर और नाइजर में भारत के राजदूत सीता राम मीना को पत्र लिखकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। यह घटना 25 अप्रैल 2025 को नाइजर की राजधानी नियामे से लगभग 115 किलोमीटर दूर तिल्लाबेरी में घटी। यहां पर आतंकवादियों ने एक पावर ट्रांसमिशन साइट पर हमला किया। इस हमले में 12 सुरक्षाकर्मियों की जान चली गयी और बगोदर के पांच मजदूरों - संजय महतो, चंद्रिका महतो, फलजीत महतो, राजू कुमार, और उत्तम महतो का



अपहरण कर लिया गया।

ये मजदूर कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआइएल) द्वारा संचालित प्रोजेक्ट में कार्यरत थे। संजय मेहता ने अपने पत्र में सभी मजदूरों के पासपोर्ट विवरण और संपर्क जानकारी भी मंत्रालय को प्रदान की है। साथ ही उनके परिजनों की चिंता और व्यथा को रेखांकित किया है। उन्होंने विदेश मंत्री और भारत के राजदूत से इस गंभीर मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर मजदूरों की सकुशल वतन वापसी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। आजसू पार्टी के पत्र के बाद से भारतीय दूतावास ने कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। इसकी सूचना भारतीय दूतावास ने आजसू पार्टी को दी है।

### राज्यपाल से मिला चैंबर का प्रतिनिधिमंडल, ज्ञापन सौंपा

# चैंबर ने निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के शिष्टमंडल ने बुधवार को राज भवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से भेंट की। साथ ही उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने भेंट के क्रम में हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। शिष्टमंडल ने इसे मानवता के विरुद्ध एक जघन्य अपराध बताते हुए कहा कि यह न केवल कश्मीर में शांति एवं पर्यटन को बाधित करने का कुत्सित प्रयास है, बल्कि वहां के स्थानीय लोगों की आजीविका पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है।



ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि अनुच्छेद 370 के हटने के बाद से जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि हुई थी। इस हमले से कश्मीर के पर्यटन विकास के साथ-साथ इस सेक्टर से जुडे लोगों की आजीविका भी प्रभावित हुई है। शिष्टमंडल ने इस सुनियोजित आतंकी घटना में शामिल दोषियों एवं उनके सहयोगियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की बात कही। साथ ही शिष्टमंडल ने राज्य की गिरती विधि-व्यवस्था की ओर भी राज्यपाल का ध्यान भी आकृष्ट कराया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### टेंडर हार्ट स्कूल में 100 से अधिक सहायक कर्मचारियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण



रांची (आजाद सिपाही)। टेंडर हार्ट स्कूल ने 30 अप्रैल को आयुष्मान भारत दिवस के अवसर पर एक अद्वितीय पहल करते हुए अपने सहायक कर्मचारियों के लिए नि:शुल्क पूर्ण स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। टेंडर हार्ट स्कूल एवं देवनिका हॉस्पिटल, तुपुदाना के सयुंक्त तत्वावधान में आयोजित मेडिकल कैंप में देवनिका अस्पताल की अनुभवी चिकित्सकीय टीम ने लगभग 100 कर्मचारियों का फुल बॉडी हेल्थ चेकअप किया। जिन कर्मचारियों को चिकित्सीय देखरेख एवं उपचार की आवश्यकता थी, उन्हें तत्काल आवश्यक सुविधाएं प्रदान की गयीं एवं भविष्य में नियमित जांच का आश्वासन दिया गया। मौके पर टेंडर हार्ट स्कूल के चैयरमैन सुधीर तिवारी ने कहा कि हमारा विद्यालय केवल ईंट-पत्थर की इमारत नहीं, बल्कि एक परिवार है और इस परिवार के प्रत्येक सदस्य का स्वास्थ्य और सम्मान हमारी प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गयी आयुष्मान भारत योजना की भावना को जीवंत करते हुए, टेंडर हार्ट स्कूल ने यह दिखाया कि एक संस्था अपने परिवार के प्रत्येक सदस्य के स्वास्थ्य और सम्मान को कितनी गंभीरता से लेती है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या उषा किरण झा, निदेशक जे मोहंती, उप प्राचार्या शिवांगी शुक्ला सहित सभी शिक्षकेत्तर एवं अन्य शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे।

### सीएमपीडीआइ परिवार के 2 सेवानिवृत्त सदस्यों को सम्मानित किया गया



रांची (आजाद सिपाही)। सीएमपीडीआइ परिवार के 2 सदस्यों के सेवानिवृत्ति के अवसर पर बुधवार को संस्थान के मयूरी हॉल में एक विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इनमें केबी शिरोमणि-वरीय डाटा इंट्री ऑपरेटर एवं जोगेंद्र राम-लेखा लिपिक शामिल हैं। इस मौके पर सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को पौधा, मान-पत्र, प्रतीक चिह्न व शॉल देकर कंपनी की ओर से सम्मानित किया और सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान की प्रशंसा की। इस अवसर पर यूनियन के प्रतिनिधि सतीश कुमार केशरी, प्रलय भट्टाचार्य, मनोज कुमार कुर्रे एवं सीएमओएआइ के प्रतिनिधि राम स्वरूप खिलेरी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। स्वागत भाषण एवं मंच संचालन उप प्रबंधक (राजभाषा) अभय मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (एचआर) संजय कडंबार ने किया।

### जातिगत जनगणना का फैसला ऐतिहासिक कदम : अजय राय



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने केंद्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराये जाने के फैसले का स्वागत किया है। संघ के अध्यक्ष अजय राय ने इस निर्णय को एक ऐतिहासिक और जनहितैषी कदम बताते हुए कहा कि, केंद्र सरकार का यह निर्णय सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। हम इस फैसले का दिल से स्वागत करते हैं। श्री राय ने आगे कहा कि जातिगत जनगणना से समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों की वास्तविक स्थिति सामने आयेगी, जिससे नीतिगत निर्णय अधिक सटीक और प्रभावशाली बन सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह फैसला सामाजिक संतुलन बनाये रखने में सहायक होगा और इससे सभी वर्गों को उनके हक और अधिकार सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस पहल होगी। संघ ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि जनगणना की प्रक्रिया पारदर्शी और वैज्ञानिक तरीके से की जाये ताकि उसका लाभ समाज के सभी तबकों तक पहुंच सके।

### वरिष्ठ डाकपाल सिद्धेश्वर गोराई हुए सेवानिवृत्त



रांची (आजाद सिपाही)। बुधवार को रांची प्रधान डाकघर में एक अत्यंत भावुक और स्नेहभरा पल आया जब वरिष्ठ डाकपाल सिद्धेश्वर गोराई ने सेवानिवृत्ति ग्रहण की। झारखंड राज्य के डाक विभाग में दशकों तक अपनी सेवा देकर उन्होंने न सिर्फ प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्टता प्राप्त की, बल्कि हजारों कर्मचारियों और आम जनता के दिलों में एक विशेष स्थान बना लिया। उन्होंने डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण, कर्मचारियों के कल्याण, सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन और संकट के समय (विशेषकर कोरोना काल) में अद्भुत नेतृत्व से एक प्रेरणास्पद उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके मार्गदर्शन में रांची जीपीओ ने अनेक उपलब्धियां हासिल कीं, और वे हमेशा एक कर्मठ, विनम्र और संवेदनशील अधिकारी के रूप में याद किये जायेंगे। आज जब वे सेवा से विदा ले रहे हैं, पूरा डाक परिवार अपार स्नेह के साथ उन्हें भावभीनी विदाई दे रहा है।

### मंडा पूजा संपन्न, आग पर नंगे पांव चले भोक्ता



रांची (आजाद सिपाही)। मंडा पूजा समिति गेतलसुद अनगड़ा रांची में मंडा पूजा संपन्न हुई। भोक्ताओं ने आग पर नंगे पांव चलकर अपनी भक्ति एवं शक्ति का परिचय दिया। बुधवार को झूलन कार्यक्रम होते हुए आस्था के फूल बरसाते हुए रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस उपलक्ष्य में संस्कृतिक कार्यक्रम में बिशिट अतिथि उपस्थित हुए नायक समाज युवा कल्याण समिति झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संदीप टाइगर नायक और कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश नायक को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। संदीप टाइगर ने कहा कि मंडा पूजा हमारे हिंदू धर्म में सनातन का परिचय देता है, जिसमें जात पात नहीं बल्की हिंदू धर्म का परिचय देता है। वहीं मुकेश नायक ने कहा कि राजाओं के शासनकाल में कई वर्षों तक मंडा पूजा का आयोजन होता रहा, लेकिन जब जमींदारी प्रथा का अंत हुआ तो ऐहा के लोहरा, घासी, उरांव, मुंडा, महतो, कोइरी, ठाकुर ने शिव-पार्वती की उपासना का महापर्व मंडा पूजा की शुरुआत की। इस आयोजन में अध्यक्ष कार्तिक नायक, संरक्षक संजय नायक का भरपूर योगदान रहा।

# सरला बिरला स्कूल में एआइ हेल्थ मशीन का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में एक विशेष मशीन का उद्घाटन किया गया, जिसे एआइ पॉवर्ड हेल्थ स्क्रीनिंग कीओस्क कहा जाता है। इस मशीन का नाम प्रोफिलैक्सिस है। यह मशीन छात्रों के स्वास्थ्य की जांच के लिए विकसित की गयी है और इसके माध्यम से ब्लड प्रेशर, सुगर लेवल और श्वसन प्रणाली की जांच जैसे कई महत्वपूर्ण परीक्षण किये जा सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य यह है कि किसी भी बीमारी की समय रहते पहचान की जा सके, जिससे छात्रों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहे और उनका समग्र विकास हो सके। यह मशीन छात्रों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं जैसे एलर्जी, बुखार, खांसी-जुकाम, दृष्टिदोष आदि की जानकारी एकत्र कर उसे सुरक्षित रूप से संचित रखती है। इसके माध्यम से प्रत्येक छात्र का संपूर्ण चिकित्सकीय रिकॉर्ड विद्यालय के



पास उपलब्ध रहेगा। इस मशीन के साथ एक विशेष कंप्यूटर सॉफ्टवेयर भी जुड़ा हुआ है, जो जांच पूरी होते ही स्वचालित रूप से स्वास्थ्य रिपोर्ट तैयार कर देती है। यह तकनीकी पहल विद्यालय की ओर से निवारक स्वास्थ्य देखभाल की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य बीमारी के लक्षण प्रकट होने से पहले ही उनकी पहचान करना है। यह प्रयास संयुक्त राष्ट्र के सभी के लिए स्वास्थ्य सुविधा जैसे सतत विकास लक्ष्यों के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। सरला बिरला पब्लिक स्कूल भविष्य में इस स्वास्थ्य कीओस्क का लाभ शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को भी प्रदान करने की योजना बना रहा है, जिससे पूरे विद्यालय परिवार को इसका लाभ मिल सके।

विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने कीओस्क के उद्घाटन पर सभी को बधाई दी और इस उल्लेखनीय प्रयास पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने इस अवसर पर सीबीएसइ और टैग (टीएजी) का आभार प्रकट किया, जिन्होंने विद्यालयों को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी प्रबंधन हेतु जागरूक करने की यह सराहनीय पहल की।

### झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रतिनिधिमंडल की राज्यपाल से मुलाकात

# समाज में सकारात्मक बदलाव लायें युवा : राज्यपाल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मंच की भावी योजनाओं, सामाजिक कार्यों अमृतधारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, ब्लडडोनेशन, पर्यावरण तथा युवा सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गयी। टीम का नेतृत्व अध्यक्ष विशाल पाड़िया ने किया। इनके साथ प्रांतीय उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, महासचिव दीपक गोयंका कोषाध्यक्ष विकास झाझरिया एवं प्रांतीय संयोजक सूचना जनसंपर्क प्रचार प्रसार के अमित शर्मा उपस्थित रहे। राज्यपाल ने युवा टीम के सदस्यों को उनके सामाजिक प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं और युवाओं को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा दी।

प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाड़िया ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर कार्य करता आ रहा है और आनेवाले समय में भी नयी ऊर्जा एवं उत्साह के साथ जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ायेगा। प्रतिनिधिमंडल में प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाड़िया, प्रांतीय उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, महासचिव दीपक गोयंका, कोषाध्यक्ष विकास झाझरिया एवं सूचना जनसंपर्क प्रचार-प्रसार के प्रांतीय संयोजक अमित शर्मा शामिल थे।

# लकड़ी पूजा के साथ ऐतिहासिक रथ यात्रा महोत्सव की शुरुआत

### 27 जून निकलेगी को महाप्रभु की रथ यात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर, बड़कागढ़ में अक्षय तृतीया के अवसर पर सुबह 10:30 बजे ऐतिहासिक रथ यात्रा महोत्सव की शुरुआत रथ निर्माण लकड़ी पूजा के साथ प्रारंभ हुई। मंत्रोचारण और शंख, घंट, जयकारे के बीच रथ निर्माण सामग्री लकड़ी की जगन्नाथ मंदिर न्यास समिति के उपाध्यक्ष अशोक नरसरिया, सचिव मिथिलेश कुमार और मंदिर के प्रथम सेवक



(सेवाइत) ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव ने पूजा अर्चना की। आज ही के दिन से महाप्रभु जगन्नाथ, माता सुभद्रा और भाई बलभद्र स्वामीजी का रथ को बनाया जाता है, जिस पर सवार होकर मौसीबाड़ी जाते हैं। नवदिवस रथ यात्रा महोत्सव रथ पूजा के साथ प्रारंभ हो जाता है। 1691 इस्वी में ठाकुर एनी नाथ शाहदेव ने श्री जगन्नाथ मंदिर की स्थापना की, तब से आज तक उत्कल की परंपरा, पूजा पद्धति, अनुष्ठान होते आ रहे हैं। पुरी के कारीगर और स्थानीय कारीगर मिल कर रथ निर्माण कार्य करते हैं। इस वर्ष 27 जून 2025 को महाप्रभु की रथ यात्रा होने जा रही है।

# रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे की क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2025 की द्वितीय बैठक अनिल कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व रेलवे की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में सौमित्र मजूमदार, अपर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे एवं सभी प्रधान विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। इसके अलावा, मंडल रेल प्रबंधक, खड़गपुर, अन्य मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक और खड़गपुर कारखाना के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी भी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित हुए। इस बैठक में दक्षिण पूर्व रेलवे पर हो रहे राजभाषा कार्यों की समीक्षा की गयी। महाप्रबंधक ने राजभाषा के



प्रयोग-प्रसार के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिये, जिसपर अमल किया जायेगा। महाप्रबंधक ने कहा कि अहिंदीभाषी कर्मचारियों के लिए मुख्यालय में ही नहीं बल्कि मंडलों में भी हिंदी वाक प्रतियोगिता का आयोजन की जाये। राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में इस प्रकार के आयोजनों से कर्मचारियों में राजभाषा के प्रति जागरूकता बढ़ती है, जो एक सकारात्मक और सराहनीय कदम है। वाक प्रतियोगिता के 5 विजेताओं को महाप्रबंधक द्वारा पुरस्कृत किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी निरंतर प्रयासों से राजभाषा के कार्यान्वयन के निर्धारित लक्ष्यों को न सिर्फ बनाये रखेंगे बल्कि उनमें लगातार और अधिक बेहतर प्रदर्शन के लिए अपना और अधिक प्रयास जारी रखेंगे। बैठक में चक्रधरपुर मंडल के डॉ आदित्य कुमार, सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य संबंधी विषय सडेन कार्डियक डेथ पर एक पावर पॉइंट की प्रस्तुति दी गयी। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन अविनाश कुमार पांडेय, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) एवं उप मुख्य सामग्री प्रबंधक (कोचिंग) ने किया।

# सुरेश्वर महादेव मंदिर की तृतीय वर्षगांठ धूमधाम से मनायी गयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** चुटिया केतारी बागान के समीप स्वर्णरेखा नदी के तट स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर की तृतीय वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम से मनायी गयी। इस मौके पर हजारों की संख्या में महिला कलशधारी महिलाओं ने हिस्सा लिया। पारंपरिक परिधान पहन कर श्रद्धालु महिलाओं ने मंदिर प्रांगण से सुबह पांच बजे निकली। विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए और बाबा भोलेनाथ का जयकारा लगाते हुए बनस तालाब पहुंचीं। बनस तालाब में पंडित रंजीत पांडे और पंडित पंकज पांडे ने पूजा-अर्चना करायी। मुख्य यजमान के



रूप में सुरेश्वर महादेव मंदिर के अध्यक्ष सुरेश साहू, आलोक कुमार बंटी, रामशरण तिर्की और संजय साहू सपत्नीक पूजा-अर्चना की। इसके बाद महिलाएं कलश में जल भर कर पुनः बनस तालाब से मंदिर पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इसके उपरांत बाबा की पूजा-अर्चना की गयी और रुद्राभिषेक किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया।

वर्षगांठ के अवसर पर मंदिर प्रांगण में अपराह्न दो बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया, जो अनवरत देर रात तक चलाता रहा। संध्या सात बजे बाबा का विशेष श्रंगार कर महाआरती की गयी। इस अवसर पर मुख्य रूप से रांची के विधायक सीपी सिंह, सुरेश सुरेश्वर महादेव मंदिर के महासचिव संतोष कुमार, संजय कुमार, रितिक राज, विक्रम साहू, दिलीप साहू, बलम साहू, धनंजय सिंह, कृष्णा साहू, नंदू ठाकुर, अर्जुन साहू, गुंजा तिर्की, रतन लाल, मनोज महतो, राजदीप महतो, मनीष साहू, हीरा प्रसाद, अमित कुमार, दशरथ सिंह, मुकेश केसरी, केशव केसरी, रणजीत राम, मनपुरन नायक, शत्रु नायक भोला साहू, बबलू साहू सहित कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में अपना भरपूर सहयोग दिया।





## महत्वपूर्ण खबरें

### मजदूर दिवस पर लालपुर समाचार पत्र विक्रेता संघ का कार्यक्रम 2 मई को



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के लालपुर समाचार पत्र विक्रेता संघ द्वारा मजदूर दिवस के अवसर पर 2 मई 2025 को यूनियन क्लब थड़पखना में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में आदित्य विक्रम जायसवाल उपस्थित रहेंगे और कार्यक्रम प्रमुख के रूप में लक्ष्मण साहू की भूमिका होगी। कार्यक्रम में विभिन्न प्रेस के प्रतिनिधि और संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे, जिनमें अध्यक्ष गोपाल साहू, सचिन जयनाथ नायक, सह सचिव राजेश रजक, कोषाध्यक्ष अनुज साहू और उपेंद्र शुक्ला शामिल हैं। इसके अलावा, परमानंद सिंह, तिलक महतो, मुकेश सिंह, अमित कुमार बजरंगी और रांची के तमाम अखबार विक्रेता भी उपस्थित रहेंगे। मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों और अखबार विक्रेताओं के योगदान को सम्मानित करना और उनकी समस्याओं पर चर्चा करना है। यह आयोजन श्रमिकों के अधिकारों और उनके कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

### कांग्रेस और भाजपा के संविधान संबंधी दावों को विजय शंकर ने बताया ढोंग



रांची (आजाद सिपाही)। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कांग्रेस और भाजपा के संविधान संबंधी दावों को ढोंग बताया है। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों ने अपने शासनकाल में संविधान में कई बार संशोधन किया है और अब वोट बैंक की राजनीति के लिए संविधान की बात कर रहे हैं। विजय शंकर नायक ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में 80 बार संविधान में संशोधन किया, जबकि भाजपा ने 24 बार संशोधन किया। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों के दावे केवल वोट बैंक की राजनीति के लिए हैं और उनका उद्देश्य संविधान की रक्षा करना नहीं है। विजय शंकर नायक ने कांग्रेस के आपातकाल और 42वें संशोधन का जिक्र करते हुए कहा कि यह संविधान की हत्या थी। उन्होंने कहा कि भाजपा का एनजेएसी और अनुच्छेद 370 को हटाना भी विवादास्पद रहा है। विजय शंकर नायक ने देश की जनता से अपील की है कि वे कांग्रेस और भाजपा के ढोंगी नारों में न फंसें।

### मुस्तफा अंसारी ने स्वास्थ्य मंत्री से की कृत्रिम पैर लगाने की मांग



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव मुस्तफा अंसारी और अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष इम्तियाज अंसारी ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मोजाहीर अंसारी के लिए कृत्रिम पैर लगाने की मांग की है। मोजाहीर अंसारी का दुर्घटना में पैर कट गया था और उन्होंने अपना इलाज कराने के लिए अपनी जमीन बेच दी है, लेकिन अब वे आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं। समाजवादी पार्टी ने मोजाहीर अंसारी के आवेदन की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर सरकारी राशि से कृत्रिम पैर लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। पार्टी का उद्देश्य मोजाहीर अंसारी को उनके जीवन में आगे बढ़ने में मदद करना है।

### श्रीश्री यूनिवर्सिटी एक आंदोलन की दिशा में अग्रसर : स्वामी सत्या चैतन्य



रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्री यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर ऑपरेशन स्वामी सत्या चैतन्य ने बुधवार को रांची प्रेस क्लब में एक प्रेस कांफ्रेंस कर यूनिवर्सिटी की जानकारी दी। स्वामी सत्या चैतन्य ने बताया कि श्री श्री यूनिवर्सिटी एक ऐसा संस्थान है जो पूर्व की कालातीत ज्ञान परंपरा और मूल्यों को पश्चिम की अत्याधुनिक शक्ति के साथ एकत्रित करती है। यह विश्वविद्यालय विभिन्न क्षेत्रों में मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करता है और वर्तमान में 28 राज्यों और 8 देशों से आये लगभग 3500 छात्रों का घर है। श्री श्री यूनिवर्सिटी में ओस्टियोपेथी से लेकर नृत्य तक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लेकर योग तक, साइबर सुरक्षा से लेकर कला प्रबंधन और संगीत तक 8 फैकल्टी हैं। विश्वविद्यालय में स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टोरल कार्यक्रमों के माध्यम से 65 से अधिक विषयों में शिक्षा प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि श्री श्री यूनिवर्सिटी की नींव लर्न, लीड और सर्व तीन स्तंभों पर रखी गयी है। 2022 की द इंपैक्ट रैंकिंग के अनुसार, श्री श्री यूनिवर्सिटी को विश्व के सिर्फ 200 विश्वविद्यालयों में स्थान मिला है। विश्वविद्यालय को एनएएसी, एनबीए, आइसीएआर, एआइसीटीइ, एआइयू और एएमडीएसए से मान्यता प्राप्त है।

### रांची के बरियातू में बिरला हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ



रांची (आजाद सिपाही)। बरियातू स्थित बिरला हनुमान मंदिर में कलश स्थापना के साथ सात दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने रांची के जुमार नदी से जल लेकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा जुमार नदी से शुरू होकर मंदिर प्रांगण तक पहुंची, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस महायज्ञ में वाराणसी से आये आचार्य के द्वारा भागवत कथा का श्रवण भक्तों को कराया जायेगा। महायज्ञ के दौरान 3 मई को नगर भ्रमण, 4 मई को प्राण प्रतिष्ठा और 5 मई को भव्य भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर वाराणसी से आयीं कथा वाचिका परम पूज्य रश्मि मिश्रा, आचार्य रोहित सांकृत्यायन और उप आचार्य राघव मिश्रा श्रद्धालुओं को भागवत महापुराण का श्रवण करायेंगे। बिरला हनुमान मंदिर के मुख्य संरक्षक दयानंद प्रसाद सिंह ने मंदिर की विशेषता और इसके इतिहास की जानकारी देते हुए कहा कि यह मंदिर वर्षों के संघर्ष और तपस्या का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बजरंगबली की विशेष कृपा से ही यह कार्य फलीभूत हो रहा है। इस पुनीत कार्य में कमेटी के सभी लोग लगे हुए हैं।

### जाति जनगणना कराना आम जनता की जीत : लाल किशोर नाथ शाहदेव



रांची (आजाद सिपाही)। जाति जनगणना के केंद्र के फैसले को लेकर झारखंड कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने कहा कि यह हमारे नेता राहुल गांधी के प्रयासों और आम जनता की जीत है। श्री शाहदेव ने कहा हमारे नेता राहुल गांधी जाति जनगणना को लेकर आम जनता की आवाज बनकर मुखरता से जनता की मांग उठाते रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने भी संसद के दोनों सदनों में जाति जनगणना की मांग उठाती रही है। मेरा मानना है कि केंद्र की सरकार 2021 की लंबित जनगणना को यदि अब जल्द से जल्द जाति आधार पर पूरा करेगी तो सामाजिक न्याय के साथ विकास योजनाएं भी बन पायेगी।




# चेन्नई प्लेऑफ की रेस से बाहर

## पंजाब ने 4 विकेट से हराया, चहल ने हैट्रिक ली, श्रेयस-प्रभसिमरन की फिफ्टी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चेन्नई।** 5 बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स आइपीएल 2025 में प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गयी है। टीम को पंजाब किंग्स ने 4 विकेट से हराया। पंजाब ने 191 रन का टारगेट 19.3 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 72 और प्रभसिमरन सिंह ने 54 रन की पारी खेली। चेन्नई 19.2 ओवर में ऑलआउट हो गयी। पंजाब ने चेन्नई को उसी के घर में लगातार तीसरे मैच में हराया है।



चेपॉक स्टेडियम में टॉस जीतकर गेंदबाजी कर रही पंजाब की ओर से पंजाब से युजवेंद्र चहल ने आइपीएल में दूसरी बार हैट्रिक ली। उन्होंने 19वें ओवर में नूर अहमद (शून्य), अंशुल कंबोज (शून्य), दीपक हुड्डा (2 रन) और एमएस धोनी (11 रन) को आउट किया। चहल ने 2022 में कोलकाता के खिलाफ भी एक ओवर में 4 विकेट झटके थे। सैम करन ने 88 रन और डेवाल्ड ब्रेविस ने 32 रन बनाये।


इस जीत से पंजाब की टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर आ गयी है, जबकि चेन्नई 4 अंक के साथ सबसे निचले पायदान पर है।

# ओरमांझी माउंट कार्मेल स्कूल के अभिनव आइसीएसइ बोर्ड में 99.4 प्रतिशत अंक लाकर बने स्टेट टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** बुधवार को आइसीएसइ बोर्ड दसवीं का रिजल्ट प्रकाशित हुआ। माउंट कार्मेल स्कूल ओरमांझी के अभिनव कुमार ने 99.4 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल के साथ झारखंड स्टेट टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। माउंट कार्मेल स्कूल से इस वर्ष 177 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया। जिसमें 15 बच्चे 90% से अधिक अंक, 32 बच्चों ने 80% से अधिक अंकों के साथ परीक्षा पास की। अभिनव कुमार 99.4% अंकों के साथ स्कूल टॉपर बने। 99% अंकों के साथ मारिया नया फातिमा दूसरे स्थान पर रहीं। शिवम कुमार सिंह 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ







तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय के डायरेक्टर फादर दीपक ने सभी शिक्षकों एवं बच्चों को बधाई दी और उन्हें आने वाले वर्षों में और बेहतर करने की प्रेरणा दी। सिस्टर ब्रिजिट विद्यालय की प्राचार्या ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सिस्टर ब्रिजिट ने बताया कि माउंट कार्मेल विद्यालय का 10 + 2 का नया सत्र भी इस वर्ष शुरू होने वाला है। निदेशक फादर दीपक ने बताया कि स्कूल नित्य नये आयाम को प्राप्त कर रहा है। पिछले वर्ष 98.8% रिजल्ट के बाद 99.4% लाकर विद्यार्थियों ने विद्यालय के प्रशासन शिक्षक और बच्चे गर्व महसूस कर रहे हैं। स्कूल के विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर निदेशक फादर दीपक ने +2 में नामांकन लेने वाले बच्चों के लिए विशेष घोषणा की। 90%से ऊपर अंक लाने वालों विद्यार्थियों का नामांकन मुफ्त होगा। वहीं 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों का 50 प्रतिशत में नामांकन होगा।

## श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में अक्षय तृतीया के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना और भव्य भजन-कीर्तन, महाआरती का आयोजन किया गया। श्री राज श्यामजी को फल, मेवा, चूरमा, पेड़ा का विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे द्वारा लगाया गया। विधि विधान से पूजा-अर्चना एवं महाआरती की गयी। सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद भोग का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांके मेंटल हॉस्पिटल की नर्सिंग ग्रुप की 100 महिलाओं ने भाग लिया। ग्रुप की दीक्षा कुमारी के सानिध्य में भजन-कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। ग्रुप की महिलाओं द्वारा गाये मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में विराजमान श्री राज श्यामजी का भव्य श्रृंगार किया गया। अक्षय तृतीया के अवसर पर सैकड़ों भक्तों ने दर्शन किये।

## रांची में 2 मई को मिस यूनिवर्स इंडिया का आयोजन

**झारखंड से 21,ओड़िशा 05 और छत्तीसगढ़ से 09 प्रतिभागी हिस्सा लेंगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची स्थित रेडिसन ब्लू होटल में 2 मई 2025 को मिस यूनिवर्स इंडिया का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें झारखंड से 21,ओड़िशा 05 और छत्तीसगढ़ से 09 प्रतिभागी हिस्सा लेंगी। इस संबंध में बुधवार को रांची के करमटोली स्थित रांची प्रेस क्लब आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बिडेक्स सदस्यों द्वारा जानकारी दी गयी। बीडेक्स के सह संस्थापक श्रेयांश जैन ने बताया कि यह कार्यक्रम बिडेक्स द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसे ग्लैमानंद एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड से आधिकारिक लाइसेंस प्राप्त हुआ है। इस आयोजन के दौरान, राज्य की संस्कृति, हस्तशिल्प और विरासत का प्रदर्शन किया जायेगा। टॉप फाइव विजेता नयी दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर के खिताब के लिए राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्यक्रम में राज्य की अद्भुत आदिवासी संस्कृति का प्रदर्शन भी किया जायेगा। दिल्ली से जजों का एक पैनल रांची आयेगा। उन्होंने कहा कि ट्राइबल डवलपमेंट पर फोकस किया गया है। इसमें पांच ट्राइबल लड़कियां पार्टिसिपेट कर रही हैं।

# जातीय गणना कराना ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम : राजेंद्र प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने केंद्र सरकार की ओर से जातीय जनगणना कराने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओबीसी के सच्चे हितैषी हैं। प्रसाद ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया है। राजेंद्र प्रसाद ने जातीय जनगणना कराने के निर्णय को ऐतिहासिक और



क्रांतिकारी कदम बताया है, क्योंकि जातीय जनगणना की मांग लंबे समय से होते रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जातीय जनगणना नहीं होने से देश में पिछड़ी जातियों का आंकड़ा को लेकर देश में भ्रम की स्थिति बनी है। प्रसाद ने कहा कि जातीय जनगणना से ओबीसी की आबादी के अनुसार हिस्सेदारी तय होगी। ओबीसी को आबादी के अनुपात आरक्षण मिल सकेगा। प्रसाद ने कहा कि पिछड़ी जातियों की जनगणना 1931 में हुई थी, अब 94 सालों के बाद फिर से जातीय जनगणना हो रही है। जातीय जनगणना से सभी जातियों का सही आंकड़ा सामने आयेगा और राजनीतिक आर्थिक, सामाजिक स्थिति की सही-सही जानकारी मिलेगी। मोर्चा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड के 7 जिलों में ओबीसी का आरक्षण को शून्य कर दिया गया है। इन जिलों में भी ओबीसी को न्याय मिलेगा। जातीय जनगणना से झारखंड में मूलवासी सदानों को न्याय मिलेगा।

## मां-पिता की स्मृति में निराश्रित महिलाओं को कराया भोजन

**पीड़ित मानवता की सेवा से होती है सुखद अनुभूति: अभिजीत भट्टाचार्य**

**गरीबों और लाचारों की सेवा करना मानव धर्म है : तुषारकांत शीट**


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय स्टेट बैंक से सेवानिवृत्त अधिकारी अभिजीत भट्टाचार्य और उनकी पत्नी शुभ्रा भट्टाचार्य ने अपने माता-पिता अचिन भट्टाचार्य-अर्ती भट्टाचार्य की स्मृति में बुधवार को लटमा रोड, (सिंह मोड़) स्थित वृद्ध आश्रम अपना घर में निराश्रित महिलाओं को दोपहर का भोजन कराया। इस अवसर पर वृद्ध महिलाओं के बीच वस्त्र और फल आदि का भी वितरण किया गया।



मौके पर श्री भट्टाचार्य ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म है। गरीबों एवं लाचारों की सेवा करने से सुखद अनुभूति होती है। वहीं, इस अवसर सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्री रामकृष्ण सेवा संघ के सहायक सचिव तुषारकांत शीट ने कहा कि पीड़ितों की सेवा से अद्भुत संतुष्टि मिलती है। उन्होंने गरीबों लाचारों की सेवा करने के प्रति समाजसेवियों और अन्य सामाजिक संगठनों से बढ़कर सहभागिता निभाने की अपील की।

## राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने पीएम मोदी का आभार व्यक्त कर दिया धन्यवाद



रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा धन्यवाद और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने हमारी वर्षों से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए जाति जनगणना कराने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है। यह फैसला सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के इस निर्णय से देश के विभिन्न वर्गों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को समझने में मदद मिलेगी, जिससे नीतियों और कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा। साथ ही देश के समस्त राजनीतिक दल के नेताओं, जिन्होंने जाति जनगणना की आवाज बुलंद की सहित प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी को भी सड़क से लेकर सदन तक आवाज को गंभीरता से बुलंद करने के लिए उन्हें भी आभार है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के अलावा उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, दिलीप वर्मा, प्रो प्रेम नंदन मंडल, उमेश जायसवाल, संजय मेहता, रामावतार कश्यप, अजय मेहता, सुरेश ठाकुर, प्रमोद कुमार, सुग्रीव यादव, जयराम ठाकुर, राम लखन साहू, अधिवक्ता मोर्चा संयोजक अधिवक्ता जगत सोनी, सुनील जायसवाल, विद्याधर प्रसाद, अधिकारी कर्मचारी मोर्चा अध्यक्ष लाल बिहारी यादव महासचिव डॉ शिवानंद काशी सचिव विवेक कुमार, पंकज सिंह, सत्येंद्र यादव, विष्णु कुमार, संतोष सोनी, संजीत चौरसिया, जगदीश साहू, संतोष शर्मा, वसीम अहमद, विनय चंद्रवंशी ने पीएम मोदी का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया है।

# सीएम को स्वीडन और स्पेन यात्रा पर श्वेत पत्र जारी करना चाहिए : प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री की स्वीडन और स्पेन यात्रा को व्यक्तिगत पर्यटन के लिहाज से बेहद सफल लेकिन निवेश के लिहाज से पूर्णतः असफल यात्रा बताया। प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि मुख्यमंत्री को अपनी हालिया स्वीडन और स्पेन यात्रा का श्वेत पत्र शीघ्र जारी करना चाहिए। इस श्वेत पत्र में यात्रा पर हुए संपूर्ण खर्च का विवरण और निवेश संबंधी हुए समझौतों की स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए। केवल निवेश की संभावनाओं या मौखिक आश्वासनों की चर्चा करना पर्याप्त नहीं है। प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री यूरोप के दो सबसे दर्शनीय देश का पर्यटन के लिहाज से सफल भ्रमण करके लौट आये हैं। प्रतुल बुधवार को प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। इस मौके पर सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक भी मौजूद थे। प्रतुल ने कहा के मुख्यमंत्री की जो पहली तस्वीर भी आयी थी वह एक बैकपैकर की भूमिका में थी जिसमें मुख्यमंत्री बैग टांगे दूतावास के अधिकारी से गुलदस्ता ले रहे थे। मुख्यमंत्री अपने कैमरे से दर्शनीय स्थलों के फोटोग्राफ खींचते भी दिखे। प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार ने 11 सदस्यीय दल के लिए लगभग 4.30 करोड़ रुपये की स्वीकृति देकर राशि एक निजी इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को दे दी है। जबकि रांची के प्रतिष्ठित टूरिस्ट ऑपरेटर रांची से स्वीडन और स्पेन की यात्रा का खर्च प्रति व्यक्ति दो लाख 75 हजार रुपये व्यक्ति बता रहे हैं। अगर मुख्यमंत्री के लिए घूमना ही मकसद था तो इस टूर ऑपरेटर का सहारा ले सकते थे। मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि इस कंपनी को इवेंट मैनेजमेंट और सारे प्रोग्राम को मैनेज करने के लिए और कितने करोड़ रुपये का भुगतान होगा। उन्होंने कहा कि इस पूरी यात्रा में करोड़ों रुपये फूंके गये लेकिन झारखंड में निवेश का कोई लिखित समझौता की सूचना नहीं आयी। मुख्यमंत्री के ऑफिशियल एक्स हैंडल ने जो तस्वीर जारी की इसमें निवेश की संभावनाओं और निवेशकों को आमंत्रण देने से संबंधी सूचना थी। कोई लिखित एग्रीमेंट की सूचना नहीं हुई।

## जिंदगी की जंग हार गयी पायल रिम्स में ली आखिरी सांस

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के नयी सराय, महतो टोला निवासी 23 वर्षीय पायल जिंदगी की जंग हार गयी। बुधवार की रात उसने रिम्स में ही आखरी सांस ली। प्रेमी के द्वारा ठुकराये जाने और उसके परिजनों द्वारा किये गये दुर्व्यवहार के बाद उसने अपने शरीर में आग लगा ली थी। 24 अप्रैल को हुई इस घटना के बाद उसे आनन-फानन में रिम्स में भर्ती कराया गया था। इस दौरान उसने महिला थाना प्रभारी श्वेता कुजूर के खिलाफ भी बयान दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने इस मामले में कार्रवाई की थी। उन्होंने महिला थाना प्रभारी श्वेता कुजूर को 27 अप्रैल को निलंबित कर दिया था। एसपी द्वारा गठित एसआइटी ने कांड संख्या 6/25 के अभियुक्त घाटो निवासी सुमित कुमार, पप्पू सिंह और आलोक सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।


**शपथ पत्र**



शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं.605 दिनांक 22.04.2025 मै सचिन कुमार, पिता - जयप्रकाश केशरी उम्र 23 वर्ष, ग्राम - भरनो, पो0- भरनो, थाना - भरनो, जिला - गुमला, झारखण्ड, शपथ पूर्वक हलफ्न ब्यान करता हूं कि

1. यह कि मै उपर लिखा पता का निवासी हू।
2. यह कि मैने बैंक ऑफ इण्डिया शाखा भरनो में एक बचत खाता खोला हू, जिसका खाता सं. 496910510004512 है एवं उक्त खाता खोलते समय अपना नाम सचिन केशरी नाम दर्ज करवाया था।
3. यह कि मेरा आधार कार्ड मे मेरा नाम सचिन कुमार दर्ज है।
4. यह कि मै अपने पासबुक में सचिन केशरी के जगह सचिन कुमार नाम दर्ज करवाना चाहता हूँ।
5. यह कि यह शपथ पत्र मै अपना नाम सुधार करने के लिए कर रहा हूं।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 5737 दिनांक 28.04.2025 मैं रामजीत कुमार पिता - स्व0 झरीलाल महतो श्रेणी - सामान्य पेशा - गृहस्थी स्थाई निवासी ग्राम-बनतारा थाना-गोला जिला-रामगढ (झारखण्ड) राष्ट्रीयता भारतीय शपथपूर्वक निम्न बयान करते हैं कि -

1. यह कि मौजा- बनतारा थाना नं0 24 थाना - गोला जिला - रामगढ़ अन्तर्गत खाता नं0 4 प्लॉट नं0 80 रकवा 15 डिसमील जमीन बजरीये केवाला खरीदगी दस्तावेज नम्बर 5768 सन 1974 ई0 को आवेदक के पिता के नाम से हासिल जमीन हैं।
2. यह कि उक्त केवाला में मेरे पिता का नाम झरी राम महतो अंकित है।
3 यह कि उपरोक्त जमीन के जमाबंदी अंचल कार्यालय गोला के राजस्व पंजी 2 के भोलुम नम्बर 1 के पृष्ट संख्या 154 पर मेरे पिता का नाम झरी महतो अंकित है। 4 यह कि मेरा आधार नम्बर 2146 6505 2605 है मेरे आधार में मेरे पिता का नाम झरीलाल महतो अंकित है। 5. यह कि झरी राम महतो उर्फ झरी महतो उर्फ झरीलाल महतो तीनो नाम एक ही व्यक्ति का नाम है जो मेरे पिता है। मेरे पिता स्वर्गवास हो चुका है।
6. यह कि मै यह शपथ पत्र उपरोक्त जमीन के केवाला दस्तावेज के निष्पादन हेतू दे रहा हूँ ताकि उपरोक्त जमीन के केवाला दस्तावेज के निष्पादन करने में किसी तरह का कोई कानूनी अड़चन वो परेशानी नहीं हो।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं. पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2025/12, दिनांक 29.04.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय (पांचवीं मंजिल), नया प्रशासनिक भवन, 11, गार्डनरीच रोड, कोलकाता-700043 द्वारा 'ई' प्रोक्योरमेंट प्रणाली के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसे निम्नानुसार वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। सभी निविदाएं अपराह्न 2.00 बजे बंद कर दी जाएगी। **क्रमांक एवं निविदा सं., खुलने की नियत तारीख, संक्षिप्त विवरण, मात्रा, ईएमडी रकम** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **(1) जीईएम2025बी6141360;** 06.05.2025; सामग्री परिवहन सेवा - मासिक आधारित सेवा - राज्य के बाहर, भारतीय रेल की अतिरिक्त सामग्री, खुली बॉडी एलसीवी ट्रक; 01 अदद; रु. 1,05,840/-। **(2) 38253883;** 05.05.2025; 7/8" (22.22 मिमीएफ) व्यास जिंक प्लेटेड/गलवनाइज्ड लॉक बोल्ट साथ में कॉलर इत्यादि; 62770 अदद; रु. 1,56,710/-। **(3) 38251524;** 20.05.2025; निरंतर सम्पर्क पॉलीयूरेथिन साइड बीयरर असेम्बली इत्यादि; 4670 अदद; रु. 9,74,270/-। **(4) 38251512;** 27.05.2025; कैसनब 22 एचएस बोगी के लिए मॉडिफाइड सेंटर पाइवोट टॉप (फ्लैट टाइप); 3110 अदद; रु. 6,31,940/-। **(5) 79251770;** 15.05.2025; तकिया का कवर इत्यादि; 265052 अदद; रु. 2,38,970/-। **(6) 60250040;** 15.05.2025; 60 किग्रा के लिए मेटल लाइनर का निर्माण एवं आपूर्ति; 3000000 अदद; रु. 15,54,600/-। **(7) 60250003ए;** 15.05.2025; इलास्टिक रेल क्लिप इत्यादि का निर्माण एवं आपूर्ति; 7500000 अदद; रु. 50,00,000/-। **(8) जीईएम बोली सं. जीईएम/2025/बी/6148371;** 12.05.2025; आईएस 14255 (03) के अनुसार एरियल बंच्ड केबल; 32000 मीटर; रु. 1,72,186/-। **(9) जीईएम बोली सं. जीईएम/2025/बी/6148667;** 20.05.2025; आईएस 14255 (क्यू3) के अनुसार एरियल बंच्ड केबल; 65000 मीटर; रु. 1,81,012/-। **(10) जीईएम बोली सं. जीईएम/2025/बी/6159834;** 19.05.2025; ग्रीन एसी सहित स्प्लिट एयर कंडीशनर, वॉल माउंट टाइप; 240 अदद; रु. 3,38,400/-। **(11) एचबी255722;** 20.05.2025; वायल पैकिंग में इंजेक्शन सेफ्टाजाइडाइम 2 ग्राम+एविबैक्टम 0.5; 3720 वायल्स; रु. 1,32,490/-। **(12) एचबी255749;** 20.05.2025; इंजेक्शन इंसुलिन डिग्लूडेक 100आईयू/एमएल, 3 एमएल फ्लेक्सटच; 4200 फ्लेक्सटच; रु. 1,37,030/-। **(13) 33251492;** 27.05.2025; सीबीसी के लिए मैनुअल अनकपलिंग यंत्र; 800 अदद; रु. 3,37,950/-। **(14) 33253254;** 04.06.2025; उच्च क्षमता वाला इंटर व्हिकल कपलर; 307 अदद; रु. 14,73,600/-। **(15) 33251491;** 09.06.2025; व्हील सेट अर्थिंग उपकरण इत्यादि; 2232 सेट; रु. 14,31,790/-। **(16) 33253048;** 26.05.2025; फिएट आईआर बोगी के लिए यॉ डम्पर; 3918 अदद; रु. 8,66,300/-। इच्छुक निविदादातागण निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इन मदों के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** प्रत्याशित बोलीदातागण अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए तथा इसके उपरांत प्रकाशित किसी भी संशोधन हेतु नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-98)

# एकता का संदेश

प

पहलगाम हमले के खिलाफ जम्मू और कश्मीर विधानसभा से आयी आवाज आतंकियों को करारा जवाब है। जिस तरह से राजनीति को दरकिनार कर पूरा सदन एकजुट हुआ, उससे आतंकी को संदेश मिल गया कि एकता, अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा जैसे मसलों पर पूरा देश एक है।

**जनता की भावना :** पहलगाम के जरिये आतंकवादी भारत में सांप्रदायिक तनाव पैदा करना चाहते थे। लेकिन देशभर और जम्मू-कश्मीर से आई प्रतिक्रियाओं ने ऐसा होने नहीं दिया। सुखद रूप से यह पहली बार है, जब पूरी घाटी अपने डर और आशंकाओं को पीछे छोड़ कर सड़कों पर उतर आयी। कश्मीरियों ने इस आतंकी हमले को कश्मीरियत पर हमला बताया और यही भावना देखने को मिली जम्मू-कश्मीर विधानसभा में।

**आतंकवाद का खात्मा :** सदन में लाये गये प्रस्ताव में कहा गया कि ऐसे आतंकवादी कृत्य कश्मीरियत की आत्मा, संविधान में निहित मूल्यों और जम्मू-कश्मीर एवं देश की लंबे समय से पहचान रही एकता, शांति और सौहार्द की भावना पर सीधा हमला है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बिल्कुल ठीक कहा कि लोगों के समर्थन से ही आतंकवाद का खात्मा हो सकता है और वह वक्त आ चुका है। पहलगाम की वारदात ने आतंकवादियों और उनके आकाओं को पूरी तरह बेनकाब कर दिया है। घाटी की जनता को यह बात समझ आ चुकी है कि उन्हें इतने बरसों तक केवल बरगलाया गया। यही वजह है कि घाटी में आतंकियों के खिलाफ हो रही कार्रवाई को सभी का साथ मिल रहा है।

**सदन में लाये गये प्रस्ताव में कहा गया कि ऐसे आतंकवादी कृत्य कश्मीरियत की आत्मा, संविधान में निहित मूल्यों और जम्मू-कश्मीर एवं देश की लंबे समय से पहचान रही एकता, शांति और सौहार्द की भावना पर सीधा हमला है।**

**राजनीति से ऊपर देश :** सदन के विशेष सत्र में उमर अब्दुल्ला का यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि इस मौके पर वह जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग नहीं करेंगे। यह मुद्दा नैशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र का हिस्सा है, लेकिन उन्होंने राजनीति को पीछे रखते हुए पहले राष्ट्रीय हित को देखा, इसकी प्रशंसा होनी चाहिए। केंद्र से टकराने और सियासत करने के मौके कई आयेंगे, अभी मौका है कंधे से कंधा मिला कर चलने का। पहलगाम जैसी घटनाएं किसी राष्ट्र के लिए परीक्षा जैसी होती हैं और इसमें अहम हो जाता है कि सभी पक्ष सरकार के साथ एकमत रहें।

**करारा जवाब :** पहलगाम के दोषियों को उनके किये की सजा जरूर मिलनी चाहिए। साथ में यह भी जरूरी है कि देश उनके बिछाये जाल में न फंसे। पाकिस्तान में बैठे आतंक के आकाओं को सबसे करारा जवाब यही होगा कि पूरा भारत इस मामले को लेकर एक बना रहे।

अभिमत
आजाद सिपाही

**दशकों से इसकी धरती का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवाद, उग्रवाद और चरमपंथी विचारधारा के लिए लॉन्चपैड के रूप में किया जाता रहा है। 2018 में, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा था कि पाकिस्तान सरकार ने 2008 के मुंबई हमलों में भूमिका निभायी थी, जिसे पाकिस्तान स्थित इस्लामी आतंकवादी संगठन, लश्कर-ए-तैयबा ने अंजाम दिया था। परवेज मुशर्रफ ने स्वीकार किया था कि उनकी सेना ने भारत शासित कश्मीर में भारत से लड़ने के लिए आतंकवादी समूहों को प्रशिक्षित किया था।**

# पाकिस्तान आतंक के रास्ते पर: कश्मीर से काबुल और उससे आगे

पीआइबी



आतंकवाद को प्रायोजित करने, उसे पनाह देने और दूसरे देशों में आतंक को बढ़ावा देने में पाकिस्तान का रिकॉर्ड, दुनिया की सबसे खतरनाक और अस्थिर करने वाली ताकतों में से एक के रूप में रहा है। दशकों से इसकी धरती का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवाद, उग्रवाद और चरमपंथी विचारधारा के लिए लॉन्चपैड के रूप में किया जाता रहा है। 2018 में, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा था कि पाकिस्तान सरकार ने 2008 के मुंबई हमलों में भूमिका निभायी थी, जिसे पाकिस्तान स्थित इस्लामी आतंकवादी संगठन, लश्कर-ए-तैयबा ने अंजाम दिया था। परवेज मुशर्रफ ने स्वीकार किया था कि उनकी सेना ने भारत शासित कश्मीर में भारत से लड़ने के लिए आतंकवादी समूहों को प्रशिक्षित किया था। उन्होंने कबूल किया कि सरकार ने आंखें मूंद लीं थीं, क्योंकि वह भारत को बातचीत में शामिल होने के लिए मजबूर करना चाहती थी, साथ ही इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाना चाहती थी। कुछ ही दिन पहले, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने स्वीकार किया कि उनका देश तीन दशक से अधिक समय से आतंकवादी समूहों को समर्थन दे रहा है और उन्होंने इसे अमेरिका के नेतृत्व वाली विदेश नीति के निर्णयों से जुड़ी गलती बताया।

**एक साक्षात्कार में मुशर्रफ ने स्वीकार किया कि कश्मीरियों को मुजाहिदीन के रूप में पाकिस्तान में प्रशिक्षित किया गया था।**

**वैश्विक स्तर पर आतंकवाद को बढ़ावा : अफगानिस्तान - तालिबान और हक्कानी नेटवर्क हमले:** पाकिस्तान की आइएसआइ (इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस) को अफगान तालिबान और हक्कानी नेटवर्क का समर्थन करने तथा उन्हें धन, प्रशिक्षण और सुरक्षित पनाह देने को लेकर व्यापक स्तर पर दस्तावेज तैयार किये गये हैं। ये समूह अफगान नागरिकों, सरकारी ठिकानों और अंतर्राष्ट्रीय सैन्य बलों पर कई घातक हमलों के लिए ज़िम्मेदार रहे हैं, जिनमें शामिल हैं - 2008 में काबुल में भारतीय दूतावास पर बमबारी और 2011 में काबुल में अमेरिकी दूतावास पर हमला।

वरिष्ठ पत्रकार कालोर्टा गैल ने अपनी पुस्तक में लिखा है, दूतावास पर बमबारी आईएसआई एजेंटों द्वारा अपनी मर्जी से की गयी कार्रवाई नहीं थी। इसे पाकिस्तानी खुफिया विभाग के सबसे वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मंजूरी दी गयी थी और इसकी निगरानी की गयी थी।

**रूस-मॉस्को कॉन्सर्ट हॉल हमला (2024):** अप्रैल 2025 में, मॉस्को आतंकी हमले की जांच में पाकिस्तान से जुड़े होने की बात सामने आयी। रूसी अधिकारियों ने साजिश करने वाले की पहचान एक ताजिक नागरिक के रूप में की और वे पाकिस्तान के साथ उसके संबंधों की जांच कर रहे हैं। रिपोर्टों से पता चलता है कि हमलावरों को शायद पाकिस्तानी नेटवर्क से लॉजिस्टिक्स या वैचारिक समर्थन मिला था।

**ईरान-जैश उल-अदल हमले:** पाकिस्तान स्थित सुन्नी चरमपंथी समूह जैश उल-अदल ने सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में ईरानी सुरक्षा बलों पर बार-बार हमला किया है। जवाब में, ईरान ने 16 जनवरी 2024 को पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मिसाइल और ड्रोन हमले किये, जिसमें जैश उल-अदल के ठिकानों को निशाना बनाया गया था।

**सीमा पार उग्रवाद:** ईरान ने नियमित रूप से पाकिस्तान पर सीमा पार हमले करने वाले सुन्नी आतंकवादियों को पनाह देने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहने का आरोप लगाया है।

**यूनाइटेड किंगडम -2005 लंदन बम विस्फोट:** चार ब्रिटिश इस्लामिस्ट आतंकवादियों द्वारा 7 जुलाई 2005 को लंदन में हुए बम विस्फोट को अंजाम दिया गया था, जिन्हें पाकिस्तान में प्रशिक्षण दिया गया था और कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित किया गया था। हमलावरों में से तीन-मोहम्मद सिद्दीक खान, शहजाद तनवीर और जर्मेन लिंडसे- ने 2003 और 2005 के बीच पाकिस्तान में समय बिताये थे।

**पाकिस्तान के एबटाबाद में ओसामा बिन लादेन को पनाह :** 2011 में पाकिस्तान के एबटाबाद में अल-कायदा सरगना ओसामा बिन लादेन को मारने वाली अमेरिकी खुफिया कार्रवाई से पाकिस्तान के आतंकवाद विरोधी प्रयासों से जुड़ी प्रणालीगत विफलताएं उजागर हुईं। बिन लादेन पाकिस्तान की सैन्य अकादमी के पास एक परिसर में वर्षों तक बिना किसी पहचान के रह रहा था, जिससे आइएसआइ की मिलीभगत का संदेह पैदा हुआ था।

**जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) की गतिविधियां :** पाकिस्तान की आईएसआई पर जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) को वित्तपोषित करने और प्रशिक्षण देने का आरोप है, जो एक प्रतिबंधित इस्लामी समूह है और जिस पर 2016 में ढाका में गुलशन कैफे हमले (20 बंधकों की हत्या) की जिम्मेदारी है। 2015 में, बांग्लादेशी अधिकारियों ने पाकिस्तानी राजनयिकों को जेएमबी के लोगों को धन हस्तांतरित करते रंगे हाथों पकड़ने के बाद निष्कासित कर दिया था।

2020 की एक खुफिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बांग्लादेश के कॉक्स बाजार शिविरों में 40 रोहिंग्या शरणार्थियों को जेएमबी के माध्यम से प्रशिक्षित करने में आइएसआइ संलिप्त रहा है, जिसका उद्देश्य उन्हें घुसपैठ के जरिये भारत भेजना है। खाड़ी स्थित एनजीओ और पाकिस्तानी बिचौलियों के माध्यम से वित्त पोषित जेएमबी का नेटवर्क बांग्लादेश और भारत में फैला हुआ है, जिसके पश्चिम बंगाल और केरल जैसे राज्यों में स्लीपर सेल हैं। पाकिस्तान के खुफिया तंत्र के साथ जेएमबी के संबंध इस्लामाबाद द्वारा अंतरराष्ट्रीय छद्म कारवाई के कथित उपयोग को दर्शाते हैं, जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वियों को अस्थिर करना है।

**आतंकियों को पाकिस्तान प्रायोजित प्रशिक्षण:** पाकिस्तान के इनकार के पीछे एक कठोर वास्तविकता है, एक सैन्य और खुफिया नेटवर्क ने सैनिकों को जिहादी प्रशिक्षकों में बदल दिया है, जो पूरे दक्षिण एशिया में दशकों से आतंक को बढ़ावा दे रहे हैं। पाकिस्तान के पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा (पूर्व में एनडब्ल्यूएफपी), वजीरिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) जैसे प्रांतों में आतंकी प्रशिक्षण शिविरों का एक नेटवर्क है। लश्कर-ए-तैयबा (एलइटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) और आइएसआइएस-खोरासन जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा संचालित ये शिविर; कट्टरपंथी विचारधारा, हथियार प्रशिक्षण और आत्मघाती मिशन की तैयारी के केंद्र के रूप में काम करते हैं। पूर्व पाकिस्तानी सैन्यकर्मी अक्सर प्रशिक्षण में सहायता करते हैं और कार्रवाई को ज्यादा घातक बनाने के लिए सैन्य विशेषज्ञता प्रदान करते हैं।

आतंकवाद पर अमेरिकी विदेश विभाग की काउंटी रिपोर्ट 2019 ने पाकिस्तान की एक ऐसे देश के रूप में पहचान की थी, जो क्षेत्रीय स्तर पर केंद्रित कुछ आतंकवादी समूहों के लिए एक सुरक्षित ठिकाना बना हुआ है।

**'पाकिस्तान सेना और आतंकवाद:** एक अपवित्र गठबंधन शीर्षक वाली एक रिपोर्ट में, यूरोपियन फाउंडेशन फॉर साउथ एशियन स्टडीज ने पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान, इसकी खुफिया एजेंसी-आइएसआइ और कट्टरपंथी धार्मिक नेताओं के बीच गहरे संबंधों को उजागर किया है।

सितंबर 2019 में, ब्रिगेडियर शाह ने पाकिस्तानी निजी समाचार चैनल हम न्यूज पर एक राष्ट्रीय टेलीविजन साक्षात्कार के दौरान एक चौंकाने वाला कबूलनामा किया। एक टॉक शो के दौरान पत्रकार नदीम मलिक से बात करते हुए शाह ने माना कि पाकिस्तान ने आतंकी संगठन जमात-उद-दावा (जेयूडी) पर लाखों रुपये खर्च किये हैं, ताकि इसे मुख्यधारा में लाया जा सके।

एक साक्षात्कार में मुशर्रफ ने स्वीकार किया कि कश्मीरियों को मुजाहिदीन के रूप में पाकिस्तान में प्रशिक्षित किया गया था, ताकि वे जम्मू और कश्मीर में भारतीय सेना के खिलाफ लड़ सकें।

## कोल्हान की खबरें

# अखिल भारतीय मूल निवासी अनुसूचित जाति संघ की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** नगर निगम वार्ड 24 के एनआइटी हरिजन बस्ती में पेयजल की समस्या को लेकर अखिल भारतीय मूल निवासी अनुसूचित जाति संघ की एक बैठक बुधवार को संपन्न हुई। बैठक के जरिए संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी रविदास मुखी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा नगर कमेटी को एक मांग पत्र सौंपते हुए बस्ती में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। संघ की ओर से सौंपे गये मांग पत्र के आधार पर रविदास मुखी ने बताया कि आदित्यपुर नगर निगम अंतर्गत आने वाले सभी वार्डों में निगम की ओर से डीप बोरिंग की व्यवस्था की गयी है मगर एनआइटी हरिजन बस्ती में पानी की घोर किल्लत होने के बाद भी निगम प्रशासन द्वारा डीप बोरिंग या पेयजल आपूर्ति की कोई व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गयी है, जिससे यहां रह रहे दलित परिवारों को पानी की घोर परेशानी हो रही है। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा नगर अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने भरोसा दिलाया कि इस मामले को लेकर निगम प्रशासन के साथ बात की जाएगी और अविलंब बस्ती में पेयजल की व्यवस्था करायी जायेगी। मौके पर केंद्रीय सदस्य गुरुचरण मुखी, उपाध्यक्ष राजेश लाहा, सचिव अभि मुखी के अलावा चंद्र मोहन, नेहा मुखी, मालती मुखी, गणेश मुखी, सूर्य मणि, लक्ष्मी देवी, दुखी मुखी सहित अन्य बस्ती वासी मौजूद थे।

# पूर्व जिलाध्यक्ष ने जाति जनगणना के निर्णय को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बताया



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भाजपा जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जाति जनगणना कराने के निर्णय को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बताया। उन्होंने कहा यह कदम वंचित, पिछड़े और उपेक्षित वर्गों को उनकी सही पहचान दिलाने और सरकारी योजनाओं में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में निर्णायक साबित होगा। दिनेश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा उनके नेतृत्व में सामाजिक न्याय और डेटा-आधारित सुशासन को साकार रूप मिला है। उन्होंने कहा जातिगत आंकड़ों के आधार पर नीतियों का निर्माण 'सबका साथ, सबका विकास' के लक्ष्य को साकार करेगा। यह निर्णय सामाजिक संतुलन और समावेशी विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

# कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली 6 को

**पूर्वी सिंहभूम से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता होंगे शामिल**


आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा बिस्टुपुर तिलक पुस्तकालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।बुधवार को जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता संजय पाण्डेय और खुर्शीद हसन शामिल हुए। उन्होंने आगामी 6 मई को रांची के पुराने विधानसभा मैदान धुर्वा में होने वाले विशाल₹संविधान बचाओ रैली₹ में ज्यादा से ज्यादा की संख्या में शामिल होने के लिए आह्वान किया। प्रवक्ताओं ने कहा भारत का संविधान बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा समस्त वर्गों, युवाओं,महिलाओं, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा हेतु बनाया गया था। लेकिन वर्तमान केंद्र सरकार के द्वारा संविधान के मूल तत्वों और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सुनियोजित हमले किए जा रहे हैं। इसके विरोध में 6 मई को राजधानी में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है। रैली में मुख्य अतिथि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणुगोपाल,पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी के राजू, इमरान प्रतापगढ़ी, कन्हैया कुमार सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। रैली की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश करेंगे। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा पूर्वी सिंहभूम जिले के 18 प्रखंडों से हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता 6 मई को इस ऐतिहासिक रैली में भाग लेने के लिए रांची रवाना होंगे। प्रवक्ता संजय पांडेय ने बताया यह रैली कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे 40 दिवसीय संविधान बचाओ आंदोलन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस आंदोलन के तहत 6 से 10 मई तक जिला स्तरीय कार्यक्रम,11 से 17 मई तक विधानसभा स्तर पर अभियान,20 से 30 मई तक घर-घर जाकर संविधान की प्रति वितरण कर जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।उन्होंने कहा केंद्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं एवं न्यायपालिका पर दबाव और दखल चिंताजनक है। उन्होंने कहा 6 मई को रांची में प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक भी आयोजित की जायेगी। जिसमें कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर प्रदेश सचिव गोपाल यादव, अतुल गुप्ता, जिला प्रवक्ता राजीव मिश्र, रंजीत सिंह, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद सहित कई नेता उपस्थित रहे।

# राजेंद्र विद्यालय घुटिया के छात्र-छात्राओं को आइसीएससी 10वीं परीक्षा में मिली सफलता

आजाद सिपाही संवाददाता



वीरमन्यु भारती, आकाश कुमार, नीलाद्री महतो और अनु कुमारी।

**जमशेदपुर।** आईसीएससी दसवीं परीक्षा परिणाम में राजेंद्र विद्यालय घुटिया के छात्र-छात्राओं ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के सभी 19 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की। जिनमें से पांच विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं 15 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की। प्रमुख सफल छात्र-छात्राओं में वीरमन्यु भारती (88.8%), आकाश कुमार (86.6%), नीलाद्री महतो (86.4%), अनु कुमारी (85.2%) एवं दिव्यांका कुमारी (80.6%) का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा। इन विद्यार्थियों ने 'जहां चाह वहां राह' की कहावत को चरितार्थ करते हुए यह सिद्ध किया है दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्या खुशबू ठाकुर ने समस्त छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा यह सफलता ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा है। जिन्होंने सीमित संसाधनों में रहकर भी कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया। प्रधानाचार्या ने कहा यह सफलता शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। इन बच्चों ने यह साबित कर दिया संकल्प और परिश्रम से किसी भी परिस्थिति को मात देकर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। राजेंद्र विद्यालय, घुटिया अपने छात्रों को न केवल शैक्षणिक सफलता के लिए बल्कि नैतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी तैयार करने के लिए संकल्पित है। यह परिणाम उन सभी छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने भविष्य को बेहतर बनाने का सपना देखते हैं।

# चुनौतियां और अवसर विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के पास एमबीएनएस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में 21वीं सदी में शिक्षा चुनौतियां और अवसर विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। बुधवार को विवेक सिंह के अध्यक्षता में आयोजित शैक्षणिक संगोष्ठी में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आये विद्वानों ने सहभागिता की और अपने विचारो को साझा किये। ओपन यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ के डॉ बंश गोपाल सिंह कुलपति और सुन्दरलाल शर्मा ने कहा 21वीं सदी की शिक्षा प्रणाली में नवाचार और तकनीकी समावेश अत्यावश्यक है। जिससे विद्यार्थियों को प्रभावी रूप से शिक्षित किया जा सके। पटना पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर डॉ राजीव कुमार मल्लिक ने शिक्षा को जीवन कौशल से जोड़ने और छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया।

# वरिष्ठ पत्रकार एसएन दुबे का निधन, जमशेदपुर और सरायकेला खरसावां प्रेस क्लब ने जताया शोक



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर और सरायकेला खरसावां जिले के वरिष्ठ पत्रकार एसएन दुबे का उनके आदित्यपुर स्थित निवास में निधन हो गया। बुधवार शाम उनके मृत्यु की सूचना मिलने पर प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर और प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला खरसावां के पत्रकारों के बीच शोक का लहर दौड़ पड़ी। मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पत्रकार एसएन दुबे बीते कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। घर पर ही उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन से दोनो जिले में पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह और प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला खरसावां के अध्यक्ष मनमोहन सिंह राजपूत ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त की। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कोल्हान क्षेत्र में एसएन दुबे पत्रकारिता के एक मजबूत स्तंभ रहे। उनके असामयिक निधन से पत्रकारों ने अपना एक मार्गदर्शक और सच्चा अभिभावक को खो दिया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दादा-दादी/नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बागबेड़ा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पारिवारिक मूल्यों एवं भारतीय संस्कृति को समर्पित 'दादा-दादी/नाना-नानी सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। बुधवार को कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, सचिव एवं क्षेत्र की पार्षद डॉ कविता परमार, कोषाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, अभिभावक प्रतिनिधि बिपिन तिवारी और विद्यालय के प्रधानाचार्य रंजय कुमार राय द्वारा मां सरस्वती, ॐ और भारत माता के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्जलित और पुष्पार्चन कर किया गया। प्रधानाचार्य रंजय कुमार राय ने कहा बच्चों के जीवन में दादा-दादी और नाना-नानी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वे न केवल बच्चों को स्नेह और संरक्षण देते हैं, बल्कि उनके भीतर संस्कारों का भी संचार करते हैं। आज के व्यस्त जीवन में जब माता-पिता दोनों कार्यरत होते हैं, तब घर में बुजुर्गों की उपस्थिति बच्चों के लिए एक मजबूत नैतिक आधार बन जाती है। मुख्य अतिथि डॉ. कविता परमार ने कहा हमें अपने परिवारों में बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। उन्हें किसी भी प्रकार की उपेक्षा या कष्ट से दूर रखना चाहिए। उन्होंने बुजुर्गों को तनावमुक्त जीवन जीने, मोबाइल से दूरी बनाए रखने, नियमित योग और भ्रमण करने की सलाह दी,ताकि वे स्वस्थ और प्रसन्न रहें तथा अपने अनुभवों से परिवार को समृद्ध कर सके। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने दादा-दादी और नाना-नानी के चरण पखारकर, तिलक व आरती कर तथा पुष्प अर्पित कर उनका सम्मान किया। इसके पश्चात बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कर सभी उपस्थितजनों का मन मोह लिया।

## गढ़वा में फरार वारंटियों पर पुलिस का एक्शन

# 21 को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर/गढ़वा।** जिले में पुलिस विभाग द्वारा वारंटियों के ऊपर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिले के वैसे वारंटियों पर कार्रवाई चल रही है, जिनपर वारंट जारी है और वे कई वर्षों से फरार चल रहे हैं। इसे देखते हुए गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय द्वारा सभी थानों को निर्देश दिया गया है कि जितने भी पुराने वारंटी हैं, उनपर कार्रवाई की जाये। एसपी के निर्देश के बाद सभी थानों की पुलिस कार्रवाई में जुट गयी है। इसी के तहत बंशीधर नगर अनुमंडल क्षेत्र के सात थानों से विभिन्न मामलों के 21 वारंटी को गिरफ्तार कर गढ़वा जेल भेज दिया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय के निर्देश पर सभी थानों के थाना प्रभारी के साथ टीम बनाकर कार्रवाई की गयी थी, जिसमें 29 अप्रैल के मध्य रात्रि में अनुमंडल क्षेत्र में दस से बारह वर्ष से फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी की गयी है। वहीं कई थानों के 66 वारंटी के वारंट का निष्पादन किया गया। पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी में बंशीधर नगर थाना से 8, रमना थाना से 5, धुरकी थाना से एक, भवनाथपुर थाना से एक, खरौंधी थाना से दो, केतार थाना से एक और हरिहरपुर ओपी से तीन वारंटी शामिल हैं। आयोजित प्रेसवार्ता में थाना प्रभारी आदित्य नायक, अवर निरीक्षक सुंदर सोरेन, रमना सहित सभी थानों के अवर निरीक्षक उपस्थित थे।

### करीब 20 वर्षों से फरार चल रहे वारंटी गिरफ्तार

धुरकी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के करवापहाड़ गांव निवासी रेयाज अंसारी उर्फ तिवारी जी पिता शरफुद्दीन अंसारी जिनके विरुद्ध न्यायालय में GR 839/2007 के तहत केस चल रहा था, उन्हें बीते रात्रि धुरकी पुलिस ने नगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस बाबत जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि 2007 में रेयाज अंसारी के विरुद्ध अवैध हथियार रखने के आरोप में कांड दर्ज किया गया था, जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। जिस सम्बन्ध में न्यायालय द्वारा वारंट निर्गत किया गया था जिसके आलोक में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार समकालीन अभियान चलाकर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। इसी दौरान धुरकी थाना के एक अन्य पॉक्सो केस में बीरबल गांव से एक नाबालिग बालक को निरुद्ध किया गया है, जिसे भी न्यायालय में उपस्थापन कराया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि जो कोई वारंटी या अपराधी गिरफ्तारी के डर से भागे फिर रहे हैं वे अविलंब आत्मसमर्पण करें अन्यथा पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजेगी।

# सड़क दुर्घटनाओं में एक दर्जन लोग घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर में बुधवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए बाईक, ऑटो और बोलेरो दुर्घटनाओं में करीब एक दर्जन लोग घायल हो गये। सभी घायलों को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में लाया गया, जहां चिकित्सक डॉ अभिनीत विश्वास और इंद्र किशोर विश्वकर्मा के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होने पर तीन लोगों को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पहली घटना भवनाथपुर मुख्य पथ के ब्लॉक गेट पर एक स्कूटी और बस के बीच हुए टक्कर में आनंद कुमार पिता मंगरू साह लमारी कला डंडई उसकी सरहज श्रद्धा सेवी पति संजय साह अरसली दक्षिणी के मजूराही टोला निवासी भवनाथपुर ब्लॉक गेट के पास स्कूटी और बस के टक्कर में घायल हो गये। जबकि दूसरी घटना केतार के आमवाडीह में एक ऑटो और बोलेरो के टक्कर में दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गये, जिसमें शकुंति देवी पति सोनू, रामदेव सिंह बेगा डीह सुनील कुमार यादव, पिता नागेंद्र यादव घर प्रति चांदनी कुमारी पिता रमेश राम प्रति रंजीत कुमार पिता कमलेश कुमार प्रति बांस्कटीया संगीता देवी पति सोनू चेरी पीपरखांड सहित लोग केतार से प्रति जाने के क्रम में अमावडीह के पास एक अनियंत्रित बाराती बोलेरो के टकराव में लोग घायल हो गये, जिनमें दो की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को भवनाथपुर सीएचसी लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों को रेफर कर दिया। दुर्घटनाओं की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही जे एमएम कार्यकर्ता प्रखंड अध्यक्ष अरुण रावत, मनोज यादव, गोपाल यादव, कसमुदीन, दीपक सहित लोग सभी घायलों को इलाज में मदद किया।

## बोलेरो और टेंपो की टक्कर, तीन घायल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड अंतर्गत आदिवासी बहुल क्षेत्र परती कुशवानी पंचायत के छाताकुंड मुख्य सड़क पर बोलेरो और टेंपो की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गयी, जिसमें टेंपो सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार टेंपो केतार से जा रही थी। वहीं पीछे से तेज रफ्तार में आ रही बोलेरो ने टेंपो में जोरदार टक्कर मारा, जिसमें टेंपो सवार बधौता निवासी आरती कुमारी पिता नागदेव सिंह को माथा में गंभीर चोट आयी, दूसरा गंभीर रूप से घायल बासकटिया निवासी रंजीत कुमार पिता कमलेश उरांव और परती निवासी मनीष कुमार यादव पिता पप्पू यादव का पैर टूट गया। तीनों गंभीर रूप से घायलों को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। उसके बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु गढ़वा रेफर कर दिया हैं। बोलेरो थाना क्षेत्र के बांसडीह खूर्द निवासी रामलाल ठाकुर का बताया जा रहा है। इधर टेंपो और बोलेरो को पुलिस अपने कब्जे में लेकर थाने ले आयी है। वहीं इस घटना की जानकारी मिलने के बाद घायलों को देखने झामुमो के प्रखंड सचिव छोटन कुमार सिंह पूर्व अध्यक्ष कामेश्वर सिंह युवा नेता दीपक वर्मा भवनाथपुर प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर पहुंचकर गंभीर रूप से घायलों से मिलकर स्थिति से अवगत हुए।

# स्वास्थ्य क्षेत्र में उपलब्ध संसाधन का पूर्ण रूप से उपयोग किया जा रहा है : सत्यनाराण

**जिप उपाध्यक्ष सह सभापति स्वास्थ्य और शिक्षा समिति ने स्थायी समिति की बैठक की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला परिषद उपाध्यक्ष -सह- सभापति, स्वास्थ्य शिक्षा समिति, गढ़वा, सत्यनारायण यादव की अध्यक्षता में स्थायी समिति की समीक्षा बैठक संपन्न की गयी। बैठक में मुख्य रूप से स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक सुधार करने हेतु सुझाव और निर्देश दिये गये। समीक्षात्मक बैठक के दौरान सभापति, स्वास्थ्य और शिक्षा समिति जिला परिषद गढ़वा श्री यादव द्वारा सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार से जिला अंतर्गत स्वास्थ्य उप केंद्रों की संख्या, उनमें कार्यरत चिकित्सकों की संख्या और अस्पतालों में दवा की उपलब्धता की स्थिति आदि के बारे में पूछी गयी। असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा के द्वारा समिति के सभी सदस्यों को यह बताते हुए आश्वस्त किया गया कि जिला में स्वास्थ्य क्षेत्र में उपलब्ध संसाधन का पूर्ण रूप से उपयोग किया जा रहा है। बैठक के दौरान सभापति श्री यादव द्वारा सगमा, धुरकी और केतार में एक-एक एंबुलेंस उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त -सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद गढ़वा पशुपतिनाथ मिश्रा द्वारा बैठक में उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी कैशर रजा एवं जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज को निदेश दिया गया कि शिक्षा विभाग से जो भी नया योजना/कार्यक्रम संचालित होता है, उसकी जानकारी समिति के सभी सदस्यों को आवश्यक रूप दिया जाय। सभापति द्वारा कहा गया कि जिलान्तर्गत जितने भी विद्यालय हैं, जहाँ पर छात्रों की संख्या अधिक है और शिक्षकों की संख्या कम है, वैसे विद्यालयों में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति किया जाय। सभी अधूरे पड़े विद्यालय भवनों को शीघ्र पूर्ण कराने एवं सड़क किनारे स्थित विद्यालयों के चारदीवारी का निर्माण कराने का निर्देश दिया गया ताकि बच्चें सड़क दुर्घटना जैसे हालातों से बच सकें। उक्त समीक्षात्मक बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश समेत विभिन्न जिला परिषद सदस्य गण मौजूद थें।

# झामुमो सरकार बिजली की दर बढ़ाकर जनता को धोखा देने का काम किया है : रितेश चौबे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने हेमंत सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि झामुमो सरकार ने बिजली की दर बढ़ाकर जनता को धोखा देने का काम किया है। बिजली फ्री देने का वादा था, लेकिन झामुमो सरकार बनते ही जनता के ऊपर महंगाई का बोझ डाल दिया बिजली महंगी होने से जनता के ऊपर महंगाई का बोझ पड़ेगा। बिजली महंगी होने से अन्य क्षेत्रों में भी महंगाई बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार एक मई से बिजली दर बढ़ा दिया है जिससे उपभोक्ताओं को महंगाई का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान की हेमंत सरकार में बिजली जनता को ठीक से नहीं मिल पा रहा है, लेकिन जनता पर महंगाई का बोझ डाल दिया गया।



गर्मी से लेकर बरसात तक बिजली विभाग सर्विस ठीक करने के नाम पर कटौती का खेल करने में लगा रहता है। वहीं दूसरी ओर झामुमो सरकार बिजली दर में बढ़ोतरी कर जनता का कमर तोड़ने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि बिजली फ्री देने के नाम पर महंगाई बढ़ाने में झामुमो सरकार लगी हुई है। झामुमो सरकार में कर वसुली का खेल चल रहा है। शहरी ग्रामीण सभी क्षेत्रो में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली दर बढ़ने से जनता त्राहिमाम कर रही है। उन्होंने कहा कि बिजली कनेक्शन देने के नाम पर भी विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से मोटी रकम वसूली जाती है, जिसमें गरीब जनता को बिजली कनेक्शन लेने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हेमंत सरकार बिजली कनेक्शन के लिए मामुली शुल्क तय करे, जिससे आम जनमानस को कठीनाई का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में जनता को 24 घंटे बिजली नहीं मिल पा रहा है, लेकिन झामुमो सरकार ने बिजली दर में बढ़ोतरी कर झामुमो को मिले जनादेश का खुला अपमान किया है। हेमंत सरकार जनहित में बिजली महंगी नहीं करते हुए बिजली व्यवस्था में सुधार करे। मौके पर भाजपा नेता संजय जायसवाल, नवीन जायसवाल, राजेश विश्वकर्मा, लव ठाकुर सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डीडीसी ने लंबित आवास निर्माण को पूरा कराने के लिए की बैठक, दिये निर्देश



गढ़वा (आजाद सिपाही)। उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा के ने रमना एवं विशुनपुरा प्रखंड में संचालित आवास योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें प्रखंड के पंचायत सचिव, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) एवं प्रखंड समन्वयक (आवास) आदि उपस्थित हुए। समीक्षा बैठक में मुख्यतः 2023-24 में स्वीकृत अबुआ आवास योजना अंतर्गत वैसे आवास जिनमें अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है तथा तृतीय किस्त प्राप्त आवासों पर गहन समीक्षा किया गया। समीक्षोपरांत सभी को लाभुकों के आवास का भौतिक निरीक्षण करते हुए आवास कार्य वर्षा से पूर्व पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया तथा वैसे लाभुक जिनके द्वारा आवास की राशि प्राप्त कर लेने के बावजूद भी अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उनको चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध नोटिस निर्गत करने और आवश्यकता अनुसार उनके बैंक खाते को होल्ड कराने का सुझाव दिया गया, साथ ही डीडीसी ने पीएम आवास योजना और पीएम जनमन आवास योजना में भी प्रगति लाने सहित अन्य निर्देश दिये।

## धर्म गुरुओं ने लिये बाल विवाह के खिलाफ शपथ




गढ़वा (आजाद सिपाही)। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत धर्म गुरुओं का जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें सभी धर्मों के धर्म गुरु भाग लिए। जिसमें समाज मे हो रही बाल विवाह पर चिंतन किया गया और बाल विवाह मुक्त गढ़वा बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में धर्म गुरुओं के अलावे बाल कल्याण समिति गढ़वा अधक्ष प्रणव कुमार के अलावा मुकेश सिंह, रेणु देवी सदस्य बाल कल्याण समिति गढ़वा, संजय ठाकुर सरक्षंण अधिकारी, दीपक कुमार आउट रीच वर्कर, जिला बाल संरक्षण इकाई गढ़वा, से दीपक कुमार पाठक, बचपन बचाओ आंदोलन, राजीव कुमार रवि जिला समन्वयक, फाहरुक अंसारी, गणेश कुमार जिला समन्वयक, संजय प्रसाद सपोर्ट पर्सन, रिंकी देवी काउंसलर, मधुलता कुमारी, सुमनलता देवी, सपना देवी, पीतम्बरी कुमारी सीएस डब्ल्यू लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान आदि उपस्थित थे।

## एसडी मेमोरियल स्कूल के नये भवन का हुआ पूजा, मनायी गयी परशुराम जयंती



मेराल। अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर प्रखंड मुख्यालय स्थित एस डी मेमोरियल स्कूल के नये भवन का पूजा अर्चना किया गया, साथ ही परशुराम जयंती मनायी गयी। उक्त आयोजन में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। मुख्य यजमान के रूप में विद्यालय के निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र और उनकी पत्नी चंद्रावती देवी शामिल हुए। हवन पूजन के पश्चात सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ किया गया जिसमें मानस मंडली के आचार्य एवं सह गायक अमरेंद्र कुमार मिश्र, सेवानिवृत चिकित्सक डॉ लालमोहन मिश्रा, प्रोफेसर किशोरी मोहन मिश्र, युवा नेता संजय भगत, तीर्थराज चौबे, राम लखन तिवारी, गौरी शंकर तिवारी, दीपेश तिवारी, चंपा देवी, जानकी देवी, अनिमा मिश्रा, आरती तिवारी, ऊषा देवी सहित अन्य कई लोग शामिल थे।

## परशुराम जयंती पर झामुमो ने रंका मोड़ पर शीतल शर्बत का किया वितरण



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) द्वारा गढ़वा जिले के रंका मोड़ पर शीतल शर्बत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। भीषण गर्मी के मौसम में राहगीरों और जरूरतमंदों के बीच यह आयोजन किया गया। शर्बत वितरण स्थल पर सैकड़ों की संख्या में राहगीर, दोपहिया वाहन सवार, दुकानदार, मजदूर और आम नागरिक पहुंचे और ठंडे शर्बत का आनंद लिया। कार्यक्रम में धीरज दुबे, मनोज तिवारी, राजेश तिवारी, नारद तिवारी, ज्योतिष धर दुबे, जितेंद्र दुबे, रविंद्र तिवारी, कार्तिक पांडे, किशोर ओझा, अरविंद मिश्रा, संजय मिश्रा आदि शामिल थे।

# प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में 'रुआर कार्यशाला' का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में बुधवार को झारखंड शिक्षा परियोजना एंव समग्र शिक्षा के तहत 'रुआर कार्यशाला' का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन, बीआरपी श्रीकांत चौबे ने दीप प्रज्वलित कर किया। बीआरपी श्रीकांत चौबे ने कार्यशाला में उपस्थित प्रधानाध्यापकों को 'रुआर कार्यक्रम' की जानकारी विस्तार से दिया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि आप सभी अपने पोषक क्षेत्र के सभी अनामांकित बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराना सुनिश्चित करेंगे नामांकन कराने के बाद बच्चे प्रतिदिन विद्यालय आवें इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है आप सभी शिक्षक समाज के दर्पण



है आप ऐसे बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं। जिनके माता-पिता, अभिभावकों को शिक्षा से कोई जुड़ाव नहीं है विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए विभाग प्रयास जैसे कार्यक्रम चला रही हैं। बीआरपी श्रीकांत चौबे ने विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि रुआर कार्यक्रम विद्यालय स्तर पर 25 अप्रैल से 10 मई तक चलेगा। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन विद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम विद्यालय आने वाले 10 छात्रों को टीका लगाकर एंव फूल देकर शिक्षकों द्वारा स्वागत किया जाना है। विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षक, माता समिति की बैठक कर लगातार अनुपस्थित रहने वाले बच्चों को चिह्नित करना है तथा उनके माता पिता से मिलकर उन्हें विद्यालय भेजने के लिये प्रेरित करना है। शिक्षिका रूबी कुमारी, सुजीत कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किया। कार्यशाला में बीआरपी प्रकाश कुमार सिंह, सीआरपी सजंय कुमार सिंह, अजय कुमार, बिरेंद्र प्रजापति, शोभा कुमारी, शक्ति दास सिन्हा, शिक्षक रमेश प्रसाद, अलीम अंसारी, नित्यानंद तिवारी, राजीव रंजन चौबे, सहित सभी प्राधानाध्यापक उपस्थित थे।

## प्रदीप गुप्ता को तैलिक साहू समाज संघर्ष समिति के जिला संयोजक बनने पर लोगों ने दी बधाई



केतार (आजाद सिपाही)। तैलिक साहू समाज संघर्ष समिति (टीएसफोर) का संगठन विस्तार झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय स्नेही के नेतृत्व में किया गया, जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष सहित नौ जिले के जिला संयोजक का नाम घोषित किया गया। प्रदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि समाज के उत्थान और राजनीतिक चेतना जगाने के लिए जो जिम्मेवारी मिली है, उसे मैं पूरी निष्ठा से निभाते हुए अपने समाज को निरंतर आगे बढ़ाते रहूंगा। इस अवसर पर राम भजन गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता, आदित्य गुप्ता, देवांश, अनिल गुप्ता, मनीष गुप्ता, शिवनंदन साहू, विनोद कुमार गुप्ता सहित अन्य लोगों ने जिला संयोजक बनने पर बधाई दिया है।

## विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जरही गांव के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय निमियाखाड़ परिसर में बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त सहायक अध्यापक अंबिका चौधरी को विदाई दी गयी। विदाई समारोह में शामिल प्रखंड के विभिन्न विद्यालय के शिक्षकों व ग्रामीणों ने सेवानिवृत्त शिक्षक अंबिका चौधरी को बारी- बारी से अंगवस्त्र व माला पहनकर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त सहायक अध्यापक अंबिका चौधरी ने कहा कि किसी भी विभाग में सरकारी सेवा में आने के बाद सेवा निवृत्ति होना एक सामान्य प्रक्रिया होती है। जिससे एक दिन सभी लोगों को गुजरना होता है।

## भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने आरोपी उपेंद्र भुइयां को गिरफ्तार करने की मांग की

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बिकताम गांव में एक दिन पूर्व वृद्ध व्यक्ति की हत्या तथा तीन-चार लोगों को मारपीट कर घायल करने तथा एक घर में आग लगाने के कथित आरोपी उपेंद्र भुइयां को गिरफ्तार करने की मांग भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने की है। घटना की जानकारी मिलने पर मंगलवार को विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन अन्य भाजपा कार्यकताओं के साथ गांव में पहुंचकर घटना की जानकारी ली। जानकारी लेने के बाद थाना प्रभारी से आरोपी को गिरफ्तार करने तथा मुक्त भोगी गरीब परिवार को नियमानुसार सरकारी सहायता दिलाने की मांग की। नेताओं ने बताया कि थाना प्रभारी विष्णुकांत ने सरकारी प्रावधान के अनुरूप मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

# डॉ एमएन खान हेल्थ एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से हुए सम्मानित

**बेहतर कार्य के लिए होटल रैडिसन ब्लू रांची में आयोजित हुए कार्यक्रम में उन्हें किया गया सम्मानित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा के डॉ एमएन खान को रांची के रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित कार्यक्रम में हेल्थ एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किये गये। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने उन्हें मोमेंटो और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। डॉ खान को दंत चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। डॉ एमएन खान के पिता



डॉ एक्यू खान ने गढ़वा में दंत चिकित्सा की शुरूआत की थी। उनके बाद डॉ एमएन खान इस विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। इनके द्वारा दंत चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। दंत चिकित्सा की सभी नौ इकाईयों से संबंधित कार्य इनके द्वारा किये जाते हैं।

अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, रिम्स के प्रोफेसर डॉ मृत्युंजय मुंडू आदि ने संयुक्त रूप से डॉ एमएन खान को चिकित्सीय कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने और स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सम्मानित किया। अवार्ड मिलने के बाद डॉ खान ने कहा कि पिताजी डॉ एक्यू खान गरीबों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते थे। उनकी विरासत को मैंने संभाल कर रखा है तथा पिताजी के नक्शे कदम पर चल रहा हूं।

उन्होंने बताया कि क्लीनिक की शुरूआत 1970 में की गयी थी जो अब तक पूरे गढ़वा जिला की प्रथम डेंटल क्लिनिक होने के साथ-साथ सबसे विश्वसनीय बेहतर क्लिनिक साबित हुआ है जनता डेंटल क्लिनिक। गढ़वा में लोग जानते भी नहीं थे कि दांत के डाक्टर होते थे। उस समय से मेरे पिता डॉ अब्दुल कयूम खान लोगों के बीच में सेवा देते आये हैं उनके बाद मुझे भी यहां के लोगों का सेवा करने का मौका मिला। हेल्थ एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह बहुत अच्छी पहल है जो डॉक्टर को चयनित करके सम्मानित किया जा रहा है। जो अपने क्षेत्र में मरीज का सेवा करके सम्मानित महसूस करते हैं।


**कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी**

**आम सूचना**

**राष्ट्रीय लोक अदालत संबंधित आवश्यक सूचना**

दिनांक 10–05–2025, स्थानः– व्यवहार न्यायालय परिसर, खूँटी, समय–10:30 बजे

**निःशुल्क, सुलभ एवं त्वरित न्याय के लिए**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रॉची के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी के तत्वाधान में व्यवहार न्यायालय, खूँटी के प्रागंण में दिनांक– 10–05–2025 को समय 10:30 बजे पूर्वाहन से कार्य समाप्ति तक **राष्ट्रीय लोक अदालत** का आयोजन किया जा रहा है। उक्त अवसर पर निम्नलिखित मामलों की निपटारा सुलह–समझौता के आधार पर समाप्त किया जाएगा।

| | |
|---|---|
| 1. सभी प्रकार के दिवानी मामले | 10. वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले |
| 2.. सुलहनीय अपराधिक मामले | 11. बिजली विभाग से संबंधित मामले |
| 3. बैंक सर्टिफिकेट केस | 12. वन विभाग से संबंधित मामले |
| 4. वैवाहिक पारिवारिक मामले | 13. माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| 5. श्रम संबंधित मामले | 14. चेक बाउन्स से संबंधित मामले |
| 6. भू – अधिग्रहण से संबंधित मामले | 15. विवाद पूर्व निस्तारण योग्य मामले |
| 7. राजस्व संबंधित मामले | 16. दुरभाष संबंधित मामले |
| 8. खनन संबंधित मामले | 17. सेवा संबंधित मामले |
| 9. परिवारिक विवाद | 18 अन्य सुलहनीय मामले |

**राष्ट्रीय लोक अदालत** के अन्तर्गत प्री कोन्सीलिएशन सीटींग 10.03.2025 से 09.05.2025 तक व्यवहार न्यायलय खूँटी में किया जा रहा है। उक्त प्री कोन्सीलिएशन सीटींग में उपस्थित होकर प्रतिदिन 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:00 बजे अपराहन तक पक्षकार अपने वादों का निपटारा सुलह–समझौता के आधार पर समाप्त करा सकते हैं एवं **राष्ट्रीय लोक अदालत** के अन्तिम दिन 10.05.2025 को भी व्यवहार न्यायालय खूँटी में उपस्थित होकर अपने वादों का निष्पादन करा सकते हैं।

इस संबंध में किसी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:00 बजे अपराहन तक व्यवहार न्यायालय, खूंटी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी के कार्यालय में आकर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी अथवा उनके दूरभाष सं0 8789697778 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक,खूंटी–सह सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी

उपायुक्त,खूंटी–सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी

निवेदक
सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी

PR 351481 (Law) 25-26 (D)

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 01 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# आजसू नेता नागेश्वर महतो की पुत्री के शादी समारोह में शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो और बड़कागांव के भाजपा विधायक रौशनलाल चौधरी ने पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान स्थानीय भाजपा और आजसू के कार्यकर्ताओं ने दोनों का जोरदार तरीके से स्वागत किया। जानकारी के अनुसार कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत के राय बस्ती मे आयोजित आजसू पार्टी के रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष नागेश्वर महतो की पुत्री के शादी समारोह मे सुदेश कुमार महतो और रोशनलाल चौधरी शामिल हुए। इस दौरान सुदेश कुमार महतो और रोशनलाल चौधरी ने दोनो वर-वधु को वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामना दी। इस मौके पर नागेश्वर महतो, अर्जुन महतो, नरेश महतो, राजा खान, द्वारिका प्रसाद महतो, बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार सिंह, सुरेश महतो, इस्लाम अंसारी, गणेश महतो, उमेश मेहता, कोलेश्वर महतो, अशोक महतो, राजेश महतो, आमिर अंसारी, राकेश कुमार सिंह सहित काफी संख्या मे लोग मौजुद थे।

# पुलिस ने फरार अभियुक्त के खिलाफ चलाया अभियान, चिपकाया इश्तेहार

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** पिपरवार पुलिस ने फरार अभियुक्त के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। पुलिस द्वारा अभियुक्त के घर जाकर इश्तेहार साटकर उन्हे आत्म सर्मपन करने की चेतावनी दी है। मिली जानकारी के अनुसार पिपरवार पुलिस ने पिछले आठ वर्षों से फरार चल रहे पिपरवार थाना कांड संख्या 60/22 और 66/22 में 17 सीएलए एक्ट के फरार अभियुक्त उग्रवादी रामेश्वर महतो उर्फ पहाड़ी जी ग्राम डमारू थाना केरेडारी जिला हजारीबाग के विरुद्ध विधिवत इश्तेहार का तमिला किया गया। पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने उनके डमारू स्थित घर पहुंचकर आरोपी के घर में इश्तेहार साट कर आत्म सर्मपन की चेतावनी दी है।

इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी कई वर्षों से फरार चल रहा है और न्यायालय चतरा के द्वारा वारंट जारी किया गया है। न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए आरोपी के घर पर इश्तेहार साटा गया है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय चतरा के द्वारा आदेश जारी किया गया था, उस वक्त भी इश्तिहार साटा गया था। उन्होने कहा कि यदि जल्द अभियुक्त आत्म समर्पण नहीं करता है तो न्यायालय के आदेश के अनुसार आगे की कार्रवाई की जायेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि फरार अभियुक्त के खिलाफ पिपरवार पुलिस के द्वारा आगे भी इस तरह का अभियान जारी रहेगा।

इस छापेमारी अभियान में पिपरवार थाना के अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार, अंजनी कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# ईचागढ़ प्रखंड परिसर में जिला स्थापना दिवस मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को भगवान विरसा मुंडा के आदमकद मूर्ती पर माल्यार्पण कर जिला स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय परिसर में साफ सफाई अभियान भी चलाया गया। जिला स्थापना दिवस पर जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो मुख्य रूप से उपस्थित हुए। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा, महिला पर्यवेक्षिका कृष्णा देवी, ममता बिन्हा, मनरेगा कनीय अभियंता उज्जवल साहू, प्रखंड कार्यालय के प्रधान लिपिक किशन मछुवा सहित प्रखंड और अंचल के कर्मचारी और कम्प्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।

# पिपरवार क्षेत्र के नये स्टॉफ ऑफिसर सिविल कुंदन कुमार ने दिया योगदान

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के नये स्टॉफ ऑफिसर सिविल के रूप में कुंदन कुमार ने अपना योगदान दे दिया है। योगदान देने के साथ ही सिविल विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारी ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका जोरदार स्वागत किया। मिली जानकारी के अनुसार स्टॉफ ऑफिसर सिविल कुंदन कुमार इससे पूर्व बीसीसीएल मे पदस्थापित थे। जहां से उनका तबादला सीसीएल में किया गया था, जिसके बाद सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के द्वारा उन्हें पिपरवार क्षेत्र का नया स्टॉफ ऑफिसर सिविल बनाया गया है। नये स्टॉफ ऑफिसर सिविल कुंदन कुमार ने बुधवार को पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के सिविल विभाग में योगदान देने के साथ ही उन्होंने सिविल विभाग के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया एवं सभी का परिचय प्राप्त किया गया। इस संबंध मे नये स्टॉफ ऑफिसर सिविल कुंदन कुमार ने कहा कि पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ सिविल विभाग के कार्यों को आगे बढ़ाना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने सिविल विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियो से टीम भावना के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। विकास कार्यों को धरातल पर लाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की। इस मौके पर प्रोजेक्ट इंजीनियर सिविल आभास त्रिपाठी, सिविल इंजीनियर नागेंद्र कुमार राम,सुमांतो कुमार सहित सिविल विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# जल-नल योजना पूरी तरह से विफल, ग्रामीण परेशान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रड़गांव/तमाड़।** रड़गांव पंचायत और अराहंगा पंचायत में हर घर जल नल योजना पूरी तरह से विफल नजर आ रही है, अभी भी हर गांव में पानी की समस्या बनी हुई हैं। अभी भी कई ऐसे गांव है जहां के निवासी नदी और तालाब के पानी पीने को मजबूर हैं। बहुत से गांवों में अभी भी अर्धनिर्मित जल नल योजनाएं पड़ी हुई है। ऐसे ही मामला रड़गांव के मछुवा टोली और पुरानटोली का है, हर घर में नल तो बना दिया गया है मगर पानी की एक बूंद भी ग्रामीणों के नसीब में नहीं है। कई बार ग्रामीणों ने इसकी शिकायत पेयजल आपूर्ति विभाग को फोन के माध्यम से दिया गया है, मगर कोई फायदा नहीं होता है, पेयजल आपूर्ति विभाग कहता है कि लिखत शिकायत दो तब उसमें वो कुछ कर सकते हैं।

# एनके एरिया के सेवानिवृत्त आठ कामगार को दी गयी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता




**खलारी।** एनके एरिया के सेवानिवृत्त आठ कामगारो को विदाई दी गयी। ऑफिसर्स क्लब डकरा में बुधवार को सम्मान समारोह आयोजित कर सेवानिवृत होने वाले कामगारों को सम्मानित किया गया। महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता ने महाप्रबंधक संचालन के के झा, श्रमिक नेता प्रेम कुमार, चूरी परियोजना के लालू मुंडा, डकरा परियोजना के सुरेंद्र जेना और चंद्र भूषण, चूरी परियोजना के भीख लाल गंझू और राम प्रवेश नोनिया, पुरनाडीह के भोला गंझू को शॉल ओढ़ाकर, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद कई उपहार भी दिये गयेए। इस दौरान मौजूद अधिकारियों और श्रमिक प्रतिनिधियों ने सेवानिवृत हुए कामगारों की कार्य कुशलता की प्रशंसा करते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि नौकरी में एक तय समय में सभी को सेवानिवृत होना पड़ता है। कोयला उद्योग में हर महीने लोग रिटायर हो रहे है। ये लोग कंपनी को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दिए है। कंपनी भी इनकी सेवा में लगी रहेगी। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद, अखिलेश्वर प्रसाद, निखिल अखौरी, राकेश रोशन , सुनील कुमार सिंह, शैलेश कुमार, रमेश प्रसाद, ओम प्रकाश शर्मा, रानी चौबे, रूपेश केशरी, निकिता कुमारी, उदय सिंह, अशोक सिंह, सहित कई लोग मौजूद थे।

# राज स्पोर्ट्स बुंडू ने डीटी तमाड़ को 4-0 से हराया



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** फुटबॉल लीग ग्रुप ए का 24वां मैच दो मजबूत टीम राज स्पोर्ट्स बुंडू और डीटी तमाड़ के बीच जी एल चर्च आमलेशा मैदान मे खेला गया। दोनों टीम बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। राज स्पोर्ट्स बुंडू को 5वे मिनट पर पेनाल्टीक मिला जिसको गुरुवा मुंडा ने नेट पर डालकर टीम के लिए पहला गोल किया। वही 30वे मिनट पर मुकेश महली ने दुसरा, 38वे मिनट पर गोखेन मुंडा ने तीसरा और अंतिम 90वे मिनट पर प्रशांत मुंडा द्वारा चौथा गोल मारकर टीम को 4-0 का अंतर से शानदार जीत के साथ ही राज स्पोर्ट्स बुंडू अंकतालिका मे शीर्ष पर बने हुए है। डीटी तमाड़ को भी कई बार मौका मिला, लेकिन मौके फायदा नहीं उठा पाये। मैन ऑफ द मैच का खिताब अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज स्पोर्ट्स के स्टार खिलाडी गोखेन मुंडा को पीपीएस के संरक्षक हीरालाल दास ने मेडल पहनाकर स्वागत किया।

# प्रखंडस्तरीय महिला सरना समिति गठित




आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** बुकबुका पंचायत भवन के समीप प्रखंड स्तरीय महिला सरना समिति के गठन को लेकर खलारी मुखिया तेजी किस्पोट्टा की अध्यक्षता सरना धर्म समुदाय की महिलाओं ने बैठक किया। बैठक में खलारी प्रखण्ड के सभी 14 पंचायतों के महिला सदस्य शामिल हुए। बैठक में तेजी किस्पोट्टा और पुतुल उरांव ने कहा कि प्रखण्ड स्तरीय महिला सरना समिति के गठन का मुख्य उदेश्य है कि सभी पंचायतों में महिला सरना समुह को एकजुट करके समाज की मजबुती, उसके उत्थान के साथ ही समर्पित भाव से हर सुख-दुख में साथ खड़ा रहना है। साथ ही बताया कि समिति द्वारा कुछ फंड की भी व्यवस्था किया जायेगा ताकि समय पर जरूरत पड़ने पर सदस्यों को कुछ आर्थिक मदद भी किया जा सके। साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि समिति का प्रत्येक वर्ष पुर्नगठन किया जायेगा और नये सदस्यों शामिल कर सक्रियता के अनुसार दायित्व दिया जायेगा। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से एक वर्ष के लिये समिति का अध्यक्ष तेजी किस्पोट्टा, सचिव अरूणा उरांव और कोषाध्यक्ष पुतुल उरांव का चयन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से सीमा कच्छप, तेजी किस्पोट्टा, रोजी कुमारी, शीला कुमारी, पुतुल देवी, अनिता गंझु, निर्मला उरांव, निभा उरांव, आशा खलखो सहित अन्य सरना समुदाय की महिलायें उपस्थित थी।

# सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह ने चतरा उपायुक्त से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** हजारीबाग लोकसभा से चतरा जिला सांसद प्रतिनिधी सह बचरा व्यवसायिक संघ के सचिव रविंद्र कुमार सिंह ने बुधवार को चतरा उपायुक्त रमेश घोलप से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने उपायुक्त से बचरा में आधार केन्द्र खोलने का आग्रह किया। उन्होंने उपायुक्त से कहा कि पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत,बचरा उत्तरी और किचटो पंचायत में आधार सुधार केंद्र नहीं होने के कारण पच्चीस हजार से भी ज्यादा का आबादी को रांची टंडवा या खलारी जाकर आधार सुधरवाना पड़ता है, जिससे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कुली बच्चो के अभिभावको को हो रही है। इसके अलावा बचरा उच्च विद्यालय में नए भवन को चालु करने, डीएमएफटी फंड से चल रहे विकास योजनाओं पर चर्चा करते हुए अन्य समस्याओं से भी उपायुक्त को अवगत कराया।वही समस्या सुनने के बाद उपायुक्त रमेश घोलाप ने समस्याओ का जल्द समाधान करने का भरोसा दिया।

# उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल खलारी में पैरेंट्स टीचर्स मीटिंग का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल खलारी में बुधवार को कक्षा सात और आठ के विद्यार्थियों के माता - पिता और अभिभावकों के लिए पैरेंट्स टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा आठ की वर्ग -शिक्षिका अलका राही ने किया। सर्वप्रथम प्राचार्या डॉ सिस्टर निर्मला सैमुअल, उप-प्राचार्या सिस्टर नेली तथा अभिभावकों द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूवात की गयी। शिक्षक शशि कुमार ने एनईपी 2020 और शिक्षिका सुबी कुमारी सिंह ने अकैडमी संबंधी जानकारी दी। इसके बाद शिक्षिका नॉरबर्टा टोप्पो एवं शिक्षक प्रभाकर शर्मा ने अनुशासन और विद्यालय के नियमों से सभी का परिचय कराया। वहीं अभिभावकों ने विभिन्न प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञसा और शंकाओं का समाधान लिया तथा विद्यालय की ओर से दिये गये जवाबों से पूर्णतः संतुष्ट हुए। अभिभावकों ने एकमत होकर विद्यालय द्वारा आयोजित पैरेंट्स टीचर्स मीट की प्रशंसा की और कहा कि बच्चों के विकास में हम सभी एक साथ हैं। अंत में प्राचार्य डॉ सिस्टर निर्मला सैमुअल ने अपने संबोधन में सभी का धन्यवाद दिया और कहा की आज के समय में बच्चों को समय देना अति आवश्यक है क्योंकि आज के अति आधुनिक परिवेश में बच्चों को भटकते देर नहीं लगती है। अतः हम सभी का कर्तव्य है कि अपने बच्चों के लिए समुचित समय निकालें तथा उनमें नैतिक गुण और अच्छे संस्कार सिखाएं। इस अवसर पर कक्षा सात और आठ के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# महावीर मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ मूर्तियों की स्थापना



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** महावीर मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री श्री महावीर मंदिर में मुख्य देवताओं की मूर्तियों की स्थापना की गयी।

इसके साथ ही मंदिर विधिवत रूप से पूजा-अर्चना हेतु भक्तों को समर्पित कर दिया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। विद्युत सज्जा आधुनिक साउंड सिस्टम सीसीटीवी कैमरा और अन्य सुविधाएं स्थापित की गयी है। इससे श्रद्धालुओं को पूजा पाठ और धार्मिक आयोजन में और अधिक सुविधा प्राप्त होगी। मंदिर परिसर में अयोध्या धाम से पधारे पंडित मृत्युंजय महाराज श्रद्धालुओं को श्री राम कथा और धर्म की महिमा का रसपान करा रहे हैं।

## पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

# सात कर्मचारियों को दी गयी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार और संचालन कार्मिक प्रबंधक ज्योति कुशवाहा ने किया। इस विदाई समारोह मे पिपरवार एरिया के विभिन्न परियोजना से सेवानिवृत्त हुए एक महिला कर्मचारी सहित कुल सात कर्मियो को विदाई दी गयी। कार्यक्रम मे सेवानिवृत्त हुए सभी कर्मियो को शॉल, श्रीफल, बुके, सेवा प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित करते हुए विदाई दी गयी। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियो में पिपरवार परियोजना के पंप ऑपरेटर सैबुन खातून, फौरमैन मैकेनिकल रामू महतो, पंप ऑपरेटर रामनंदन सिंह, इनीपट ऑपरेटर नंददेव राम, अशोक परियोजना के माइनिंग सरदार केशव प्रसाद यादव, डोजर ऑपरेटर जगजीवन राम और केबल मैन जग्गू प्रजापति का नाम शामिल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पिपरवार जीएम संजीव कुमार ने कहा कि रिटायर हुए कर्मियों का कंपनी के प्रति योगदान को कभी भी भुलाया नही जा सकता है। पुराने और अनुभव मेहनतकश मजदूरों के रिटायर होने से कंपनी को क्षति हो रही है। नये कर्मियों को पुराने कर्मियों से सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त सभी कर्मचारी बेहतर स्वास्थ्य के साथ रिटायर हुए है, जो गर्व की बात है। इस मौके पर स्टॉफ ऑफिसर इएंडएम पीके सिंह, स्टॉफ ऑफिसर एक्सावेशन कुमार रामभवन, कार्मिक प्रबधंक रवि बाड़ा, शिशिर गर्ग, अरुण कुमार महतो, ज्योति कुशवाहा, श्रमिक प्रतिनिधि रविन्द्रनाथ सिंह, इस्लाम अंसारी, अरविन्द शर्मा, बिजेंद्र सिंह, कृष्ण मुरारी पाठक, अरूण कुमार सिंह इब्राहीम अंसारी, संतोष कुमार सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

## चोरी की तीन बाइक बरामद, विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर भेजा गया जेल



पकड़े गये बाइक चोरों की जानकारी देती पुलिस।

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठोरिया।** थाना क्षेत्र में बाइक चोर गिरोह का पर्दाफास करते हुए पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान सरताज अंसारी, अंकित कुमार मिश्रा और वकार अहमद के रूप में हुई है। सरजात साकिन होचर का, जबकि अंतिक एवं वकार साकिन गढ़ हुसीर के रहने वाले हैं। उनके बार से विगत 17 अप्रैल पिठोरिया बाजार, फरवरी में न्यूक्लियस मॉल और राज भवन के पास से चोरी हुई तीन बाइक भी बरामद कर ली गयी है। वहीं, चोरों के खिलाफ बाइक चोरी करने, घर में रखना और खरीद-बिक्री सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने पकड़े गये सभी आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। वहीं, चोरी कांड के उद्भेदन में पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार और एसआई संजय कुमार सहित अन्य का योगदान सराहनीय रहा।

# चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सुरेश्वर धाम मंदिर के समीप चलाए जा रहे वाहन जांच अभियान के दौरान बुधवार को पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को पकड़ा। उनकी पहचान मौलाना आजाद कॉलोनी, गली नंबर 11 निवासी इरसाद आलम (30) और सदर थाना क्षेत्र के गढ़ाटोली मरियम कॉलोनी निवासी साहेब अंसारी (28) के रूप में हुई। सख्ती से पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने सिंह फार्मेसी लोवाडीह के पास से एक बाइक चोरी की थी। उन्होंने उस चोरी की बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर किसी अन्य आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बनाई थी। उसी क्रम में सुरेश्वर धाम की ओर जा रहे थे। जहां नामकुम थाना की सतर्क पुलिस टीम ने सरना स्थल के पास चोरी की बाइक के साथ धर दबोचा। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी पहले भी कई आपराधिक मामलों में जेल जा चुके है। इस सफल कार्रवाई में नामकुम थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में जयदेव कुमार सराक, शशि रंजन, विपुल चंद्र मंडल, अमित कुमार एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

# झूलन के साथ शिव उपासना का महापर्व मंडा संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** मुख्य शिव मंदिर में सात दिनों से चल रहे शिव उपासना के महापर्व मुंडा का झूलन के साथ ही बुधवार को समापन हुआ। भगवान शिव और मां पार्वती की आराधना का यह पर्व इटकी शिव मंदिर में सैकड़ों भोक्ता, भोक्ताइन, मुख्य भोक्ता मंगल और लोहरा के नेतृत्व में संपन्न कराया गया। इस दौरान मंगलवार की रात दहकते अंगारे पर चलने की रस्म फूलखुंदी पूर्ण की गयी। साथ ही रात्रि जागरण के लिए धनबाद की भक्ति जागरण की टीम के गायको दलजीत सिंह दीवाने, कोमल छाया, स्वीटी बंसल, चंदू शर्मा आदि ने भक्ति गीतों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। भक्ति गीत कार्यक्रम का उद्घाटन युवा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो एवं गांव के जमींदार लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव ने संयुक्त रूप से किया।

सनि टोप्पो ने कहा कि आपका धर्म और आपकी संस्कृति और संस्कार ही आपके साथ जाएगा। इसे बचा कर रखना चाहिए। कहा कि हम लोग अपने पुरखों के कर्जदार हैं। उन लोगों ने अनेकों आक्रांताओं के कुचक्र के बावजूद आज सरन सनातन संपन्न स्थिति में बचा कर रखा है। वहीं, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष जोहर पार्टी के अध्यक्ष विजय महतो ने भी अपने विचार रखे। शाम में शिव उपासकों द्वारा सात दिनों तक अर्जित पुण्य पॉजिटिव ऊर्जा झूलन के कार्यक्रम में श्रद्धालुओं पर आशीर्वाद स्वरुप पुष्प को नीचे आशा में खड़े श्रद्धालु महिलाओं-पुरुषों-बच्चों को अन्य के ऊपर बिखेरे। महापर्व संपन्न कराने में शिव मंडप पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज लोहरा, अर्पण ठाकुर, अमित महतो, सुबोध महतो, पेचु महतो, प्रताप लोहार, विजय लोहार, राजकुमार लोहार, कारण लोहार, कृष्णा लोहार, बलराम लोहार, देवेंद्र महतो, रंजीत महतो और कृष्णा राम तिवारी मौजूद रहे।

## 'एक्सप्रेशन सीरीज' केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि पहचान और आत्म अभिव्यक्ति का उत्सव है: नरेंद्र नाथ



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आरटीसी पब्लिक स्कूल में बुधवार को बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम 'एक्सप्रेशन सीरीज' का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ। जिसका शुभारंभ प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और अभिव्यक्ति क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए एक सशक्त मंच सावित हुआ, जहां उन्होंने भाषण, कविता, चित्रकला, कहानी वाचन, नाट्य प्रस्तुति जैसे विभिन्न कलात्मक माध्यमों के जरिए अपने विचारों और भावनाओं को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आत्म-अभिव्यक्ति, सामाजिक मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत जैसे विषयों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि 'एक्सप्रेशन सीरीज' केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि यह कल्पनाशीलता, पहचान और आत्म-अभिव्यक्ति का उत्सव है। हमारे विद्यार्थियों की प्रतिभा और आत्मविश्वास सराहनीय है। कार्यक्रम का मूल्यांकन एक विशिष्ट निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में शुभम कुमार महतो, कुसुम कुमारी और सुभाष कुमार शामिल थे। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का निष्पक्ष और बारीकी के साथ मूल्यांकन किया। इस दौरान प्रतिभागियों के बीच प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। वहीं, आयोजन को सफल बनाने में शिक्षक सुमंत कुमार, आनंद प्रसाद महतो, उमेश मंडल, शिक्षिका स्नेहा शालिनी, पुतुल नीलू नाग, सृष्टि कच्छप आदि का अहम योगदान रहा।

# सामूहिक दुष्कर्म की शिकार लड़की को सुरक्षा दे सरकार : आरती कुजूर



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** नामकुम थाना क्षेत्र में विगत दिनों एक नाबालिग युवती के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना ने इलाके को दहला दिया है। इसकी जानकारी मिलते ही भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद सदस्य आरती कुजूर एवं हहाप के पूर्व मुखिया रमेश मुंडा पीड़िता एवं उसके परिजनों से मुलाकात करने पहुंचे। इस दौरान पीड़िता ने अपनी पीड़ा बताते हुए दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की। वहीं, परिजनों ने बताया कि घटना के तुरंत बाद कुछ लोगों ने उन्हें चुप रहने की सलाह दी। जबकि कुछ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस को सूचना देने की बात कही। नामकुम पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि गिरफ्तारी से पहले अपराधियों ने पीड़िता के पूरे परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। परिजनों का कहना है कि वे अत्यंत गरीब है, जिस कारण उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है। इस पर आरती कुजूर एवं रमेश मुंडा ने पीड़िता के परिवार को हरसंभव सहायता और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि पीड़िता और उसके परिजनों को सुरक्षा प्रदान की जाए तथा उन्हें आर्थिक और मानसिक सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे इस भयावह घटना से उबर सकें।

# धूमधाम से मना श्री साईं मंदिर का 10वां वर्षिकोत्सव बंधु तिर्की, विधायक सहित अन्य ने लिया आशीर्वाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव बैंक मोड़ स्थित श्री साईं मंदिर की 10वीं वर्षिकउत्सव कार्यक्रम बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसकी शुरुआत साईं बाबा की विशेष पूजा अर्चना, रुद्राभिषेक एवं हवन के साथ किया गया। महाआरती में बतौर अतिथि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व सासंद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुनील सहाय, शिक्षाविद स्वामी देवेंद्र प्रकाश, मंडा समिति के केंद्रीय अध्यक्ष उदय पासवान, एनएमडीसी के निदेशक अरुण कुमार शुक्ला शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा, मांडू विधायक निर्मल महतो, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शेखर शुक्ला, कई वरिष्ठ पत्रकार, सीओ सचिदानंद कुमार वर्मा, बीडीओ धीरज कुमार, थाना प्रभारी विनीत कुमार, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उपप्रमुख हरदेव साहू और जीप सदस्य रामजीत गंझू आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर, राज्यपाल संतोष गंगवार ने पत्र देकर ट्रस्ट के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। वहीं, सभी धार्मिक अनुष्ठान बनारस से आये आचार्य पंडित जीवन पांडेय और मुख्य पुजारी अजय मिश्रा के सानिध्य में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में साईं सेवा ट्रस्ट के सचिव डॉ शिवकुमार तिवारी, मधुकर आनंद, जयंत आशुतोष तिवारी, नील लोहित, माधव जी, लड्डू सहित समेत अन्य का योगदान सराहनीय रहा।

## गायत्री मंदिर में धूमधाम से मनायी गयी परशुराम जयंती

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे स्थित गायत्री मंदिर प्रांगण में बुधवार को प्रज्ञा समिति के तत्वावधान में भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता मदन मोहन मिश्रा ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन, आदर्शों एवं संघर्षों पर प्रकाश डाला और उनके विचारों को जीवन में आत्मसात करने की बात कही। कहा कि भगवान परशुराम केवल एक योद्धा नहीं, बल्कि न्याय, सत्य और धर्म की स्थापना के प्रतीक है। कार्यक्रम में अशोक मिश्र, तारकेश्वर त्रिपाठी, राजनाथ पांडेय, सतीश नाथ पांडेय, परमात्मा दुबे, विश्वनाथ तिवारी, नीरज दुबे, राजेश मिश्रा, दिलीप मिश्रा, वरुण मिश्रा, अरुण तिवारी, वरुण तिवारी, रविशंकर दुबे, अजय मिश्रा, अक्षय मिश्रा, मुन्ना पांडेय समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## आतंकवाद पीड़ितों के परिजनों को मिले नौकरी-शिक्षा की सुविधा : उमेश बड़ाइक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता उमेश बड़ाईक ने बुधवार को आजाद सिपाही से बात करते हुए जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए आश्रितों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि शहीदों के परिवारों को नौकरी की सुविधा और उनके बच्चों की पढ़ाई-लिखाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उमेश बड़ाईक ने कहा कि जान गंवाने वाले नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों के परिवारों को सम्मान और सहायता मिलना चाहिए। यह केवल एक सहायता नहीं, बल्कि राष्ट्र की ओर से कर्तव्य है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार को ऐसी घटनाओं के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाते हुए दीर्घकालिक सहायता योजनाएं लागू करनी चाहिए। उन्होंने इस मुद्दे को पार्टी मंच पर भी उठाने का आश्वासन दिया और कहा कि भाजपा पीड़ितों के साथ खड़ी है।

## जमीयत-उल-मोमेनीन चौरासी 2025 का चुनाव 11 मई को

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)। जमीअतुल मोमेनीन चौरासी चुनाव 2025 नामांकन फार्म खरीदने की प्रक्रिया और नामांकन जारी है। इसी क्रम में कांके के पूर्व जिप सदस्य सह सेंट्रल अंजुमन कमेटी कोकोदोरो इस्लामपुर के मजीद अंसारी ने समर्थकों के साथ सदर पद के लिए नामांकन किया। मौके पर सीनियर एडवोकेट सिविल कोर्ट मो हाफिज़उद्दीन अंसारी प्रस्तावक के रूप में, जबकि तबारक हुसैन, शकील अंसारी, हफीजुल हसन (नॉमिनी), अजहर आलम आदि मौजूद रहे।**

# सिंगार सरई, डुमर दोन, बंजारा और नदीटोली में आज भी कच्ची सड़क है आवागमन का सहारा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के घाघरा पंचायत के सिंगार सरई एवं डुमर दोन और हरिहरपुर जाम टोली पंचायत के बंजारा एवं नदी टोली गांव में सरकार के विकास के दावों की पोल खुल रही है। इन चारों गांवों में आज भी कच्ची सड़क आवागमन का एकमात्र सहारा है। पक्की सड़क के इंतजार में लोगों की आंखे पथरा गई है। धूल उड़ती एवं कीचड़मय सड़क पर चलना लोगों की मजबूरी बन गई है। कहते हैं कि गांव का विकास होगा तभी देश विकसित होगा। गांव के विकास के बिना ना तो शहर का विकास होगा ना ही राज्य एवं देश का। इसी उद्देश्य से सरकार ने पंचायती राज व्यवस्था लागू की है। विकास की जवाबदेही मुखिया एवं अन्य प्रतिनिधियों को दी गई है। पर पंचायती राज व्यवस्था लागू होने के डेढ़ दशक बाद भी गांवों का अपेक्षित विकास नहीं हो सका है। टूटी फूटी नाली-गली और सड़कों पर बह रहे गंदे पानी, कच्ची सड़कें आज भी कई गांवों की पहचान बनी हुई है। कुछ ऐसी ही तस्वीर पेश करता है दोनों पंचायत के सिंगार सरई डुमर दोन, बंजारा और नदी टोली गांव जो विकास से कोसों दूर है। चारों गांवों के लोग आजादी के सात दशक एवं पंचायतीराज के डेढ़ दशक बाद भी गांव की सड़क के पक्कीकरण की बांट जोह रहे है। इन गांवों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। गांव आज भी विकास की दौड़ में पीछे है। जल निकासी, पेयजल, पक्की नाली और पक्की सड़क का अभाव है।

## जातीय जनगणना का निर्णय ऐतिहासिक और स्वागत योग्य : विनय महतो धीरज



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की ओर से जातिगत आधार पर जनगणना कराने के निर्णय को लेकर भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने इसे ऐतिहासिक एवं स्वागत योग्य कदम बताया है। बुधवार को आजाद सिपाही से बात करते हुए विनय महतो धीरज ने कहा कि यह निर्णय उन जातियों के लिए आशा की नई किरण है, जो आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े हुए है। उन्होंने कहा कि यह कदम उन वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने में मील का पत्थर साबित होगा, जो अब तक अपने हक और अधिकार से वंचित रहे है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जातियों के बीच विभाजन को बढ़ावा दिया और उन्हें केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। आजादी के बाद से अब तक जातिगत जनगणना नही कराना कांग्रेस की मानसिकता को दशार्ता है। वहीं, मोदी सरकार ने सामाजिक समरसता और सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए साहसिक निर्णय लिया है। विनय महतो धीरज ने इस ऐतिहासिक फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय सभी वर्गों के उत्थान तथा पिछड़े तबके को सम्मान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत मलखंब खेल का प्रशिक्षण शिविर जारी

# झारखंड टीम के खिलाड़ियों ने किया पोल पिरामिड का निर्माण



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय एवं झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के तत्वाधान में आठ दिवसीय खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत झारखंड मलखंब टीम का प्रशिक्षण शिविर रांची के धूर्वा स्थित बीएसपी उवि सेक्टर-2 में चल रहा है। जिसके छठे दिन झारखंड टीम के बालक-बालिका खिलाड़ियों ने कई आकर्षक पिरामिड का निर्माण किया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सभी खिलाड़ियों को पोल मलखंब, रोप मलखंब, हैंगिंग मलखंब और पिरामिड निर्माण का अभ्यास कराया जा रहा है। शिविर में झारखंड के मुख्य प्रशिक्षक अजय झा द्वारा नए नए कौशल्य का अभ्यास कराया जा रहा है। शिविर में सहायक प्रशिक्षक निखिल कुमार, दिव्या कुमारी एवं शुभम सिंह अहम योगदान दे रहें हैं। झारखंड बालक-बालिका मलखंब टीम की घोषणा खेलों इंडिया यूथ गेम्स झारखंड के नोडल पदाधिकारी सह चतरा के जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय एवं झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव डॉ अजय झा ने संयुक्त रूप से किया। झारखंड मलखंब टीम खेलों इंडिया यूथ गेम्स-2025 में खेलने के लिए तीन मई को रांची से बिहार के गया के लिए रवाना होगी। जहां यह प्रतियोगिता 5 मई से 8 मई तक होनी है। झारखंड बालक टीम में रोहण कुमार (कप्तान), आर्यन महतो (उपकप्तान), सत्यवीर कुमार दास, रणवीर कुमार दास, संदीप कुमार गोप, विवेक गोराई, प्रशिक्षक निखिल कुमार एवं बालिका टीम में अनामिका कुमारी (कप्तान), हंसिका कुमारी (उपकप्तान), अन्नु कुमारी, लवली कुमारी, गुड़िया कुमारी, अनुराधा कुमारी। प्रशिक्षक दिव्या कुमारी एवं टीम प्रबन्धक शुभम सिंह शामिल हैं।

## समाजसेवी देवेंद्र प्रकाश ने मृतक के श्राद्धकर्म में किया सहयोग

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** भुनेश्वर कुशवाहा का निधन पिछले दिनों इलाज के क्रम में हो गया था। इसकी सूचना मिलते ही बुधवार को समाजसेवी स्वामी देवेंद्र प्रकाश मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने श्राद्धकर्म के लिए परिजनों को नगद सहयोग किया। मृतक की पत्नी को प्रधानमंत्री आवास योजना एवं विधवा पेंशन का लाभ जल्द दिलाने को लेकर बीडीओ धीरज कुमार से भी बात की। मृतक की बच्चियों की पढ़ाई में भी हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर उदय कुमार, कमल मोदी आदि थे।

## सेवानिवृत्त लेटेंगा उरांव को दी गयी विदाई

**बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय में कार्यरत जनसेवक लेटेंगा उरांव की सेवानिवृत्त पर बुधवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गयी। इस अवसर पर बीडीओ राहुल उरांव ने कहा कि लेटेंगा उरांव सहज स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी कार्यशैली बहुत ही अच्छी रही और हमेशा समय पर अपना दायित्व निभा लेते थे। वहीं, प्रधान सहायक फारूक नदीम ने कहा कि उन्होंने नेक और शरीफ इंसान की तरह अपना कार्यकाल पूरा किया है। इसी कारण इनका इपीएफ एवं पेंशन सहित सारे कागजी कार्रवाई पूरी कर ली गई है। यह मेरे कार्यकाल का पहला अवसर है कि किसी की सेवानिवृति के ही दिन पेंशन, जीपीएफ आदि कागजी कार्रवाई शत प्रतिशत पूर्ण हो गया हो। इस दौरान प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, राजेश नायक, सौरभ महली, परमानंद साहू और करमू कंदीर आदि ने भी बधाई दी।**

## रातू में चल रहा बालू का अवैध कारोबार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र में अवैध बालू का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। बालू माफिया बुलंद हौसले के साथ सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान पहुंचाने में जुड़े है। बालू का गोरखधंधा करने वाले प्रतिदिन रात दो बजे सुबह सात बजे तक बड़े-बड़े हाईवा से काम को अंजाम दे रहे है। बताया जा रहा कि बालू का अवैध खनन बुढ़मू के छापर से किया जा रहा है, जो बुढ़मू, ठाकुरगांव थाने को पार कर रातू आ रही हैस पर हैरत की बात है कि इन रास्ते में तीन-तीन थाने होने के बावजूद बालू माफिया बिना किसी डर भय के बालू के अवैध परिचालन में लगे है।

### प्रति ट्रैक्टर 7-8 हजार रुपये में बेच रहे बालू

बालू माफियाओं द्वारा हाईवा से बालू लाकर डंप में डंपिंग करने के बाद ट्रैक्टर से बालू का परिचालन किया जाता है। जिसमे माफिया मनमानी ढंग से कीमत वसूल रहे है। रातू में एक ट्रैक्टर बालू की कीमत सात से 8 हजार रुपया तक है। जिससे आम लोगों को मकान बनाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार की महत्वकांक्षी योजना अबुआ आवास पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। अबुआ आवास के लाभुक बालू की अधिक कीमत होने के कारण आवास बनाना बंद कर दिये है।

वहीं, रातू थाना क्षेत्र के चटकपुर, नवासोसो, कंमड़े, तिलता, सिमलिया, भोंडा टंगरा, पिर्रा, रातू चट्टी के अलावा अन्य जगहों पर करीब 50 से अधिक जगहों पर बालू का अवैध डंपिंग किया जाता है। पर स्थानीय प्रशासन कभी कार्रवाई नहीं करती।

### जल्द होगी कार्रवाई

जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि बालू का परिचाल एवं अवैध डंपिंग की जानकारी नहीं है। अगर ऐसी कोई सूचना मिलती है तो जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# समाहरणालय परिसर में 'गुमला हाट' और स्टेशनरी दुकान का शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उज्जना बिज्जना अभियान के तहत समाहरणालय परिसर चंदाली में गुमला हाट एवं स्टेशनरी दुकान का उद्घाटन बुधवार को लोहरदगा लोकसभा सांसद सुखदेव भगत ने किया। इस अवसर पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक शंभु कुमार सिंह, उपविकास आयुक्त, आइटीडीए निदेशक और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। सांसद श्री भगत ने इस पहल की सराहना करते हुए महिला समूह की दीदियों को उत्पादों की गुणवत्ता बनाये रखने और आकर्षक पैकेजिंग पर जोर देने की बात कही। गुमला हाट का उद्देश्य स्थानीय और पारंपरिक उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। इसके साथ ही समाहरणालय में आने वाले ग्रामीणों की सुविधा के लिए स्टेशनरी और फोटोकॉपी सेवा की शुरूआत की गयी, जिससे उन्हें त्वरित और आसान सेवा मिल सकेगी। इस हाट और दुकान का संचालन पलाश-जेएसएलपीएस अंतर्गत गुमला रायडीह एग्री प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जायेगा।

# गुमला में बाइक की डिक्की तोड़कर 1.25 लाख की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहरी क्षेत्र के लोहरदगा रोड स्थित डीके मार्ट के समीप अज्ञात चोरों ने चैनपुर प्रखण्ड निवासी गोपाल लोहरा के बाइक के डिक्की में रखे एक लाख 25 हजार रुपया डिक्की तोड़कर दिनदहाड़े चोरी कर लिए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद पीड़ित ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध करवाई की मांग की है। इधर घटना की जानकारी के बाद पुलिस कार्रवाई में जुट गयी है। पुलिस डीके मार्ट समेत आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी को खंगालने में जुटी है। पूरा वारदात सीसीटीवी में कैद हो गया है। जो मंगलवार की शाम 7 बजे सोशल मीडिया पर वायरल



हो रहा है। जिसमे देखा जा सकता है कि गोपाल लोहरा जैसे ही अपनी बाइक को डीके मार्ट के बाहर खड़ा कर कुछ खरीदारी करने अंदर जाते है। तभी एक बाइक में सवार होकर पीछा करते हुए दो अपराधी उनके बाइक तक पहुंचते है। इसके बाद एक अपराधी बाइक से नीचे उतर कर पैदल उनके बाइक के समीप पहुंचने के बाद मैदा की बोरी को नीचे गिरा देता है। इसके बाद वह डिक्की को तोड़कर अंदर रखे रुपये से भरा प्लास्टिक लेकर बाइक में सवार होकर वापस शहर की ओर ही भाग निकलता है। बाइक में बैठा व्यक्ति पीठ में एक बैग टांगा हुआ था। जबकि वह हेलमेट व बाइक के हैंडल में थैला टांगा हुआ था। इधर इस घटना के दौरान शहर में बारिश भी हो रही थी। पीड़ित गोपाल लोहरा ने बताया कि वह बाजार हाट में धान की खरीदारी करता है। मंगलवार को पैसे की जरूरत होने पर वे बाइक में सवार होकर पालकोट रोड स्थित एसबीआइ बैंक से एक लाख 25 हजार रुपये निकासी करने के बाद उसे एक प्लास्टिक में रखकर बाइक के डिक्की में डाल दिया था। इसके बाद दो बंडल मैदा बोरी की खरीदारी कर उसे डिक्की के उपर बांध कर रख दिया था। फिर वापस गांव लौटने के दौरान वह कुछ खरीदारी करने डीके मार्ट पहुंचा। जहां सड़क के किनारे बाइक को खड़ा कर वे डीके मार्ट के अंदर घुसे। इसी दौरान बाइक के ऊपर लदे मैदा की बोरी को गिराकर अपराधियो ने पैसा से भरे प्लास्टिक को लेकर भाग निकले। इस घटना के बाद जब वे मार्ट से बाहर निकले तो मैदा गिरा देख व डिक्की से पैसा गायब देख भौचक रह गये। फिर उन्होंने डीके मार्ट में लगे सीसीटीवी को देख घटना से अवगत हुए। फिर थाना पहुच कर घटना की जानकारी दी।

## समन्वय स्थापित कर कार्य करें शिक्षक : बीडीओ



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड अंतर्गत राष्ट्रीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय जारी के सभागार मे बुधवार को स्कूल रूआर 2025 का कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन बीडीओ यादव बैठा बीपीएम सरफराज अन्सारी मुखिया चाजरेण मिंज फादर ग्रेगोरी कुल्लू के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। बीपीएम सरफराज अंसारी के द्वारा स्कूल रुआर 2025 के विषय मे सभों को विस्तृत रूप से जानकारी दी साथ ही कहा कि प्रखंड क्षेत्र मे किसी भी गांव मे अगर ड्रोप आउट बच्चे हैं तो उसके माता पिता से संपर्क कर उनका नमांकन सुनिश्चित करें। वहीं मुख्य रूप से उपस्थित बीडीओ यादव बैठा के द्वारा शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि आप इमानदारी पूर्वक कार्य करेंगे तो किसी भी तरह से नमांकन मे कठिनाई नहीं होगी। शिक्षकों से कहा कि आप समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करे साथ ही अभिभावकों को मोटिवेट करे निश्चित रूप से नमांकन मे तेजी होगी। स्कूल मे खुद अनुशासन मे रहे और बच्चों को भी अनुशासन मे रखें। प्रखंड क्षेत्र मे जो भी बच्चे ड्रापआउट है उसका घर जाकर अभिभावकों से बातचीत करे और अभिभावक को मोटिवेट करते हुए बच्चा का नमांकन करें। यह कार्यक्रम 25 अप्रैल से 10 मई तक चलेगा प्रत्येक दिन का प्रतिवेदन भी दे कि कितना नमांकन हुआ। रूआर कार्यक्रम तभी सफल होगा जब आप विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका एवं अभिभावकों मे समन्वय स्थापित कर काम करेंगे तो ड्रॉप आउट बच्चों के नमांकन मे कोई दिक्कत नही होगी। मौके पर बीआरपी रीना कुमारी, सेवन्ती कुमारी, रोशन बाखला, विक्टोरिया एक्का, शांति देवी, सीआरपी दिनेश नंद, माताशरण कुजूर, मनुवर अंसारी, अंजली कुजूर, लीलीपुष्पा कुजूर, फा प्रेम प्रकाश इंदवार, जोसेफा टोप्पो, अरूण कुमार बाड़ा, फा फिलमोन एक्का आदि शिक्षक उपस्थित थे।

# राशन डीलरों को स्मार्ट पब्लिक वितरण प्रणाली का मिला प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड कार्यालय स्थित कौशल विकास भवन सभागार में झारखंड स्मार्ट पब्लिक डिस्टीब्यूशन सिस्टम विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में चैनपुर अनुमंडल के राशन डीलरों ने भाग लिया। प्रशिक्षक मनीष कुमार और मुर्शिद रजक ने उपस्थित सभी राशन डीलरों को स्मार्ट वितरण प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मशीनों के संचालन, राशन कार्ड धारकों का सत्यापन, डिजिटल वितरण प्रक्रिया और ऑनलाइन डाटा एंट्री के बारे में बताया। प्रशिक्षण के दौरान, मुर्शिद रजक ने राशन विक्रेताओं की खराब मशीनों को भी ठीक किया। इससे राशन डीलरों को अपनी मशीनों का सही तरीके से उपयोग करने में मदद मिली। चैनपुर, डुमरी और जारी के राशन डीलर इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित थे। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान अपनी समस्याओं और सवालों को उठाया, जिनका समाधान प्रशिक्षकों ने किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य राशन डीलरों को स्मार्ट पब्लिक वितरण प्रणाली के बारे में जानकारी देना और उन्हें अपनी मशीनों का सही तरीके से उपयोग करने में सक्षम बनाना था। इससे राशन वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी। झारखंड सरकार ने स्मार्ट पब्लिक वितरण प्रणाली को लागू करने के लिए कई कदम उठाये हैं। इस प्रणाली के माध्यम से, सरकार का उद्देश्य राशन वितरण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और कुशल बनाना है। राशन डीलरों की भूमिका इस प्रणाली में बहुत महत्वपूर्ण है। उन्हें अपनी मशीनों का सही तरीके से उपयोग करना होगा और राशन कार्ड धारकों को सही मात्रा में राशन वितरित करना होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद, राशन डीलरों को अपनी मशीनों का उपयोग करके स्मार्ट पब्लिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरित करना होगा। इससे राशन वितरण प्रक्रिया में सुधार होगा और लोगों को सही मात्रा में राशन मिलेगा।

# योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचायें : सुखदेव भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला समाहरणालय स्थित सभागार में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधायक प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, जिला परिषद अध्यक्ष, मुखिया, प्रखंड प्रमुख सहित समिति के सदस्य और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत पिछली बैठक की कार्रवाई की समीक्षा से हुई। जिसके बाद जिले में संचालित विकासात्मक और जनकल्याणकारी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गयी। सांसद श्री भगत ने कहा कि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे, इसके लिए सभी विभाग गंभीरता से कार्य करें। गर्मी की प्रचंडता को देखते हुए सांसद ने पेयजल विभाग को निर्देश दिया कि हर घर में नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। खराब हैंडपंप और मोटरों की तत्काल मरम्मत कराने का आदेश भी उन्होंने दिया। महिला सशक्तिकरण की सराहना करते हुए श्री भगत ने जेएसएलपीएस के अंतर्गत महिलाओं द्वारा रागी और मकई के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह ग्रामीण महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने का अच्छा संकेत है। साथ ही उन्होंने सामाजिक कुरीतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए गांवों में डायन प्रथा, संपदर्श जैसी कुरीतियों और पारंपरिक प्रसव पद्धतियों के प्रति नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता फैलाने का सुझाव दिया। उन्होंने जन सरोकार से जुड़े मुद्दे यथा स्वास्थ्य, सड़क, नाली से संबंधित मुद्दे भी उठाये। श्री भगत ने इन पर त्वरित जांच कर उचित कार्रवाई का निर्देश भी दिया। वहीं सांसद श्री भगत ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को सरकार की योजनाओं की वास्तविक स्थिति जानने के लिए स्थलों पर जाकर जांच करने का भी निर्देश दिया। आज की इस बैठक में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक शंभु कुमार सिंह, उपविकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, आइटीडीए निदेशक रीना हांसदा, जिला वन पदाधिकारी बेलाल अहमद, सिविल सर्जन समेत पंचायत स्तर के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## रायडीह में स्कूल रुआर कार्यशाला संपन्न



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** बुधवार को बनवारी लाल राजकीय मध्य विद्यालय पतराटोली के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी रायडीह की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय रुआर 2025 की कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें सभी विभागों के पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि एवं सभी विद्यालयों के प्रभारी प्रधान अध्यापक उपस्थित हुए। इसके अतिरिक्त स्वयंसेवी संस्था सिनी पीरामल फाउंडेशन के भी प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत के साथ एवं दीप प्रज्वलन करके की गयी। सभी संकुल सचिवों के द्वारा कार्यक्रम की महत्व एवं इस संबंध में जानकारी दी गयी। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अभिजीत सेन के द्वारा कार्यक्रम के तहत नव नामांकित एवं छूटे हुए बच्चों की सूची सभी के साथ साझा करते हुए कहा गया कि इन्हें विद्यालय में पुन नामांकित करते हुए राज्य के द्वारा दिये गये लिंक में इसे भरा जाना है। साथ ही सभी विद्यालयों में इस कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन जो गतिविधि की जानी है उसके संबंधित फोटोग्राफ एवं वीडियो बनाते हुए विद्यालय में कार्यक्रम संबंधी एक पुस्तिका में भी संधारण किया जायेगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सभी विद्यालयों को इस कायक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेने हेतु निर्देश दिया गया एवं सभी विद्यालयों में बच्चों को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें पुस्तकों को पढ़ने पर विशेष जोर देने की बात कही गयी।

## लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान ने जागरूकता रैली का आयोजन किया



**जारी (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के नेतृत्व मे बुधवार को जारी प्रखंड अन्तर्गत राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय जारी के बच्चों एवं शिक्षको के द्वारा जागरूक रैली का आयोजन किया गया। रैली स्कूल से शुरू होकर जारी बस्ती के गली गली मे घूम घूमकर जागरूक किया। रैली मे बच्चों के द्वारा श्रम मुक्त भारत, हर बच्चा स्कूल जाये और बचपन को न छिने उन्हें पढ़ने दे जैसे नारा लगाये। वहीं मौके पर उपस्थित लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के सीएसडब्लू नीलम बेक ने कहा कि बाल श्रम बच्चों का अधिकारों का उलघंन है और इसे समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। मौके पर शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित थे।

# विजन फाइनेंशियल टूर एंड ट्रैवल सॉल्यूशन का कार्यालय खुला

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड के गुमला में पहली बार विजन फाइनेंशियल टूर एंड ट्रैवल सॉल्यूशन और बामुसु फाइन सिल्वर ज्वेलरी का गुमला में कार्यालय खुला। मौके पर झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, लायंस क्लब गुमला के पूर्व अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया, योगेंद्र प्रसाद साहू, सुरेश सिंह, ब्रांच मैनेजर महिंद्रा फाइनेंस गुमला के मनीष चंद्र नंदा, विशाल कुमार बिट्ठू, अधिवक्ता सोहेब आलम, अजय कुमार, एंथोनी लकड़ा, डॉ संदीप सोलोमन, जय मंती एक्का, आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। मौके पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि गुमला में पहली बार ऐसी सुविधा उपलब्ध हो रही है, जिसके कारण से हवाई यात्रा बस यात्रा ट्रेन यात्रा की सुविधा आपको बड़ी आसानी से उपलब्ध हो जायेगी। देश-विदेश की यात्रा भी उचित मूल्य पर आपको उपलब्ध होगी। वही गुमला नगर में पहली बार फाइन सिल्वर ज्वेलरी का शोरूम ओपन हुआ है वामुसु फाइन सिल्वर ज्वेलरी से गुमला नगर वासियों को काफी लाभ मिलेगा। मौके पर विजन फाइनेंशियल टूर एंड ट्रैवल सॉल्यूशन और वामुसु फाइंन सिल्वर ज्वेलरी के गुमला के हेड हेमंत कुमार ने बताया कि गुमला में पहली बार टूर एंड ट्रेवल्स सॉल्यूशन का ब्रांच ओपन हुआ है। अब इस ऑफिस पर आकर भारत और कहीं पर भी अंतर्राष्ट्रीय देश-विदेश का गुमला सहित झारखंड के लोग टूर कर सकते हैं।

## स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिसई थाना क्षेत्र के छारदा रोड में स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार करंज थाना क्षेत्र के अंबेरा गांव निवासी 37 वर्षीय जीतवाहन उरांव पिता जगन्नाथ उरांव और महतो उरांव की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मंगलवार की रात गरीब 9 बजे दोनों एक बाइक में सवार होकर सिसई के छारदा रोड केक खरीदने गये थे। वहीं केक खरीदने के बाद सड़क के किनारे अपनी बाइक में बैठे और घर की ओर जाने ही वाले थे तभी पीछे से एक स्कॉर्पियो दोनों को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद घटना स्थल पर ही जीत वाहन उरांव की मौत हो गयी। बाइक के पीछे बैठा महतो गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को रेफरल अस्पताल से ले जाया गया जहां डॉक्टर ने जांच कर जीत वाहन उरांव को मृत घोषित कर दिया।

# रूआर कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था में सुधार करना है : बीपीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के मिडिल स्कूल सभागार में स्कूल रूआर 2025 प्रखंड स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीपीओ पुष्पा टोप्पो, मुखिया चांदनी उरांव, अग्नि उरांव और अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ किया। वही बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था में सुधार, बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और समुदाय की भागीदारी को सशक्त बनाना है। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि स्कूल रूआर जैसी योजनाएं ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था में नवाचार और गुणवत्ता लाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। हमें हर बच्चे तक शिक्षा पहुंचाने की दिशा में मिलकर प्रयास करना होगा कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न गतिविधियों और प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से उपस्थित शिक्षकों को कार्यक्रम की कार्ययोजना, क्रियान्वयन की रणनीति और बच्चों की सीखने की स्थिति में सुधार लाने के उपायों की जानकारी दी गयी। वही कई बच्चों के बीच सरकार द्वारा दी गयी स्कूल बैग और किताब वितरण अतिथियों द्वारा की गयी। साथ ही बच्चों को फूल देकर स्कूल प्रत्येक दिन आने के लिए प्रोत्साहित किया गया। मौके पर शिक्षक संतोष कुमार, सदय प्रताप जायसवाल, मनोज तिवारी, रोहित खेश, अनुप भारती, संजय सिंह, विजय साहू, अनिमा रानी टोप्पो, बबीता कुमारी, सीमा रानी सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

## जारी पुलिस ने हड़िया को किया नष्ट



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी पुलिस ने सीसी करमटोली गांव के समीप अवैध रूप से बेच रहे हड़िया को नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी आदित्य कुमार के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने अवैध हड़िया पर छापेमारी की। हालांकि पुलिस आने के भनक लगते ही ग्राहक भाग निकले। साथ ही थाना प्रभारी ने बताया कि करीब 1 से 2 डेचकी हड़िया को नष्ट कर दिया गया। वही विक्रेता को हिदायद देते हुए छोड़ दिया गया। साथ ही अगले बार पकड़े जाने के बाद कानूनी करवाई होगी। वही जीवन यापन की लिए सरकार के द्वारा एक से बढ़कर एक कल्याणकारी योजना चलाया जा रहा है। उसका लाभ लेकर परिवार का भरण पोषण करे। आये दिन नशे के चपेट नवयुवक लोग आए दिन आ रहे है। साथ कि क्राइम भी नशे का कारण ही बढ़ता है। इसलिए अपने बच्चों को बढ़िया शिक्षा दे।


## स्पोर्ट्स



लखनऊ टीम के कैप्टन ऋषभ पंत 29 अप्रैल और उनकी आधी टीम विदेशी मूल के खिलाड़ी 28 अप्रैल को धर्मशाला पहुंच चुके हैं।

# आज धर्मशाला पंहुचेंगी पंजाब और लखनऊ की टीम

आजाद सिपाही संवाददाता



**धर्मशाला।** एचपीसीए के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में चार मई को होने वाले पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जांयटस के मुकाबले के लिए दोनों ही टीमें गुरुवार को धर्मशाला पहुंच जायेंगी। मेजबान पंजाब की टीम कोच रिकी पोंटिंग सहित कैप्टन श्रेयस अय्यर की अगुवाई में धर्मशाला पहुंचेगी। वहीं लखनऊ की टीम मुख्य कोच जहीर खान की अगुवाई में धर्मशाला पहुंचेगी। इसमें अहम है कि लखनऊ टीम के कैप्टन ऋषभ पंत 29 अप्रैल और उनकी आधी टीम विदेशी मूल के खिलाड़ी 28 अप्रैल को धर्मशाला पहुंच चुके हैं, जोकि धौलाधार की वादियों में घूमने फिरने का आंनद ले रहे हैं।

वहीं, धर्मशाला के गगल एयरपोर्ट पर पंजाब और लखनऊ की टीम दोपहर दो बजकर 40 मिनट पर लैंड करेगी। दोनों ही टीमें एचपीसीए के कंडी स्थित होटल रेडिसन ब्लू में ठहरेंगी। इसके बाद दो व तीन मई को शाम छह से लेकर देर रात नौ बजे तक दोनों ही टीमों के प्रैक्टिस सेशन होंगे। आइपीएल के 18वें सीजन में अब तक दोनों ही टीमों का प्रदर्शन बेहतरीन चल रहा है। दोनों ही टीमों को दो व तीन मई को शाम छह से नौ बजे तक अभ्यास सत्र आयोजित किया जायेगा।

गौरतलब हो कि धर्मशाला में दोनों ही टीमें चार मई को खेले जाने वाले मैच के लिए शाम साढ़े सात बजे से आमने-सामने होंगी।

उधर, एचपीसीए के महासचिव अवनीश परमार ने बताया कि दोनों ही टीमें गुरूवार को धर्मशाला पहुंच जाएगी। उन्होंने बताया कि लखनऊ टीम के कैप्टन ऋषभ पंत व कुछ खिलाड़ी पहले ही धर्मशाला में पहुंच चुके हैं। परमार ने बताया कि अभ्यास सत्र को लेकर भी शैडयूल बनाया गया है, जिसके तहत टीमें अभ्यास करेंगी।

पंजाब की टीम होम ग्राउंड धर्मशाला में खेलेगी तीन मैच

पंजाब किंग्स की टीम अपने दूसरे होम ग्राउंड धर्मशाला में इस सीजन के तीन मैच खेलेगी। इस दौरान पंजाब किंग्स का पहला मुकाबला चार मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ होगा। इसके बाद आठ मई को दूसरे मैच में पंजाब की भिड़ंत दिल्ली कैपिटल्स के साथ होगी। जबकि पंजाब अपना तीसरा मैच मुंबई इंडियंस की टीम के साथ खेलेगा।


## सवारी वाहन के पलटने से 12 लोग घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट थाना क्षेत्र के करईलकोचा ढलान में सवारी वाहन के पलटने से वाहन में सवार एक दर्जन लोग घायल हो गये। घटना बुधवार की शाम 7:00 की है। तत्काल सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पालकोट ले जाया गया। जहां से चार लोगों को इलाज के लिए गुमला रेफर किया गया। गंभीर रूप से घायलों में पालकोट खरपानी निवासी जितेंद्र सिंह दुर्गा सिंह पारस सिंह और गुडु बेरा निवासी दुर्गा सिंह शामिल है। चारों घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है अन्य घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पालकोट में इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक खर पानी गांव से सवारी वाहन में करीब 20 लोग सवार होकर बिरकेरा गांव बहुरता कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे तभी करईलकोचा ढलान में गाड़ी का ब्रेक फेल हो गया और सवारी वाहन सड़क पर ही पलट गया। जिससे एक दर्जन लोग घायल हो गये।

## आदर में सांप के काटने से युवक की मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के आदर गांव में सांप के काटने से किशोर प्रयाग महतो की मौत हो गयी। जिसके बाद गांव में अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि मंगलवार को प्रात: 3 बजे घर में सभी कोई जमीन पर सो रहे थे। इस क्रम में प्रयाग महतो को कराइत सांप ने हाथ में काट लिया। जिसके बाद उक्त सांप अन्य सोये लोगों के उपर से पार हो रहा था। जहां लोगों को आभास हुआ कि शरीर पर कुछ चल रहा है। जिसके बाद आंख खोलकर देखे तो सांप था। हल्ला किये तो घर में सोये सभी लोग उठ गये। इसके बाद प्रयाग ने हाथ में सांप के काटने की जानकारी परिजनों को दी। वही आनन फानन में उसे गुमला हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स में पहुंचने पर चिकित्सक ने प्रयाग महतो को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि सांप की प्रजाति में कराइत बहुत ही जहरीला होता है।

## आइसीएसइ 10वीं में नायरा बनी स्कूल टॉपर




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आइसीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा बुधवार को प्रकाशित हुई, जिसमें गोल के कई छात्रों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाकर अपने मां-पिता के साथ ही गोल संस्थान एवं शिक्षकों का सम्मान बढ़ाया। विदित हो कि नायरा मोइन 97.6 फीसदी के साथ डिनोबली स्कूल, भूली की टॉपर रही। जबकि अन्य छात्रों में पल्लवी (94.3 फीसदी), काव्या (93.7 फीसदी), और कुणाल (87 फीसदी) आदि शामिल है। सभी सफल छात्रों को गोल संस्थान धनबाद के केन्द्र निदेशक संजय आनन्द ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## आर्ट ऑफ लिविंग को मिला ग्लोबल सीएसआर और इएसजी में बेस्ट एनजीओ ऑफ द ईयर का सम्मान



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सीमावर्ती गांवों में जमीनी स्तर पर कार्य, जेल बंदियों के कौशल आधारित पुनर्वास और विद्यालयों के समग्र रूपांतरण के क्षेत्र में आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से किए गए व्यापक प्रयासों को मान्यता देते हुए संस्था को प्रतिष्ठित ग्लोबल सीएसआर और इएसजी अवाड्र्स में बेस्ट एनजीओ ऑफ द ईयर 2025 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार ब्रांड हॉनचोस और इंडियन सीएसआर अवाड्र्स की ओर से नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में दिया गया। जहां सीएसआर सततता और इएसजी (पर्यावरणीय, सामाजिक और प्रशासनिक) क्षेत्रों में क्रांतिकारी विचारों और परिवर्तनकारी कार्यों को उजागर किया गया। बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर संस्था के झारखंड मीडिया प्रभारी अजय मुखर्जी ने जानकारी दी। बतातें चलें कि आर्ट ऑफ लिनिंग 180 से अधिक देशों में कार्य कर रहा है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जब हमने गांवों में अपने कार्यक्रम किए, तो उनसे पूछा कि उनके लिए क्या कर सकते हैं। तक किसी ने पानी,किसी ने शिक्षा, तो किसी ने रोजगार की मांग की। वहीं से समाजसेवा शुरू की। यह पुरस्कार सभी हितधारकों, दाताओं, सामुदायिक नेताओं और उन समुदायों के सदस्यों के सहयोग से संभव हो पाया है, जिनकी हम सेवा कर रहे हैं। द आर्ट ऑफ लिविंग सोशल प्रोजेक्ट्स के चेयरमैन श्री प्रसन्ना प्रभु ने साझा बताया कि गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की प्रेरणा और मार्गदर्शन में, हम एक ऐसे भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां मानव मूल्य और विकास साथ-साथ चलते हैं।

## 99 ग्रुप ऑफ कंपनीज ने अपने विभिन्न प्रोजेक्ट्स में भव्य मंदिर निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अक्षय तृतीया के अवसर पर ग्राहकों की सुविधा के लिए 99 ग्रुप ऑफ कम्पनीज की ओर से गोविंदपुर स्थित सेंटोसा ग्रीन, आमाघाटा स्थित श्री कृष्ण वाटिका और एनएच पर स्थित कैलाशा में पूरे विधि विधान के साथ भव्य मंदिर निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। बतातें चलें कि 99 ग्रुप ऑफ कम्पनीज झारखंड के अलावे पश्चिम बंगाल में भी लोगों को जमीन के साथ उनके सपनों का घर बना कर देते है। इसी के तहत धनबाद के सेंटोषा ग्रीन ,कैलाशा और श्री कृष्ण वाटिका में रहने वाले लोगों के लिए भव्य मंदिर निर्माण का आज भूमि पूजन किया गया। वहीं, कैलाशा में भूमि पूजन कम्पनी के निदेशक सह सीईओ राम प्रताप सिंह, सेंटोषा ग्रीन में कम्पनी के निदेशक सह वाईस प्रेसिडेंट महेश मोदी और श्री कृष्ण वाटिका में कम्पनी के निदेशक शैलेंद्र शर्मा ने भूमिपूजन किया। कैलाशा में बारह ज्योति लिंगो का भव्य निर्माण कराया जाएगा। जबकि श्री कृष्ण वाटिका और सेंटोषा ग्रीन में भी भव्य मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। इस मौके पर सीएमडी श्याम पांडेय, महेश मोदी, आरपी सिंह, डॉ अमित रंजन, शैलेन्द्र शर्मा, राजेश तिवारी, चंद्रशेखर सिंह, भानु सोनी, सुनील शर्मा, रणधीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पिछरी में युवक की हत्या

## आक्रोशित लोगों ने किया फुसरो-जैनामोड़ सड़क जाम


मृतक विपुल मिश्रा की फाइल फोटो।


सड़क जाम कर नाराजगी जाहिर करते हत्या से आक्रोशित ग्रामीण।

### संदेह के आधार पर एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी पेटरवार पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिछरी/बेरमो।** पेटरवार थाना अंतर्गत पिछरी के कोचाकुल्ही स्थित डहरडीह में मंगलवार की देर रात टांगी से वार कर एक युवक की हत्या कर दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान पिछरी निवासी गुलचंद मिश्रा के पुत्र विपुल मिश्रा (25) के रूप में हुई है। उधर, हत्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बुधवार की सुबह छह बजे से फुसरो-जैनामोड़ मुख्य सड़क जाम कर दिया। इससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। इसकी सूचना पाकर पेटरवार थाना प्रभारी राजू मुंडा दल बाल के साथ मौके पर पहुंचे और आंदोलन कर रहे लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया। इसके बाद शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद जांच में उतरी पुलिस ने पिछरी के राज साव को नामक युवक को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। दूसरी ओर, स्थानीय लोगों की मानें तो तीन युवक रात को वहां के जंगल में एक साथ पहुंचे थे। तीनों में गहरी दोस्ती थी। हत्या किस कारण से हुई है इस कारणों का पता नहीं चल पाया है। दूसरी ओर, घटना की सूचना पाकर पेटरवार, बेरमो, कसमार और जरीडीह थानों की पुलिस घ्मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है। वहीं, खोजी कुत्ते की मदद लेने के सआथ ही फोरेंसिक टीम भी घटना स्थल से खून के धब्बे, शराब की बोतले और पानी की बोतल सहित अन्य सामान बरामद की है। वहीं, मृतक विपुल मिश्रा के परिजनों का कहना है कि मंगलवार की शाम सात बजे तीन दोस्त उसे बुलाकर ले गये थे। देर रात तक जब वह नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू की गयी। इस बीच बिरोह टांड जंगल में उसका शव रात 12 बजे बरामद हुआ।

## महुदा में रेलवे की पाइपलाइन सिफ्टिंग पर ग्रामीणों ने किया विरोध, तीन घंटे रुका काम



**महुदा (आजाद सिपाही)।** रेलवे की ओर से नई रेल लाइन बिछाने के मद्देनजर बुधवार को महुदा रेलवे कॉलोनी की ओर जा रही पानी की पाइपलाइन को स्थानांतरित करने का प्रयास किया जा रहा था। जैसे ही यह कार्य बारकी गांव के पास पहुंचा, ग्रामीणों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि इस पाइपलाइन से ही लगभग एक हजार की आबादी वाला गांव पेयजल की जरूरतों को पूरी करता है। यदि इस पाइप को अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया, तो गांव में गंभीर जल संकट उत्पन्न हो जाएगा और लोगों को पानी के लिए करीब तीन किलोमीटर दूर दामोदर नदी तक जाना पड़ेगा। उधर, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए महुदा आइओडब्ल्यू दिनेश चंद्रा मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की। ग्रामीणों की ओर से मुखिया प्रतिनिधि संतोष महतो ने कहा कि गांव के लोगों के लिए यह पानी जीवन रेखा है। रेलवे को विकास कार्यों के साथ-साथ स्थानीय जनजीवन पर भी विचार करना चाहिए। इस मुद्दे पर दिनेश चंद्रा ने बताया कि पाइपलाइन स्थानांतरण का कार्य वरीय अधिकारियों के निर्देश पर हो रहा है। यदि पानी की समस्या है तो ग्रामीण आद्रा मंडल रेल प्रबंधक से मिलकर समाधान की पहल करें। ग्रामीणों की आपत्ति के चलते लगभग तीन घंटे तक कार्य बाधित रहा। बाद में मुखिया प्रतिनिधि संतोष महतो ने सभी ग्रामीणों से विचार-विमर्श कर डी.आर.एम से मिलने का निर्णय लिया, जिसके बाद काम दोबारा शुरू किया गया।

## राजगंज डिग्री कॉलेज में सचिव की मौजूदगी में चले थप्पड़, धक्का-मुक्की

**राजगंज (आजाद सिपाही)।** डिग्री कॉलेज में बुधवार को उस समय बवाल काटा गया जब एक पक्ष की ओर से जबरन डॉ रासु चंद्र महतो को वर्तमान प्राचार्य के सेवानिवृत होने के बाद प्रभारी प्राचार्य बनाने का प्रयास किया गया। जिसका विरोध दूसरे पक्ष ने किया। इस दौरान जमकर बहसबाजी होने से साथ ही धक्का मुक्की और थप्पड़ भी चले। दूसरे पक्ष की ओर से बताया जा रहा है कि वर्तमान प्राचार्ज डॉक्टर पी कुमार बुधवार को सेवानिवृत हो रहे हैं। इसके बाद कॉलेज की शाषी निकाय द्वारा जीवाधन महतो को अस्थाई तौर पर प्रभारी प्राचार्य बनाने की अनुशंसा की गई है। वहीं, कॉलेज के सचिव द्वारा जबरन रासु चंद्र महतो को फूल माला पहनाकर प्राचार्य की कुर्सी पर बैठा दिया गया है। उधर, स्थिति बिगड़ते देख राजगंज थाने को सूचित किया गया। खबर पाते ही थाना प्रभारी अलीशा कुमारी दलबल के साथ कॉलेज पहुंची और दोनों पक्षों की बात सुनते हुए स्थिति को सामान्य किया। उन्होंने तत्काल प्राचार्य कक्ष को बंद कर उसकी चाबी कॉलेज के वरीय शिक्षक को सौंप दी। कहा कि कॉलेज के साशी निकाय की बैठक के बाद जो निर्णय होगा वहीं प्रभारी प्राचार्य बनाया जायेगा।

## फुसरो में अभिनेता रजा मुराद का लोगों ने किया सम्मान




**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बॉलीवुड में 250 से अधिक फिल्मों में काम कर चुके अभिनेता रजा मुराद बुधवार को फुसरो पहुंचे थे। जिनका बोकारो चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सचिव मंजूर हुसैन उर्फ जीया एवं मो इलियास के नेतृत्व में उनके फुसरो आवास में स्वागत किया गया। वहां, रजा मुराद ने पत्रकारो से भी बातचीत की। कहा कि वे रांची से बोकारो किसी नीजि समारोह में भाग लेने गए थे। इसके बाद परिचित होने के कारण मंजूर हुसैन उर्फ जीया एवं मो इलियास हुसैन के पास फुसरो आना हुआ। कहा कि फिल्म समाज में बदलाव लाती हैं। इनको सकारात्मक के रूप के देखना चाहिए।

### सीसीएल के सीएमडी ने किया कथारा क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण

## लंबी अवधि की योजना, कोयला खरीदारों की संतुष्टि सहित हर स्तर पर किया जा रहा कार्यः नीलेंदु सिंह

विजय कुमार सिंह


सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह का स्वागत करते सहयोगी।

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिस गुणवात्ता का कोयला खरीदारों को निर्यात हो, उस ग्रेड का पैसा मिले। खरीदारों की विश्वसनीयता ना सिर्फ बरकरार रहे, बल्कि प्रगाढता और भी बढ़े। सीसीएल का वर्तमान ही नहीं, बल्कि भविष्य के लक्ष्य भी निर्बाध गति से प्राप्त हो। इसी सोच के मद्देनजर कार्य योजना बनाकर काम किया जा रहा है। उक्त बातें सीसीएल के सीएमड़ी नीलेंदु कुमार सिंह ने कही। वे सीसीएल कथारा क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण करने कथारा पहुंचे थे। उन्होंने क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्यों से मुलाकात के दौरान बातचीत में सीसीएल की योजनाओं और उनके क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से सभी चीजों को रख रहे थे। कहा कि यह संतोष की बात है कि विपरीत परिस्थिति (गत वित्तीय वर्ष अत्यधिक बारिश) में भी लक्ष्य की प्राप्ति कठिन प्रयास के बावजूद नहीं हो सकी, लेकिन अबतक का सर्वाधिक उत्पादन होने का कार्य जरूर हुआ है। उन्होंने कहा कि गत वित्तीय वर्ष की अपेक्षा संप्रेशन के कार्य में भी करीब 12 प्रतिशत का जुड़ाव करते हुए इसे 96 प्रतिशत तक पहुंचाया गया है। वहीं, कोयला खरीदारों को जिस गुणवात्ता का कोयला भेजा गया है उनका भुगतान भी उसी गुणवत्ता के कोयले के रूप में हुआ। जबकि पूर्व में इस मामले में ऐसा पूरी तरह नहीं हो पाता था। इस स्तर पर भी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि कोयला खरीदारों द्वारा जितनी मांग की गई उसकी ना सिर्फ पूर्ति हुई, बल्कि उसमें बढ़ोतरी होने से यह बात भी सरलता से समझी जा सकती है कि खरीदारों में विश्वसनीयता बरकरार रखने के साथ प्रगाढता भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि भविष्य में जिन चीजों की जरूरत होगी, मशलन कार्यपूर्जे अथवा मोटर्स। उसके लिए ऐसी योजना और रूपरेखा बनाई जा रही है कि समय और सुगमता से उतनी सामग्री उपलब्ध हो जाए जितनी जरूरत हो। इस दौरान सीएमडी ने बरकाखाना रिपयेर शाप और कथारा के आरआर शाप को भी प्रभावशाली स्वरूप में मजबूती देने की की बात कही। बतातें चलें कि सीएमड़ी के रूप में एक वर्ष पूरा होने पर सभी ने उन्हें शुभकामनायें भी दी। इस मौके पर क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार, एसीसी सदस्य विजय कुमार सिंह, कामोद प्रसाद, शमसूल हक आदि उपस्थित थे।

## धनबाद एसीबी ने गोमिया शिक्षा विभाग के लेखपाल को 3500 घूस लेते रंगेहाथ दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता



**ललपनिया/बेरमो।** गोमिया प्रखंड के शिक्षा विभाग के लेखपाल होरिल प्रजापति ने को धनबाद एसीबी की टीम ने बुधवार को 3500 रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पता चला है कि गोमिया स्थित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के कार्यालय में कार्यरत लेखपाल होरिल प्रजापति ने एक पारा शिक्षक जय नारायण रविदास से 3500 रुपए मांगे थे। वह जैसे ही पैसे ले रहा था तभी एसीबी की टीम ने रंगे हाथ पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार उक्त लेखापाल पारा शिक्षक से उपस्थिति पंजी में सुधार के लिए रिश्वत की मांग की थी। जिससे परेशान उक्त पारा शिक्षक ने धनबाद एसीबी को इसकी सूचना दे दी थी। इस आलोक में एसीबी धनबाद की टीम ने लेखपाल होरिल प्रजापति को पकड़ने के लिए जाल बिछाया और उसे रिश्वत लेते रंगे के हाथ पकड़ भी लिया और उसे अपने साथ धनबाद लेकर चली गयी। उधर, एसीबी की इस कार्रवाई से पूरे प्रखंड कार्यालय में खलबली मच गई।

## बेहतर स्वास्थ्य सुविधा से होगा स्वस्थ समाज का निर्माण : पार्वती

आजाद सिपाही संवाददाता



**ललपनिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत के ढेंढे गांव में नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन मुखिया पार्वती देवी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी बलराम मुखी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर फैसिलिटी हेल्थ मैनेजर रवि कांत पटेल, सीएचओ रिंकी कुमारी, एएनएम नमिता कुमारी, बीडीएम मो तौफीक आलम, प्रखंड लेखा पदाधिकारी गौतम कुमार आदि उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद मुखिया ने उपस्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण भी किया। अपने संबोधन में मुखिया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य की सुविधा से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। पंचायत क्षेत्र में स्वास्थ्य उप केंद्र के खुलने से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा को लेकर सरकार कृतसंकल्पित है। झारखंड सरकार को गरीब, किसान और मजदूरों की चिंता है, जिसका लाभ सभी मिल जुलकर उठाएं। ग्रामीण इलाकों में उप स्वास्थ्य केंद्र का होना जरूरी है, जहां मरीजों का मुफ्त इलाज होगा। बताया कि राज्य सरकार की ओर से केंद्र अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सा व्यवस्था बेहतर की जा रही है। साथ ही केंद्र में कार्यरत सभी कर्मियों को हिदायत देते हुए कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मी ईमानदारी से सेवा दें, ताकि मरीजों का इलाज ठीक ढंग से हो सके। वहीं, चिकित्सा प्रभारी बलराम मुखी ने कहा कि इस होसिर पश्चिम पंचायत में उपस्वास्थ्य केंद्र एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर प्रतिदिन खुला रहे। यह सुनिश्चित करें और ध्यान रखें कि केंद्र पर इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीज बिना इलाज और दवा के नहीं लौटें। इस मौके पर हेल्थ वर्कर सुजीत कुमार, सहिया गुड़िया देवी आदि मौजूद थे।


**झारखण्ड सरकार**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग।**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं० :– RCD/HAZARIBAG/343/2025-26 दिनांक :–30.04.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | वित्तीय वर्ष 2025–26 में पथ प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत "जीहूँ–ईटखोरी पथ के पहले कि.मी. में अवस्थित अरार नाला परउच्चस्तरीय पुल निर्माण (पहुँच पथ निर्माणसहित) कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू. 1,79,32,900.00 (एक करोड़ उनासी लाख बत्तीस हजार नौ सौ रूपये मात्र) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 07.05.2025 10:30 AM |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 20.05.2025 12:00 Noon |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 21.05.2025 12:30 PM |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 8709320541 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :–
http://jharkhandtenders.gov.in
E-mail ID : eercdhazari-jhr@nic.in
Tel. No. – 06546-225818

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,
हजारीबाग।

PR 351477 (Road) 25-26 (D)



An ISO 9001:2015 certified
**Jharkhand Education Project Council, Ranchi**

**Notice Inviting "Expression of Interest" from Chartered Accountant Firm**

Expression of Interest is invited from the C& AG empanelled Chartered Accountant firms having branch/head office in Jharkhand and at least five years of experience with sufficient number of audit staff, for short listing to engage as Statutory Auditor for Samagra Shiksha, PM SHRI and PM JANMAN programme (including State project office, District level Offices, Block Resource Centers, Jharkhand Balika Awasiya Vidyalaya, Kasturba Gandhi Balika Awasiya Vidyalaya, NSCAB, DIET, JCERT and School Management Committee) being implemented by Jharkhand Education Project Council, Ranchi. The prescribed application formats annexure 'A', Terms of Reference as annexure 'B' and self-certified format as annexure 'C' is available in our official website **www.jepc.jharkhand.gov.in**.

Expression of Interest in prescribed format is to be submitted to the State Project Director, Jharkhand Education Project Council, JSCA Stadium Road, Jagannathpur, Sector -3, Dhurwa Ranchi-834004 through Registered /Speed Post only upto 30th May, 2025. Expression of Interest received after prescribed due date and time or incomplete format or with conditional offer, by hand and through courier delivery will not be entertained / accepted.

Furnishing of required information of annexure 'A' & 'C' is mandatory

Sd/-
**State Project Director,**
**Jharkhand Education Project Council, Ranchi**
**Ranchi/Dated: 28.04.2025**

**Letter No. : AUD/02/468/2024/1587**
PR 351412 Jharkhand Education Project Council (25-26)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।**

**अल्पकालिन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 07/2025-26**

1- विज्ञापन दाता का नाम – कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
2- परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय–15-05-2025 को अप० 12.00 बजे तक।
3- निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय– 16-05-2025 के अप० 2.30 बजे तक।
4- निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 16-05-2025 के अप० 3.00 बजे से।
5- परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान – (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2, राँची का कार्यालय। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा।
6- निविदा प्राप्ति का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
7- कार्य विवरणी :–

| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supply, Installation, Testing and Commissioning of Fruits Storage Cold Room Solar Powered at Rural Haats Targa Bansjor block in Simdega distt. | 19,66,800.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 02 (Two) Months |
| 2 | Supply, Installation, Testing and Commissioning of Fruits Storage Cold Room Solar Powered at Rural Haats Bolba block in Simdega distt. | 19,66,800.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 02 (Two) Months |
| 3 | Supply, Installation, Testing and Commissioning of Fruits Storage Cold Room Solar Powered at Rural Haats Kinkel Kersai block in Simdega distt. | 19,66,800.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 02 (Two) Months |
| 4 | Supply, Installation, Testing and Commissioning of Fruits Storage Cold Room Solar Powered at Rural Haats Thethaitangar block in Simdega distt. | 19,66,800.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 02 (Two) Months |
| 5 | Supply, Installation, Testing and Commissioning of Fruits Storage Cold Room Solar Powered at Rural Haats Pakartanr block in Simdega distt. | 19,66,800.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 02 (Two) Months |

निविदा की शर्तें– **WWW.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा।

PR 351417 (Simdega) 25-26 (D)

# मधुस्थली विद्यापीठ के छात्रों ने बोर्ड की परीक्षा में लहराया सफलता का परचम

आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** मधुपुर मधुस्थली विद्यापीठ के छात्रों ने आइसीएसइ 10वीं और आइएससी 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। दसवीं की परीक्षा में बेटियों का जलवा आइसीएसइ बोर्ड की परीक्षा में विद्यालय की छात्राओं ने विशेष उत्कृष्टता दिखायी है।

प्रथम स्थान पर रही ज्ञान प्रभा ने 96.2% अंक प्राप्त किया, जबकि शिवांगी सिंह 95.8 % अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रही। नारायणी ने 93.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों में भी प्रदर्शन सराहनीय रहा। शौर्य दीप ने 92.2%, शौर्य संथालिया ने 91.8% और प्रतिभा मोदी ने 91% अंक अर्जित कर विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया।




बारहवीं के विद्यार्थियों ने भी किया कमाल आइएससी बोर्ड की परीक्षा में भी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। विज्ञान संकाय में शिफा शौकत ने 85.5% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। सरिया हमीद 82.8% अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। निशा कुमारी ने 81.5% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। वाणिज्य संकाय में अर्पित मोदी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 95% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इकरा मजीद 94.8% अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। कला संकाय में नीतीश बालाजी ने 94.5% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुभाश्री गोस्वामी ने 90.3% अंक प्राप्त किया। शानदार परीक्षाफल से विद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का माहौल है। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन किशन केजरीवाल केजरीवाल ने सफल छात्रों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

## मारवाड़ी महिला समिति मधुपुर ने चालित पनशाला का किया आयोजन



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के रामजश रोड स्थित निजी आवसीय परिसर में बुधवार को अक्षय तृतीय के उपलक्ष्य में चालित पनशाला का आयोजन किया। इसमें मारवाड़ी महिला समिति के सदस्यों ने आने-जाने वाले राहगीरों के बीच तरबूज, तरबूजा, केला, खीरा, चना गुड, जूस, शरबत और सत्तू का वितरण किया गया। साथ ही बच्चों के बीच पेय पदार्थ फ्रूटी भी बांटी गयी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति की अध्यक्ष रीना खेरिया, सचिव शालिनी गुटगुटिया, समाजसेवी शबाना खातून, मारवाड़ी महिला समिति की अनुषा डालमिया,लीला मोदी, मीता गुटगुटिया,रूपा गुटगुटिया, बबीता भोपालपुरिया, कविता अग्रवाल, लक्ष्मी कनोदिया, विनीता खेरिया, मीनू डालमिया, रश्मि लछिरामका और मेघा वैद्य, लीला मोदी भी उपस्थित थीं। बता दें कि कि गर्मी के आने के साथ ही मारवाड़ी महिला समिति हर साल इस तरह का आयोजन करती आ रही है। समिति काफी दिनों से इसी स्थान पर ठंडा पानी और शरबत राहगीरों के बीच बांटती आ रही है।

## शहरी स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों और गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच




**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** पनाहकोला रोड स्थित रेडक्रॉस सोसाइटी कैंपस में चल रहे शहरी स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य देखभाल के उद्देश्य से स्वास्थ जांच शिविर लगाया जाता है। इसमें देवघर से आयी स्त्री प्रस्तुति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर भारती सिंह ने गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की। प्रत्येक बुधवार को महिलाओं का मुफ्त इलाज के साथ-साथ दवाएं भी मुफ्त दी जाती हैं। गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं दी। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर महिलाओं का ब्लड प्रेशर, हिमोग्लोबिन, वजन, शुगर की जांच की गयी। उन्हें खानापान एवं सरकार की निःशुल्क सेवा के बारे में बताया गया। इस 20 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गयी। इसके अलावा सामान्य मरीजों का जांच की गयी। चिकित्सक डॉ भारती सिंह ने गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य परिक्षण के प्रति सचेत रहने की सलाह दी। मौके पर नीरज कुमार यादव, एएनएम एलिजा बैथ किस्कू, चांदनी कुमारी, मरियम मरांडी, शैखर कुमार समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।


































































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**